राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

**आज का दिन**

इस तारीख को जापान के लोग कभी नहीं भूल पाते। दरअसल जापान 15 जून 1896 को भूकंप के बाद इतिहास की सबसे विनाशकारी सुनामी का सामना कर चुका है। सानरिकू तट पर आई इस सुनामी में करीब 22,000 लोगों की मौत हो गई थी। इस सुनामी की लहरें 80 फीट से 125 फीट ऊंची थीं। जब ये तट से टकराई, तो इनके रास्ते में जो भी आया, वो तबाह हो गया। गांव के गांव नष्ट हो गए।

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 342 | रांची, शनिवार, 15 जून 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com

हजारीबाग सर्राफा

सोना (बिक्री) ₹ 6,780.00 प्रति ग्राम

चांदी ₹ 95.00 प्रति ग्राम

पहले शोरूम के रूप में स्थापित हजारीबाग शहर का गौरव

देश हित के लिए मतदान अवश्य करें!

अक्षय तृतीया मेकिंग चार्जेज फ्लैट 10%

4 दशकों से निरंतर सेवा में

अनूठे विश्वास और आईने की सच्चाई के साथ

DIAMOND, GOLD, SILVER 100% शुद्धता के साथ

A House of Traditional Trust

SRI ALANKAR JEWELLERS

MALVIYA MARG, HAZARIBAG, Mob. : 9934943065

सप्तगिरि आई.टी.आई.

भारत सरकार N.C.V.T नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त

ट्रेड- मैकेनिकल डीजल, फिटर, इलेक्ट्रीशियन

• Wi-Fi Campus
• CCTV Camera
• Campus Selection
• Scholarship Facility

नामांकन प्रारंभ सत्र- 2024-26

Hostel Facility Available

सिन्दुर, महेन्द्र कॉलोनी, हजारीबाग

9470333159

9608881460

Email: saptagiri.hzb@gmail.com

# जी-7 शिखर सम्मेलन : प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और यूक्रेन के राष्ट्रपति से की वार्ता

## मोदी ने भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

नई दिल्ली, उज्ज्वल दुनिया सं



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर अपुलिया में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता की।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया, मेरे मित्र राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बहुत बढ़िया मुलाकात हुई। एक साल में यह हमारी चौथी मुलाकात है, जो इस बात को दशार्ता है कि हम भारत-फ्रांस के मजबूत संबंधों को कितनी प्राथमिकता देते हैं। हमारी बातचीत में रक्षा, सुरक्षा, तकनीक, एआई, ब्लू इकॉनमी और कई अन्य विषयों पर चर्चा हुई। हमने इस बात पर भी चर्चा की कि युवाओं में नवाचार और शोध को कैसे प्रोत्साहित किया जाए। मैंने उन्हें अगले महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक की मेजबानी के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक अन्य पोस्ट में कहा, इटली में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलकर बहुत खुशी हुई। मैंने एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने की बहुत गुंजाइश है। हमने रक्षा क्षेत्र में संबंधों को और मजबूत करने के बारे में भी बात की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि भारत-यूक्रेन साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इटली के अपुलिया में 50वें जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की। नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और यूक्रेन की स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान को प्रोत्साहित करना जारी रखता है।

### बातचीत और कूटनीति के माध्यम से शांति की वकालत, पीएम मोदी ने जेलेंस्की के साथ की 'सार्थक बैठक'

**नई दिल्ली।** इटली के अपुलिया में जी-7 शिखर सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडोमिर जेलेंस्की से मिले। इस दौरान पीएम मोदी ने जेलेंस्की को गले लगाया।

पीएम मोदी ने वोलोडोमिर जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने भारत-यूक्रेन द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और यूक्रेन की स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ बहुत सार्थक बैठक हुई। भारत यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना चाहता है। रूस-यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष के मद्देनजर भारत मानव-केंद्रित दृष्टिकोण में विश्वास करता है। हमारा मानना है कि शांति का रास्ता बातचीत और कूटनीति से होकर गुजरता है।

## दुमका में एसएसबी जवान पर गिरी पेड़ की सूखी डाल, मौत

**दुमका।** तेज आंधी-पानी ने सशस्त्र सीमा बल यानी एसएसबी के जवान 36 वर्षीय रमेश कुमार की जान ले ली। घटना गुरुवार देर शाम को खूंटाबांध के समीप घटी, जहां सूखे पेड़ की डाली जवान पर गिर गई। उसे गंभीर हालत में मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने तत्काल धनबाद रेफर कर दिया। जामताड़ा पहुंचते ही जवान की मौत हो गई। जामताड़ा में शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर रांची भेज दिया गया। यहां से शव को एयर एंबुलेंस से पैतृक घर भेज दिया जाएगा। मृतक हिमाचल प्रदेश के चंबा का रहने वाला था।

## मुख्यमंत्री कल जमशेदपुर में फ्लाईओवर का करेंगे शिलान्यास

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन 16 जून को पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में फ्लाईओवर निर्माण का शिलान्यास करेंगे। इसको लेकर मानगो स्थित गांधी मैदान में शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## नीट विवाद- 'बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होगा': धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली।** नीट यूजी 2024 के परीक्षा परिणामों को लेकर जारी सियासत के बीच एक बार फिर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बयान दिया है।

उन्होंने परीक्षार्थियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी बच्चे के करियर के साथ खिलवाड़ नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार जो भी आवश्यक कदम उठाने होंगे, सरकार उसे पूरा करेगी।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शुक्रवार को लिखा, "एनईईटी (नीट) मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत परीक्षार्थियों के हितों को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। मैं परीक्षार्थियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि किसी भी बच्चे के करियर के साथ खिलवाड़ नहीं होगा। इस मामले से जुड़े तथ्य सर्वोच्च न्यायालय के संज्ञान में हैं। सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार जो भी आवश्यक कदम उठाने होंगे, सरकार उसे पूरा करेगी। एनईईटी की काउंसलिंग शुरू होने जा रही है और अब इस दिशा में भ्रमित हुए बिना आगे बढ़ने की आवश्यकता है।"

गुरुवार को धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षा मंत्री का पदभार संभालने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा था कि नीट-यूजी का कोई पेपर लीक नहीं हुआ है। उन्होंने छात्रों को आश्वस्त किया कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी बात कही थी।

दूसरी तरफ, शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की उस याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें कथित नीट पेपर लीक से जुड़े दिल्ली हाईकोर्ट में लंबित सभी मामलों को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने की मांग की गई थी।

# किसानों के दो लाख रुपये तक के ऋण होंगे माफः कृषि मंत्री

रांची, उज्ज्वल दुनिया सं

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल ने कहा कि किसानों के दो लाख रुपये तक के लोन माफ किये जाएंगे। 31 मार्च, 2020 तक किसानों द्वारा लिया गया 50 हजार से लेकर दो लाख तक के ऋण को वन टाईम सेंटलमेंट के माध्यम से माफ किया जाएगा। इसके लिये सभी बैंकों से प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है।

बादल शुक्रवार को नेपाल हाउस स्थित सभागार में राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के पदाधिकारियों के साथ केसीसी लोन सहित कृषि कार्य के लिए किसानों के जरिये लिए गये ऋण की माफी योजना को लेकर बैठक में बोल रहे थे। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने वादे के मुताबिक ऐसे किसानों को राहत दी है, जो बैंक ऋण की वजह से चिंताग्रस्त रहते थे। राज्य के करीब 4 लाख 73 हजार से ज्यादा किसानों के 50 हजार रुपये तक के ऋण माफ किये जा चुके हैं। इस मद में सरकार के जरिये 1900 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि बैंकों को दी गयी है।

उल्लेखनीय है कि 2021-22 में सरकार ने किसानों को राहत देने के मकसद से 50 हजार रुपये तक की राशि के ऋण को माफ करने की घोषणा की थी। वादे के मुताबिक सरकार ने वैसे सभी आवेदनों का निष्पादन कर लिया है, जिनकी केवाईसी हो चुकी है।

मंत्री ने कहा कि बहुराज्यीय भूमि सहकारी विकास बैंक समिति, पटना के 10 हजार ऋणी किसानों के कर्ज माफ करने पर विचार किया गया। लोन लेने वाले एससी-एसटी और कमजोर वर्ग के किसानों के ऋण माफ किये जाने का निर्णय भी बैठक में लिया गया। साथ ही देवघर को-ऑपरेटिव ग्रेन बैंक, लिमिटेड, देवघर द्वारा 14 हजार 346 ऋणी किसानों के कर्ज को भी माफ करने पर विचार किया गया। बादल ने सभी बैंकों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वैसे किसानों के खाते, जो एनपीए हो चुके हैं, उन खातों को बंद करने के लिए राज्य सरकार के पास प्रस्ताव भेजें, ताकि किसानों को ऋणमुक्त किया जा सके। मंत्री ने कहा कि ऐसे ऋणी, जिनकी मौत हो चुकी है तथा जिनके खाते एनपीए हो गये हैं, वैसे किसानों के लिए सक्षम साक्ष्य प्रस्तुत करने के उपरांत उन्हें भी बिना केवाईसी के लाभुकों की श्रेणी में शामिल किया जायेगा। बैठक में विकास आयुक्त अविनाश कुमार समेत कई शामिल थे।

## इंजन में आग लगने की सूचना के बाद भाग रहे यात्री आए मालगाड़ी की चपेट में, तीन यात्रियों की मौत कई घायल

**लातेहार।** लातेहार जिले के कुमंडीह स्टेशन के पास शुक्रवार की रात मालगाड़ी की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की पुष्टि लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने की है।

जानकारी के अनुसार रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस रांची से चलकर सासाराम जा रही थी। इसी दौरान लातेहार जिले के कुमंडीह स्टेशन के पास अचानक यह अफवाह फैली की रेल के इंजन में आग लग गई है।

इस अफवाह के बाद अचानक रेल यात्रियों में भगदड़ मच गई और सभी लोग रेल के डब्बे से उतरने लगे। कुछ लोग प्लेटफार्म के विपरीत दिशा में रेलवे लाइन

पर उतर गए। इसी दौरान सामने से एक मालगाड़ी आ गई ।जिसकी चपेट में कई यात्री आ गए। इनमें तीन यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

इधर घटना की पुष्टि लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने भी की है। उन्होंने कहा कि पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है और बचाव कार्य जारी है।

## साहिबगंज में गंगा फेरी के टेंडर को झारखंड हाई कोर्ट में चुनौती

**रांची।** साहिबगंज अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय के गवाह अंकुश राजहंस यादव ने झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को गंगा नदी पर फेरी टेंडर को चुनौती दी है। कोर्ट ने अंकुश यादव की याचिका को स्वीकार करते हुए 18 जून को मामले की सुनवाई निर्धारित की है। गंगा नदी पर फेरी के लिए टेंडर 19 जून को होना है। अंकुश ने याचिका में कहा है कि साहिबगंज जिला प्रशासन जबरन नियमों को बदल रहा है।

## ईडी ने जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को तीन दिनों की रिमांड पर लिया

रांची, उज्ज्वल दुनिया सं

जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा से ईडी तीन दिनों तक पूछताछ करेगी। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने ईडी को पूछताछ के लिए शुक्रवार को तीन दिनों की रिमांड की अनुमति दी है। ईडी की ओर से उससे पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए सात दिनों की रिमांड देने का आग्रह किया गया था।

इससे पूर्व गत गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया था। पेशी के दौरान ईडी के अधिवक्ता ने कोर्ट से शेखर कुशवाहा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की अनुमति मांगी थी। इसका बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने विरोध किया। कोर्ट ने शेखर कुशवाहा को न्यायिक हिरासत में होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार जेल भेज दिया था। अदालत में रिमांड पर शुक्रवार को सुनवाई की और तीन दिनों की रिमांड की मंजूरी प्रदान की।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने जमीन घोटाला मामले में शेखर कुशवाहा को बुधवार को गिरफ्तार किया था। ईडी की जांच में यह बात सामने आयी थी कि शेखर कुशवाहा ने प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह, इरशाद अंसारी, अफसर अली सहित अन्य के साथ मिलकर 1971 का फर्जी डीड बनाया था।

बड़गाईं अंचल के तत्कालीन अंचल राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप के साथ मिलकर उसने बरियातू की 4.83 एकड़ की जमीन के रैयत जितुआ भोक्ता का नाम बदल कर समरेंद्र चंद्र घोषाल के नाम की इंट्री कर गैरमजरूआ जमीन को सामान्य खाते की जमीन में बदल दिया था।

## साइकिल वितरण निर्धारित समय में पूर्ण करें: मंत्री दीपक बिरुआ

रांची, उज्ज्वल दुनिया सं

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं हो। निगम स्तर लंबित आवेदनों का निष्पादन एक सप्ताह के अंदर करें। साथ ही जिला स्तर पर आवेदनों की अनुशंसा की गति को तेज करें। इसमें आ रही सभी बाधाओं को दूर कर युवाओं के स्वरोजगार के मार्ग को प्रशस्त करें। ये बातें मंत्री दीपक बिरुआ ने कही।

मंत्री शुक्रवार को रांची स्थित अपने आवासीय कार्यालय में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा को निर्देश दे रहे थे। मंत्री ने कहा इसकी सतत निगरानी होनी चाहिए ताकि स्वरोजगार की बढ़ रहे युवाओं को लाभ दिया जा सके। मंत्री ने कहा कि स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण योजना से आच्छादित करें। तय समय पर बच्चों को साइकिल मिलना चाहिए। वर्ष 2023-24 में जो साइकिल वितरण किया जाना है वह तय समय के अन्दर होना सुनिश्चित करें। मंत्री ने कहा बच्चों को छात्रवृत्ति ससमय उपलब्ध कराने में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए, अड़चनों को दूर कर छात्र हित में कार्य करना है। मंत्री ने कहा कि धुमकुड़िया केंद्रों में जिला स्तर पर जिन वाद्य यंत्रों का वितरण किया जाना है, उसकी स्थिति क्या है। इसपर आदिवासी कल्याण आयुक्त ने बताया कि वितरण जिला स्तर पर होगा।

## भयमुक्त होकर करें व्यवसाय, सरकार देगी पूरी सुरक्षा: मंत्री बन्ना गुप्ता

उज्ज्वल दुनिया सं

**रांची।** रांची के पंडरा स्थित न्यू पंचवटी ज्वेलर्स में हुई लूट की घटना के बाद शुक्रवार को स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने पीड़ित दुकानदार और उनके परिजनों से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली। साथ ही मौके पर उपस्थित सिटी एसपी को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द मामले का खुलासा कर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजें।

मंत्री ने पुलिस गश्ती बढ़ाने, अपराधियों पर नकेल लगाने, नशाखोरी रोकने, रात्रि गश्ती तेज करने और अपराधमुक्त रांची बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि व्यवसायी भयमुक्त होकर व्यवसाय करें। सरकार पूरी सुरक्षा देगी। दूसरी ओर, मंत्री बना गुप्ता ने धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत संजय अग्रवाल के घर चोरी की घटना का भी संज्ञान लेते हुए धनबाद के वरीय पुलिस अधिकारीयों से फोन पर बात कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए।

# 17 जून को आयोजित होने वाले ईद उल अजहा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गुमला–** दिनांक 17 जून को होने वाले ईद उल जुहा ( बकरीद) के त्योहार को लेकर आज शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित हुई। इस दौरान जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मी सहित शांति समिति के सदस्यगण मौजूद रहें।

दिनांक 17 जून को बकरीद ईद के मौके पर जिले में शांति पूर्ण वातावरण से त्योहार के सफल आयोजन हो सके जिसके लिए बैठक का आयोजन किया गया।

**शांति समिती के सदस्यों ने जिले के मुख्य समस्याओं से उपायुक्त को करवाया अवगत**

मौके पर शांति समिति के सदस्यों ने जिले के महत्वपूर्ण समस्याओं से भी सभी को अवगत कराया एवं उसके निदान के लिए उपायुक्त से सहयोग की मांग की। जिसमें से प्रमुख समस्या बिजली आपूर्ति, पेयजल आपूर्ति, मुख्य चौक चौराहों सहित गली महोल्ले में साफ सफाई जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को सदस्यों द्वारा रखा गया। शांति समिति के सदस्यों ने विभिन्न स्थानों पर ट्रांसफार्मर के खराब होने की समस्या, विभिन्न स्थानों में गड्ढों की समस्याओं को भी रखा, सदस्यों द्वारा पेय जल आपूर्ति के तहत विभिन्न पाइपलाइन के लिकेज तथा जलमिनारों एवं चापाकाल के खराब होने की समस्या से भी जिला प्रशासन को अवगत कराया। उसके अतिरिक्त शहर के विभिन्न नालियों की साफ सफाई कराने के मुद्दे पर भी उपायुक्त से गंभीरता दिखाने हेतु आग्रह किया गया। इसके साथ ही समिति के सदस्यों के द्वारा पूर्व में आयोजित सभी त्योहारों के सफल आयोजन के लिए एवं लोकसभा चुनाव के विवाद रहित एवं शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न कराने हेतु भी सदस्यों ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का धन्यवाद किया।

**उपायुक्त ने सभी मुख्य बिंदुओं पर जिला प्रशासन के द्वारा किए जा रहे कार्यों से सभी को करवाया अवगत, मुख्य समस्याओं की सूची की शांति समिति के सदस्यों से की गई मांग**

शांति समिति के सदस्यों के सभी समस्याओं के सुनने के पश्चात जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने एक एक कर सभी समस्याओं के समाधान एवं उसपर किए जा रहे कार्यों से जुड़ी जानकारी से सभी को अवगत कराया। उपायुक्त ने बताया कि उनके द्वारा शहरी क्षेत्र में पेय जल आपूर्ति की समस्या का निरीक्षण किया गया था जिसमें मुख्य समस्या देखने को मिली की जल उठाव के लिए केवल एक ही पंप का इस्तेमाल किया जा रहा है जो बीच बीच में खराब हो जाता है, एवं अन्य दो पंप खराब पड़े हैं, जिसे देखते हुए एक पंप जिसे ठीक किया जा सकता है को अविलंब ठीक करवाने की प्रक्रिया की जा रही है इसके अतिरिक्त एक नए पंप की भी खरीदारी की जा रही है जिसके कागजी कार्य पूर्ण कर दिए गए हैं जल्द से जल्द जिले में नए पंप की खरीद की जाएगी। जिससे जलापूर्ति की मुख्य समस्या से जिले के शहरी क्षेत्र निवासियों को निजात मिलेगा इसके अलावा बिजली के बार बार कटने से भी जलापूर्ति में बाधा देखने को मिलती है जिसके वैकल्पिक समाधान करने का भी निर्णय लिया जा चुका है।

**उपायुक्त ने बिजली आपूर्ति से संबंधित होने वाली समस्या के लिए उन्होंने सभी शांति समिती के सदस्यों एवं आम नागरिकों से भी जिन जिन स्थानों में ट्रांसफार्मर खराब है उसकी सूची की मांग की एवं उन्होंने कहा कि अविलंब उक्त स्थानों में ट्रांसफार्मर के ठीक करवाने की प्रक्रिया कर दी जाएगी।**

उपायुक्त ने शांति समिती के सदस्यों से ही मुख्य समस्याओं की सूची बना कर देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिन भी क्षेत्रों में नियमित साफ सफाई नहीं हो पा रही है, जहां भी ट्रांसफार्मर खराब है एवं जिन जिन स्थानों में जलमीनार एवं चपाकल खराब होने की समस्या दिख रही है उसकी सूची उपायुक्त कार्यालय में उपलब्ध कराएं एवं नियमसंगत तरीके से सभी समस्याओं के समाधान हेतु त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने जिले वासियों से अपील की की वैसे नागरिक जो सप्लाई पानी की सुविधा अनौपचारिक रूप से ले रहें हैं वे औपचारिक रूप से पानी का कनेक्शन लेते हुए ।

## एक-नजर

### अरगड्डा में दो सीएसएस अवैध मकान कब्जा धारियो के दरवाजे पर सुरक्षा विभाग ने चस्पाया नोटिस

**गिद्दी।** अरगड्डा महाप्रबंधक के द्वारा बीते दिनो अरगड्डा कोलियरी के मजदूर कॉलोनी में अवैध क्वार्टर कब्जा धारियो के खिलाफ स्थानीय सिरका प्रबंधन को फटकार लगाने के बाद क्वार्टर को खाली कराने के लिए सिरका कोलियरी का सुरक्षा विभाग की सक्रिय और मुस्तैद हो गया है। शुक्रवार को रोलर चौक में दो डीएचक्यू क्वार्टरों को सुरक्षा विभाग ने खाली करवाकर अपना ताला ज दिया है। जबकि क्षेत्रीय एकाउंट ऑफिस के सामने सीएसएस 29 और सीएसएस 10 के गेट के दरवाजे पर अवैध कब्जा धारियो को क्वार्टर खाली करने को लेकर नोटिस चिपकाया गया है। और हर हाल में 17 जून तक क्वार्टर खाली करने का आदेश दिया गया है। तय समय सीमा तक खाली नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गयी है। सुरक्षा विभाग का कहना है कि प्रबंधन के निर्देशानुसार अवैध रुप से क्वार्टरों पर कब्जा जमाए लोगों से क्वार्टर लेने की कार्रवाई की जा रही है।साथ ही बिजली, पानी के कनेक्शन भी काटे जा रहे है। टीम में अरगड्डा क्षेत्र सुरक्षा अधिकारी श्रीवास्तव साहब, सुरक्षा इंस्पेक्टर सह प्रभारी सिरका राजू राम, हवलदार गंगाराम, भैया लाल, गृहरक्षक लीलीमन समेत कई होमगार्ड के जवान शामिल थे।

### गुमला शहर में नवनिर्वाचित लोहरदगा सांसद श्री सुखदेव भगत का किया गया जोरदार स्वागत

**गुमला:** जुलूस में सैकड़ो लोग हुए शामिल, पूर्व घोषित कांग्रेस के कार्यक्रम के तहत शानदार जीत के उपलक्ष में आभार यात्रा पालकोट रोड स्थित रोटरी क्लब के समीप कांग्रेस कार्यालय से यह आभार यात्रा रैली निकल गई जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल होकर मंदार के और नगाड़े के थापर कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारा के साथ नाचते गाते आगे क्रमबद्ध चल रहे थे नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत खुले हुए जीप गाड़ी पर सवार थे उनके साथ जिला अध्यक्ष चेतू उरांव पूर्व शिक्षा मंत्री वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री गीता उरांव रमेश कुमार चीनी अकिल रहमान, शिव कुमार भगत मुरली मनोहर प्रसाद आशिक अंसारी हिंदू भगत निसार अहमद बॉबी भगत सुनील उरांव राजू खड़िया अशोक भगत मंगल उरांव अल्बर्ट तिगगा, खालिद शाह, कलाम राय, शाहजहां अंसारी सरवर अंसारी फहीम वारसी वह अन्य कांग्रेसी शामिल थे शहर के जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा फूलों का हार पहना कर तथा गुलदस्ता भेंट किया गया टावर चौक के समीप झारखंड मुक्ति मोर्चा के तरफ से वरिष्ठ झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता कलीम अख्तर नुरुल हुदा मोहम्मद लड्डन रंजीत सरदार मोहम्मद ग्यास अनवर खान हरिओम साहू आदि द्वारा स्वागत किया गया नए संसद का फूलों का गुलदस्ता देखकर स्वागत किया इसी तरह थाना रोड स्थित अंजुमन इस्लामिया गुमला के सदर मुशाहिद आज़मी , सेक्रेटरी मकसूद आलम के नेतृत्व में अंजुमन से संबंधित अंसारी पंचायत , जमीयत इदरीसिया पंचायत , कुरैशी पंचायत , हमदर्द पंचायत , पठान पंचायत, अखलाकिया पंचायत , सलमानी पंचायत , एवं राय पंचायत थाना रोड स्थित अंजुमन इस्लामिया गुमला के सदर मुजाहिद आज़मी , सेक्रेटरी मकसूद आलम, सहित सैकड़ो लोगों ने सांसद सुखदेव भगत का जोरदार स्वागत किया गया और जमकर आतिशबाजी भी की गई।

### बीडीओ के कार्यालय कक्ष में कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न , दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**घाघरा** प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में प्रखंड कर्मियों के साथ गुरुवार को वीडियो दिनेश कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुआ संपन्न। बैठक में मुख्य रूप से आवास कोऑर्डिनेटर अशोक बीपीआरओ शंकर साहू, मनरेगा बीपीओ बेबी कुमारी उपस्थित थे। बैठक में अबुआ आवास कार्य में प्रगति, मनरेगा से चल रहे बिरसा सिंचाई संवर्धन कूप निर्माण कार्य इत्यादि कार्यों का समीक्षा किया गया ।

वहीं अबूवा आवास कार्य में प्रगति, जियो टैग, ग्राम स्वरोजगार सृजन योजना हेतु प्रत्येक पंचायत से 20 लाभुकों का चयन करने, मनरेगा से हो रहे कूप निर्माण का कार्य बरसात से पूर्व पूर्ण कराने, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य लाभ हेतु लाभुकों का आवेदन प्राप्त करने,और उन्हें लाभ दिलाने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि सभी कर्मी ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। ताकि ससमय कार्यों को पूर्ण कराया जा सके। वैसे योजना जो बहुत दिनो से लंबित पड़ी हुई है।उसे पूर्ण कराते हुए योजना को बंद करें। ससमय लाभुकों का लेबर पेमेंट हो। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार, बीपीआरओ शंकर साहू,बीपीओ बेवी कुमारी,आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार के साथ पंचायत सेवक शंकर खेरवार,उपेंद्र उरांव,सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

### प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में निर्वाचन से संबंधित बैठक हुआ संपन्न

**गुमला:** शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में निर्वाचन से संबंधित बैठक किया गया । जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार ने की ।इस बैठक में लोकसभा आम चुनाव 2024 के समाप्ति के बाद सभी छूटे हुए पात्र मतदाताओं का नाम पंजीकृत करने, साथ ही एक ही मतदान केंद्र के अंदर यदि किसी एक मतदाता का एकसे अधिक प्रविष्टि हो तो उसके नवीनतम प्रविष्टि को छोड़कर अन्य प्रविष्टि हटाने का निर्देश दिया ।

ग्रामीण क्षेत्रों में काम से कम 10त घरों के सभी मतदाता का सत्यापन बी एल ओ और सुपरवाइजर को करने एवं सभी सत्यापित घरों में सत्यापन के स्टीकर चिपकाते हुए तिथि निर्धारित करने का निर्देश दिया ।

साथ ही सभी सुपरवाइजर को मतदाता सूची से अमृत मतदाता का नाम हटाने मतदान क्षेत्र से बाहर निवास स्थान हो जाने के कारण मतदाता सूची से नाम हटाने का कार्य नियमानुसार करने का निर्देश दिया गया । मौके पर बीपीओ शंकर साहू, कनीय अभियंता सतीश बंसल, ज्योति लाल महतो, एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे ।.

### कुरुख भाषा को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के लिए बैठक की गई

**गुमला** – गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो प्रखण्ड के मलगो मोड़ के लाखों बगिचा में सिसई ट्वभरनो के पड़हा के सदस्यों ने कुँड़ुख़ भाषा विषय को लेकर जगरुकता अभियान चलाने के लिए एक विशेष बैठक किया ।इस बैठक में अन्य विषय पर चर्चा करते हुए पड़हा के सदस्यों को बताया कि भरनो प्रखण्ड में हाल सर्वे 1985 का खतियान बितरण किया गया है ।

जिसमे भारी गड़बड़ी है इसमें लोगों का जमीन एक दुसरे पर लड़ाई का घर पैदा हो गया है इस लिए इसे सरकार से रद्द करने की मांग कर रहे हैं ।साथ ही स्थानीय जन प्रतिनिधियों का कोई संज्ञान नही लेना भी जनताओं के बीच भारी आक्रोश दिख रहा है ।

इस बैठक में मंगरा उरांव, बिरसा उरांव, रतिया उरांव, सोमा उरांव, लाधु उरांव, शनियारो उरांव, जुब्बी उरांव, शिबू उरांव,अनिल उरांव, गंगा उरांव, प्रकाश बड़ाईक सहित पड़हा के अन्य पदाधिकारी उपस्तिथि हुए ।

# ऑनलाइन समर कैंप में मातृ पूजन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**गिद्दी।** सिरका सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहे ऑनलाइन समर कैप में गुरुवार को संध्या 7 बजे से 7ः40 बजे रात्रि तक दसवां सत्र के कैंप का समापन किया गया। इस कैंप का मुख्य विषय मातृ-पूजन प्रतियोगिता था। इस प्रतियोगिता में भैया/बहनों को अपने-अपने घर में मातृ-पूजन करना था। जिसमें भैया/ बहनों ने क्रमशः श्रुति सिंह, जिज्ञासा कुमारी, दीपिका कुमारी, वर्षा कुमारी ने प्रथम स्थान तथा द्वितीय स्थान पर अदिति पटेल, गौरी कुमारी तृतीय स्थान अरुणोदय सिंह, प्रिंस कुमार पाप्त किया। इस अवसर पर पाचार्य शंभू कुमार सिंह ने बताया कि मातृ पूजा माताओं और बच्चों के बीच शक्तिशाली बंधन का जश्न मनाती है। यह एक ऐसी परंपरा है, जो हमें अपने माता-पिता और बड़ों के प्रति प्रेम, करुणा और सम्मान सिखाती है। इस मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने में उप- प्राचार्य विनोद पुण्श्रीवास्तव, अरविन्द प्रसाद, सुशील कु0सिंह, रामानन्द तिवारी, अमित कुमार, जनक देव कुमार, लक्ष्मीकांत यादव, संजय ठाकुर, विकास श्रीवास्तव, सुपेशमणि तिवारी, अविनाश तिवारी, सीमा सिन्हा, पुनम कुमारी, नवलेश प्रसाद सिंह, विनोद प्रसाद आदि का सहयोग सराहनीय रहा।.

# सदर अस्पताल गुमला में आयोजित हुआ महा रक्तदान शिविर

**गुमला–**आज शुक्रवार को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सदर अस्पताल गुमला में एक विशेष रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न संस्थानों को भी जिला प्रशासन के इस शिविर में अपना कैंप लगाते हुए रक्तदान शिविर में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया था। जिसमें मारवाड़ी युवा मंच, प्रभात खबर, माहेश्वरी युवा संगठन इत्यादि की भी जिला स्तरीय रक्तदान महाशिविर के सफल आयोजन में मुख्य भूमिका रही। जिला स्तरीय आयोजित रक्तदान शिविर में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने भी रक्तदान करते हुए आम नागरिकों को रक्तदान करने के प्रति प्रेरित किया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि रक्तदान महा दान है,जिलेवासी इस महादान की अवश्य भागीदारी बने। उपायुक्त ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल एक महादान है बल्कि इससे स्वयं के शरीर को कई गंभीर बीमारी से बचाने का भी एक बेहतर उपाय है। नए रक्तदाताओं को पहली बार रक्तदान देने से पहले होने वाले घबराहट को देखते हुए उन्होंने यह आश्वस्त किया कि रक्तदान से शरीर में कमजोरी नहीं बल्कि फुर्ती आती है एवं मन को भी संतोष मिलता है। उपायुक्त ने जिले वासियों से अपील की की ÷आप स्वयं एवं अपने परिवारजन जो 18 वर्ष अधिक आयु के हैं के साथ अवश्य रक्तदान करें एवं अपने इस महादान से किसी जरूरत मंद के जीवन को बचाने में सहयोग करें÷ । उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति रक्त के नहीं मिल पाने से किसी गंभीर स्थिति का सामना न करना पड़े, उसके लिए सभी की सहयोगिता की आवश्यकता है। इस दौरान सिविल सर्जन गुमला राजू कच्छप ने भी रक्तदान के सकारात्मक पहलुओं से सभी को अवगत कराया। उन्होंने आज हुए शांति समिति की बैठक में भी सभी से रक्तदान ।

# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा समिति की बैठक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रामगढ।** उप विकास आयुक्त रामगढ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी जिला योजना पदाधिकारी नमामि गंगे योजना चंदन कुमार सहित समिति के अन्य सदस्यों से ली।मौके पर जिला योजना पदाधिकारी नमामि गंगे योजना के द्वारा उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को नमामि गंगे योजना के तहत जून माह में आयोजित किये जाने वाले गतिविधियों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिसपर उप विकास आयुक्त ने नमामि गंगे योजना के उद्देश्य के प्रति जागरूक करने हेतु समिति के सदस्यों को आगामी विश्व योग दिवस (21 जून) के अवसर पर जिला स्तरीय पर योग, गंगा शपथ, वृक्षारोपण आदि कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जिले के सभी सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालयों, प्रखंड कार्यालयों, सीसीएल, टिस्को, जिंदल आदि संस्थाओं से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम आयोजित कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने नई पहल के तहत नमामि गंगे योजनान्तर्गत पूरे मानसून हर शनिवार को अलग-अलग जगह चिन्हित कर वहाँ वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर श्री विक्रम सोनी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# खुली खदान सिरका में ठहरने के लिए लगाए जा रहे हैं लोहे के चदरे नुमा घर

**गिद्दी।** अरगड्डा क्षेत्र के खुली खदान सिरका परियोजना का विस्तार लगातार होता जा रहा है। जिसे लेकर प्रबंधन भी सचेत है, खदान में काम करने के दौरान कई दूर क्षेत्र के कामगारों को कार्य के दौरान विश्राम देने और धुप आंधी आदि से बचाव के लिए ठहरने की व्यवस्थाएं नहीं के बराबर है। जिसे दुरुस्त करने के लिए स्थानीय सिरका प्रबंधन ने जगह-जगह पर लोहे के चदरे नुमा घर (शेड)निर्माण कर इसे व्यवस्थित करने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। कामगार बताते हैं कि खुली खदान का दायरा बता जा रहा है, जिससे सुरक्षित जगह पर रुकने की भी आवश्यकता पड़ती है।क्योंकि कार्य के दौरान कभी वर्षा कभी आंधी तूफान और तेज काके की धूप में खड़े होकर खनन कार्य करने में काी परेशानी होती है। इसी परेशानी से मजदूरों को बचाने की कवायद प्रबंधन द्वारा जोरशोर से की जा रही है। जो काबिले तारीफ है।.

### नहीं मिला ट्रेक्टर के धक्के से मरने वाले ललका किस्कू को एक वर्ष बाद भी न्याय व मुआवजा

**गिद्दी।** विगत वर्ष जोगा चौक के समीप ट्रेक्टर के धक्के से कलुवाटांड खपिया निवासी जगदेव मांझी उं किस्कू के पुत्र ललन मांझी किस्कू की मौत में न तो उन्हें अबतक न्याय ही मिल पाया है और ना ही मुआवजा ही मिल पाया है। अब गिद्दी थाना क्षेत्र के गिद्दी सी निवासी बालू तस्कर रितेश कुमार महतो के खिलाफ मृतक पिता का आक्रोश बता ही जा रहा है। मृतक पिता जगदेव मांझी का कहना है कि विगत 15मार्च 23 को मेरा पुत्र ललन मांझी किस्कू एवं नरेश किस्कू पिता डोमन किस्कू बाईक से किसी शादी समारोह से ठाकुरगो गाँव से लौट रहे थे तभी तेज गति से बालू तस्करी के लिए जाते ट्रेक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया और बाईक से गिरकर जोगा चौक के समीप ललन मांझी कि मृत्यु हों गई और नरेश किस्कू गंभीर रूप से घायल हों गए थे। जगदेव मांझी ने बताया कि उक्त समय वे मजदूरी करने टाटा गए हुए थे। उनके भाई प्रकाश किस्कू द्वारा गिद्दी थाना पुलिस के समक्ष तमाम पुलीसिया कार्रवाई को अंजाम दिया। और 27/23 के तहत कांड दर्ज किया गया।बाद में गाँव वालों के समक्ष एक बैठक बुलाई गई। बैठक में बात निकलकर सामने आया कि घटनावाले दिन गिद्दी थाना पुलिस की ओर से प्रदीप कुमार महतो खपिया, रितेश कुमार महतो गिद्दी सी,रामनाथ महतो बकीटांड, देव कुमार महतो होन्हेमो, बीरेंद्र महतो चैनपुर तथा जयनंदन महतो चैनपुर को बालू निकालने के लिए इंट्री मिली थी। उसी क्रम में दुर्घटना के समय गिद्दी सी के रितेश कुमार महतो की बारी थी और उन्ही के ट्रेक्टर के धक्के से मेरे पुत्र की मृत्यु हुई। एक वर्ष से अधिक होने के बावजूद मुआवजे देने की कार्रवाई न तो पुलिस और ना ही ट्रेक्टर संघ की ओर से की जा रही है। लिहाजा अब लोकतान्त्रिक तरिके से लाई को आगे बाना होगा और मुआवजे की राशि वसूल करनी होगी।

# जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**रामगढ।** जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती कनक तिर्की ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 2023- 24 में किए गए कार्यों व 2024- 25 में किए जाने वाले कार्य योजना के संबंध में उपायुक्त को विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं की लंबित रिक्तियों के विरुद्ध नियुक्ति हेतु आयोजित किए जा रहे आमसभा की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्र संचालन कर रहे आंगनबाड़ी सहिया सेविकाओं को बच्चों का उपस्थित डाटा गलत भरने पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी व बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को जिले के सभी वैसे आंगनबाड़ी केंद्रों जो कि वर्तमान में सेविका या सहायिका के निजी भवनों में या अन्य भवनों में संचालित हो रहें है उन सभी भवनों का चिन्हित कर नए भवन निर्माण हेतु प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया । साथ ही उपायुक्त ने वैसे आंगनबाड़ी केंद्र जिनमे बिजली, चापानल एवं शौचालय नही है में जल्द से जल्द सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों के वर्तमान स्थिति पर चर्चा करते हुए नई ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों के क्रय हेतु प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करते हुए बच्चों व अन्य लाभुकों को लाभान्वित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इसके साथ ही उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में कार्यशाला आयोजित करते हुए बच्चों के साथ लोगो को भी बाल विवाह उन्मूलन के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

# सुपरवाईजर घर-घर जाकर बीएलओ के कार्यों का करें सत्यापन : सीईओ

**रांची,** । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की प्राप्त शिकायतों पर हो रही कार्रवाई के लिए सभी जिलों के निर्वाचन संबंधी पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुक्रवार को समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि लोक सभा निर्वाचन के दौरान मतदाता सूची से गलत विलोपन की कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनका नियमानुसार सत्यापन करते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।

सीईओ ने कहा कि वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के आवंटन के क्रम में बनाये गए एएसडी सूची से मिलान करते हुए मतदाता सूची से शिफ्टेड, डुप्लीकेट एवं मृत मतदाताओं का नियमानुसार विलोपन करें। अभी भी जिन मतदाताओं के पास पुराना लेमिनेटेड मतदाता पहचान पत्र है, उसे बदलते हुए नए रंगीन मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही किसी भी कारण अब तक छूटे मतदाताओं को भी मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य किया जाए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव सन्निकट है। इसलिए पदाधिकारी अपने

क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए स्वछ मतदाता सूची के निर्माण कार्य की प्रक्रिया को गति दें। उन्होंने कहा कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सभी बीएलओ सुपरवाईजर घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा किये गए कार्यों का सत्यापन करें। बीएलओ के जरिये सत्यापित घरों में से 10 प्रतिशत घरों का बीएलओ सुपरवाइसजर भौतिक सत्यापन करें एवं मुख्यालय द्वारा दिये गए स्टिकर चिपकाएं।कुमार ने कहा कि एक जुलाई से मुख्यालय के पदाधिकारी जिलों का भ्रमण करेंगे। इस दौरान जिला कार्यालय के जरिये मतदाता सूची को स्वच्छ बनाने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से बताए गए मापदंडों के अनुरूप किये गए कार्यों की समीक्षा करेंगे।इस अवसर पर ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी विधानसभा क्षेत्रों के एईरओ, आरओ, कंप्यूटर ऑपरेटर, हेल्प डेस्क मैनेजर सहित जिलों में निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी एवं कर्मी जुड़े थे।

## सार-संक्षेप

### पूर्व सांसद के प्रयास से लगा नया ट्रांसफार्मर

**चान्हो** प्रखंड अन्तर्गत सोंस पंचायत के ग्राम ओपा में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत के प्रयास से शुक्रवार को नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। बताया गया कि करीब एक माह पूर्व ट्रांसफार्मर जल गया था। ट्रांसफार्मर खराब होने से इस भीषण गर्मी में ग्रामीण काफी परेशान थे। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ओपा बस्ती में बिजली की स्थिति काफी दयनीय हो गई थीं. शुक्रवार को नया ट्रांसफार्मर लगाए जाने पर लोगों ने पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, भाजपा नेता कैलाश गुप्ता ,कृष्ण मोहन ताम्रकार सहित विभागीय अधिकारियों के प्रति अभार प्रकट किया है।

### थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**मांडर** : मांडर थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार की अध्यक्षता में हुई, जिसमे बकरीद शांति व शौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया, थाना प्रभारी राहूल ने लोगों से किसी भी प्रकार के अफवाहों से दूर रहने एवं ऐसा कोई भी कार्य नहीं करने जिससे लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचे, प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सोशल मीडिया से दूर रहने एवं अपने विवेक से कार्य करते हुए परस्पर भाईचारा बनाए रखने की बात कही, मौके परसर्किल इंस्पेक्टर जयप्रकास राणा,प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का,मुखिया बंधन उराव,फारूक खान, आबिद अंसारी, तबारक खान, रामबालक ठाकुर, बिरसा पाहन,शैलबाहन कुमार, मुदीन अंसारी,भरत मांझी,ब्रह्मानंद सेन गुप्ता, मुखिया अनीता उराव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे

### बकरीद को लेकर रातू थाना में शांति समिति की बैठक

**रातू** : बकरीद पर्व को लेकर रातू थाना परिसर में शुक्रवार को शांति' समिति की बैठक आयोजित की गई।थाना प्रभारी शशिभूषण चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने ने कहा कि बकरीद पर्व हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक ढंग से मनाए।बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों से अपील करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि बकरीद पर्व आपसी भाईचारे और प्रेम का पर्व है.इस पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाने में सभी सदस्य गण सहयोग करें।बैठक में मौजूद सभी जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन को हर संभव सहयोग देने की बात कही।थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस की पैनी नजर हुडदंगियो में रहेगी।पर्व के दौरान पुलिस सादे लिबास में चौक चौराहों में तैनात रहेगी।

# कार्य के प्रति लापरवाही और उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी - बीडीओ राहुल उरांव

**बेड़ो**

**लोकसभा चुनाव के सफल संचालन के बाद प्रखंड प्रशासन में आई तेजी**

**समीक्षात्मक बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दिए कई निर्देश**

लोकसभा चुनाव के सफल संचालन के उपरांत विकास कार्यों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में प्रखंड प्रशासन ने सख्त रवैया इफ्तार किया है। शुक्रवार को प्रखंड सभागार में विकास कार्यों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही और उदासीनता किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मी कार्यशैली में बदलाव लाकर अपने क्षेत्र के विकास की नई कहानी लिखें। एक सप्ताह के अंदर अपना रवैया बदलते हुए विकास की इबारतें लिखना शुरू कर दें नहीं तो आपके विरुद्ध आपकी कहानी लिख दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अब तक आपके द्वारा जो भी कमी कोताही बरती गई है वह किसी भी परिस्थिति में नहीं दोहराई जाए। नई ऊर्जा के साथ कार्य का संचालन जरूरी है इसके लिए सभी तैयार रहें। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया है साथी यह भी कहा कि संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर वेतन स्थापित कर दिया जाएगा। मौके पर उन्होंने मनरेगा योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी पंचायत दो सप्ताह में 20 प्रतिशत योजनाओं को एम आई एस में बंद करना सुनिश्चित करेंगे। पोटोहो खेल मैदान के संबंध में उन्होंने प्रत्येक पंचायत को दो-दो खेल मैदान शुरू करने की बात कही। आम बागबानी योजना का लक्ष्य पूर्ण करने एवं गड्ढा खुदाई करने की सख्त हिदायत दी। साथ ही साथ उन्होंने दूसरे फेज का जियो टैग प्रत्येक दिन करने की हिदायत दी। उन्होंने एबीपीएस के माध्यम से शत प्रतिशत मजदूरों का भुगतान किए जाने पर बल देते हुए कहा की सभी मजदूर का एबीपीएस के माध्यम से भुगतान सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान उन्होंने पशुधन योजना के तहत संचालित पशु शेड निर्माण के तहत प्रत्येक पंचायत से एक सप्ताह के अंदर पांच-पांच योजनाएं पूर्ण करने एवं एम आई एस में बंद करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपस्थित विभिन्न पंचायत के मुखिया ने अपनी बातें रखी और समस्याओं के समाधान की बात कही। मुखिया गण और कर्मियों के साथ इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मनरेगा के अतिरिक्त सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास की भी समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, घाघरा पंचायत के मुखिया रमेश उरांव, केशा पुरिया के मुखिया नीरज कुजूर, बेड़ो पंचायत की मुखिया सुशांति भगत, तुतलो पंचायत की मुखिया गंगी उराइन, मुन्ना मलिक, कुंवारी खलखो, फारूक नदीम, पुरुषोत्तम भाई पटेल, दुर्गा टाना भगत, सुरेश लिंडा, अभय कोया, आवास कोऑर्डिनेटर रामनाथ लोहार, भारत सवासी , पंचायत सेवक रोजगार सेवक जन सेवक सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## सभी लंबित योजनाओं को समय पर पूरा कराएं अधिकारी: उपायुक्त

**खूंटी,** । उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में जिले में चल रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की।

उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित योजनाओं के अलावा पंचायती राज विभाग, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग, स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग एवं कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति की क्रमवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने विभिन्न प्रखण्डवार विकास कार्यों कीं की प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष बचे कार्यों को निश्चित समय पर पूर्ण करने का निदेर्शी दिया।

बैठक में उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना के अधूरे आवासों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।

डीसी ने कल्याण विभाग की ओर से अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के तहत मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति वितरण, छात्रावासों का निर्माण एवं जीर्णोद्वार, आवासीय विद्यालय, साइकिल वितरण योजना से संबंधित मामले का निष्पादन तय समय पर करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने पंचायत सचिवालय क्रियाशील करने एवं प्रज्ञा केंद्र के उचित संचालन को लेकर जानकारी ली।

उन्होंने कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम मं निर्देशित किया कि सीएमइजीपी में लंबित आवेदनों की स्वीकृति जल्द दें। बताया गया कि 15 से 29 जून

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी**
नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक-सी०, चाईबासा रोड, खूँटी – 835210
Email ID – jepkhunti@gmail.com

नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम् 2009 की धारा 12 (1)(सी.) के अन्तर्गत 25% रिक्त सीट में नामांकन से संबंधित आम–सूचना

नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम् 2009 की धारा 12 (1)(सी.) के अन्तर्गत सत्र 2024–25 में जिले के गैर सहायता मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों क्रमशः 1. एस. एस.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, खूँटी 2. टी.सी.आई.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, गोविन्दपुर रोड, कर्रा 3. चिल्ड्रेन ऑफ द न्यू डॉन, तोरपा 4. कैथरीन अकादमी, मुरहू की प्रवेश कक्षा के 25% सीट पर नामांकन हेतु प्रकाशित सूचना के आलोक में jepkhunti.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निष्पादन किया जा चुका है। वर्त्तमान में संबंधित विद्यालयों की प्रवेश कक्षा में 25% सीट अभी भी रिक्त हैं।

उक्त परिप्रेक्ष्य में शेष रिक्त स्वीकृत सीट के विरूद्ध माता–पिता/अभिभावकों से आवेदन आमंत्रित करने के निमित्त दिनांक 24.06.2024 तक तिथि निर्धारित की जाती है। आवेदन सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। नामांकन हेतु विद्यालय का नाम, प्रवेश कक्षा, योग्यता एवं आवेदन करने संबंधी विस्तृत जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है।

संबंधित सभी माता–पिता/अभिभावकों से अनुरोध है कि अपने बच्चों के नामांकन के लिए निर्धारित अवधि में ऑनलाइन पोर्टल jepkhunti.in के माध्यम से आवेदन करेंगे।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी।

PR.NO.326414 District(24-25):D

# तनाव प्रबंधन वर्तमान समय की माँग - दीपाली पराशर

**मांडर।** प्रखण्ड के कंदरी स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शुक्रवार को तनाव प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। केन्द्रीय मनोचिकित्सा संस्थान के डॉक्टर अमन सबा ने कहा कि महाविद्यालय का यह प्रयास सराहनीय है। जिससे विद्यार्थी बहुउद्देश्यीय कार्यक्रम का लाभ उठाते हुए शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ हो। विशेषज्ञ कल्पना टोप्पो ने कहा कि तनाव साकारात्मक व नाकारात्मक दोनो होता है। बस आवश्यकता इस बात की है कि हमे यह कौशल विकसित करना है कि इस तनाव से बाहर कैसे निकला जाय। विशेषज्ञ द्रौपदी कुमारी ने कहा कि टेलीमानस मानसिक समस्याओ के निदान मे पुरे भारत मे झारखण्ड दूसरे स्थान पर है। यदि युवा जागरूक हो

तो यह प्रथम स्थान पर आ सकता है। कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में सचिव नितिन पराशर तथा शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर उपस्थित थी। सचिव नितिन पराशर ने कहा कि कोरोना काल के बाद युवाओं में तनाव की समस्या काफी देखने को मिल रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय ने केन्द्रीय मनोचिकित्सा संस्थाम से संपर्क कर युवाओं को लाभान्वित करने का प्रयास किया। कार्यशाला मे आये अतिथियों को महाविद्यालय की ओर से पौधा, बैग और शॉल देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन मनोज कुमार गुप्ता तथ मंच संचालन नितिश तथा तरन्नुम के द्वारा किया गया। मौके पर व्याख्याता राकेश कुमार राय, मधुरंजन , विनीता चैधरी, रिभा कुमारी, अमित कुमार, विनीत शर्मा, सुबोध शर्मा, सहाय सर, सुनील कुमार, सलमान अंसारी, इमरोज इत्यादि उपस्थित थे।

## बिजली बचाकर ऊर्जा संकट को दूर किया जा सकता है: मुकेश

**खूंटी,** । झारखंड रिन्युएबल एनर्जी कमवसपमेंट एजेंसी, अस्पेन इंजीकॉन प्रा लि और बीइइ के संयुक्त तत्वावधान में और खूंटी चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से शुक्रवार को एनर्जी एफीसिएंसी पर खूंटी में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में इलेक्ट्रेनिक्स सामान का कारोबार करनेवाले व्यवसायी शामिल हुए। कार्यक्रम में स्वागत भाषण चैंबर के अध्यक्ष प्रियांक भगत ने किया। चैम्बर सचिव मुकेश जयसवाल ने कार्यशाला में बताया कि यह कार्यशाला ऊर्जा संरक्षण को लेकर आयोजित की गई है। किस प्रकार हम देश में ऊर्जा संकट से जूझ रहे हैं, यह बताने की जरूरत नहीं है। इस समस्या का समाधान काफी हद तक ऊर्जा बचाकर किया जा

सकता है।अस्पेन इंजीकॉन प्रा लि, ज्रेडा और भारत सरकार की एजेंसी बीइइ के पदाधिकारियों ने शहरवासियों को उपलब्ध ऊर्जा का सही उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यशाला में डॉ चंदन कुमार के अलावा चैम्बर के संतोष कुमार साहू, शशांक राज, सुमित जैन, दीपक सिंह, चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष विनोद जयसवाल , पूर्व उपाध्यक्ष प्रशांत भगत, पूर्व कोषाध्यक्ष रवींद्र, सहित इलेक्ट्रॉनिक के अन्य व्यवसायी मौजूद थे।

## नवीन जायसवाल ने काठीटांड रेडियो स्टेशन रोड में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया

**रातू:** हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने शुक्रवार को काठीटांड रेडियो स्टेशन रोड में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया.रातू में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का यह दूसरा आउटलेट है.केंद्र प्रोपराइटर अनिता तिवारी ने बताया कि जन औषधि केंद्र में जेनेटिक दवाएं कम एवं उचित मूल्य पर उपलब्ध है.

ग्राहक जेनेटिक दैवाओं का लाभ बाजार से कम मूल्य पर यहां प्राप्त कर सकते हैं.मौके पर रातू के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

# झामुमो ने नीट प्रकरण की सीबीआई और ईडी जांच की मांग की

**रांची,** । झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने नीट प्रकरण का मामला उठाया है। उन्होंने सीबीआई के साथ ही ईडी जांच की मांग की है। साथ ही कहा कि देश में लोकसभा का परिणाम निकला और नीट का रिजल्ट भी निकला। फिर अचानक मालूम चला कि रांची के एक परीक्षार्थी को 720 में 720 नंबर मिला। हमारे लिए यह गर्व का विषय था लेकिन कुछ ही देर बाद 720 और 719 का जो फिगर सामने आया तो पूरा देश दंग रह गया।भट्टाचार्य शुक्रवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग चुनाव के

आपा धापी में भूल गये थे कि उस वक्त बिहार में, गुजरात, राजस्थान में तीन भाजपा शासित राज्य में इन तीनों जगह पर पुलिस ने नीट के पेपर लीक प्रकरण में कई लोगों को गिरफ्तार किया। ये बातें उस समय चुनावी शोर में दब गई थी लेकिन पूरा एक कुचक्र जो मेधावी छात्रों का भविष्य का बेड़ा पार कर रहा था उस पर किसी का ध्यान नहीं था।भट्टाचार्य ने कहा कि जब आपके पास इंफ्रास्टक्टर नहीं है तो आप क्यों लेते हैं इतने बच्चों का इग्जाम। केंद्र के शासन में 41 बार पेपरलीक हुआ। इसमें 17 बार यूपी में हुआ। एमपी में हुआ। गुजरात में हुआ। उत्तराखंड में हुआ। 41 बार पेपर लीक। ये साधारण बात नहीं है। लाखों बच्चों के साथ ये भद्दा मजाक है। उन्होंने कहा कि मैं अविलंब अपनी पार्टी की ओर से इस संपूर्ण घटनाक्रम को प्रभावमुक्त सीबीआई जांच की मांग करता हूं। साथ ही प्रभावमुक्त ईडी की भी जांच की मांग करता हूं।

क्योंकि, इतने बड़े पैसे का यदि लेने-देन हुआ है तो उसका कहीं ना कहीं शोधन भी हुआ होगा। क्या यही पैसा शेयर मार्केट में गया। क्योंकि, दोनों की तिथि एक है।

# समुदाय की सहभागिता से ही परिवार नियोजन कार्यक्रम होगा सफल : जेएफ बर्नस

**रांची,** । परिवार नियोजन के क्षेत्र में काम करने वाले रांची और हजारीबाग के फैमिली प्लानिंग चैम्पियन्स का एक्सपीरियन्स शेयरिंग कम कंसल्टेशन मीट का आयोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और ममता एचएमआईसी के संयुक्त प्रयास से होटल बी एन आर चाणक्या में शुक्रवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में यह बात उभर कर आई कि बिना समुदाय की सहभागिता से समाज में बदलाव संभव नहीं है। कार्यक्रम में धर्म गुरु, पंचायती राज के प्रतिनिधि, सहिया और अन्य हितधारकों ने बातें रखीं।

पैलेडियम इंटरनेशनल के चीफ ऑफ पार्टी जेएफ बर्नस ने कहा कि बिना समुदाय की सहभागिता के बदलाव मुश्किल है। परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समुदाय का योगदान सबसे आगे है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के कोषांग प्रभारी डॉ आरएन शर्मा ने कहा कि देश की कुल आबादी का 22 प्रतिशत जनसंख्या 10 से 19 आयु वर्ग की है। ऐसे में किशोर स्वास्थ्य के सभी पहलुओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

परिवार नियोजन कोषांग प्रभारी डॉ पुष्पा ने कहा कि परिवार नियोजन को लेकर समुदाय में जो भ्रांतियां और मिथ्या है, उसे दूर करने की जरूरत है।

उन्होंने भारत सरकार द्वारा गर्भनिरोध की अस्थायी प्रक्रिया अंतरा और छाया के बारे में समुदाय को और विस्तार से बताने की जरूरत पर बल दिया।

**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**

ई–प्रोक्योरमेन्ट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना संख्या : 03/2024-25 दिनांक :- 14-06-2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Estimate for the Work: - Construction of rural water supply Scheme with HP DC Solar motor pump complete set & with new Source/Existing Source for PVTG Tola at different blocks /Village of Lohardaga Dist. under Drinking Water and Sanitation Division, Lohardaga for the year 2024-25 (Head PM JAN MAN Yojna & JJM). | | | | |
| ग्रुप संख्या | योजनाओं की संख्या | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| LOH/PVTG/Kisko-Gr.01 | 03 | 1923158.00 | 38500.00 | 5,000.00 | 60 Days |
| LOH/PVTG/Pesrar-Gr.02 | 03 | 1924742.00 | 38500.0 | 5,000.00 | 60 Days |
| LOH/PVTG/Pesrar-Gr.03 | 02 | 1264183.00 | 26,000.00 | 2,500.00 | 60 Days |
| LOH/PVTG/Kisko-Gr.04 | 01 | 605199.00 | 12,500.00 | 1,250.00 | 30 Days |
| LOH/PVTG/Pesrar-Gr.05 | 01 | 621285.00 | 12500.00 | 1,250.00 | 30 Days |
| LOH/PVTG/Pesrar-Gr.06 | 01 | 633854.00 | 13,000.00 | 1,250.00 | 30 Days |
| LOH/PVTG/Pesrar-Gr.07 | 01 | 620418.00 | 12500.00 | 1,250.00 | 30 Days |
| LOH/PVTG/Pesrar-Gr.08 | 01 | 6,26881.00 | 13,000.00 | 1,250.00 | 30 Days |
| LOH/PVTG/Pesrar-Gr.09 | 01 | 632572.00 | 13,000.00 | 1,250.00 | 30 Days |
| LOH/PVTG/Pesrar-Gr.10 | 01 | 6,33746.00 | 13,000.00 | 1,250.00 | 30 Days |
| LOH/PVTG/pesrar-Gr.11 | 01 | 630166.00 | 13,000.00 | 1,250.00 | 30 Days |
| LOH/PVTG/Pesrar-Gr.12 | 01 | 6,43517.00 | 13,000.00 | 1,250.00 | 30 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 19.06.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 26-06-2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राषि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 26-06-2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 27-06-2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :- | ई0 अनुप कुमार हांसदा:, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 8084784990 |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 8084784990 |

नोट – केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा

PR.NO.326483 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

## संक्षिप्त खब्बर

### एल एंड टी कंपनी ने मृतक के परिजनों को किया आर्थिक सहयोग

**केरेडारी।** बीते 10 जून को मनातू गांव निवासी मालती देवी गोमती देवी व एक 11 वर्षीय सपना कुमारी पिता शूकर गंझू की मौत तरहेशा मनातू मुख्य सड़क पर सवारी गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त होने के कारण हो गई थी! घटना के उपरांत मनातू गांव के समाजसेवी लाल बिहारी गंझू व महावीर गंझूं के नेतृत्व दर्जनों महिला पुरुष ग्रामीणों ने एल एंड टी कंपनी द्वारा निर्माणधीन कन्वेयर बेल्ट निर्माण कार्य को प्रभावित कर रखा था! जिस पर एनटिपिसी केरेडारी कोल माइंस के एजीएम एस पी गुप्ता और थाना प्रभारी अजीत कुमार के पहल पर एल एंड टी कंपनी और ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई! वार्ता में सहमति बनी की मृतक पूरी तरह से असहाय है! इनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए तीनो मृतकों के परिजनों को पचास पचास हजार रुपए देकर क्रिया कर्म को लेकर तत्काल सहयोग प्रदान किया गया! साथ हीं पचास पचास हजार रुपए बाद में देने की बात कही गई! जिसपर मनातू गांव के ग्रामीणों ने एल एंड टी कंपनी एनटीपीसी समेत अन्य को धन्यवाद दिया! मौके पर एनटीपीसी केरेडारी कोल माइंस के एजीएम एस पी गुप्ता रोहित पाल एल एंड टी कंपनी के अभय सिंह चंदन सिंह मनातू गांव के समाज सेवी लाल बिहारी गंझू महावीर गंझू घनु गंझू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे!

### दो मोटरसाइकिल की टक्कर में पांच घायल

**केरेडारी।** केरेडारी बड़कागांव मुख्य सड़क पर कोदवे गांव के समीप दो मोटरसाइकिल सवार की आपस में भिड़ंत हो गई! घटना 14 जून की है! इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार दो अलग अलग मोटरसाइकिल पर पांच युवक सवार थे! एक मोटरसाइकिल सवार केरेडारी से बड़कागांव की ओर जा रहा था वहीं दूसरा मोटरसाइकिल सवार बड़कागांव की ओर से केरेडारी की ओर जा रहा था! दोनो मोटर साइकिल चालक पूरी रफ्तार में गाड़ी चला रहे थे इसी बीच कोदेव गांव के समीप दोनो की आपस में भिड़ंत हो गई! जिस कारण मोटर साइकिल सवार पांचों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए! सभी घायलों को तत्काल केरेडारी सीएचसी लाया गया जहां घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया गया! घायलों में संतोष कुमार महतो सुनील कुमार महतो दोनो पिता सोहन महतो ग्राम जोरदाग के निवासी थे! वहीं अरुण कुमार साव बिकास कुमार बालवांड साव टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेरनदाग गांव के रहने वाले थे! घटना के उपरांत केरेडारी पुलिस ने मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया है!

## उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक

# योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता पर न हो कोई कोताही : उपायुक्त

### डीएमएफटी मद से स्वीकृत योजनाओं के अद्यतन प्रगति की हुई समीक्षा

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** डीएमएफटी द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में उप विकास आयुक्त श्रीमति प्रेरणा दीक्षित मौजूद रही। शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में हुई डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक में डीएमएफटी मद से स्वीकृत योजनाओं के विरूद्ध कार्यकारी एजेन्सियों को दी गई राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र की स्थिति की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने सभी स्वीकृत किए गए योजनाओं के अद्यतन स्थिति व टेंडर प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 का वार्षिक प्रतिवेदन विभाग को भेजने का निर्देश दिया। हजारीबाग जिलान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/उप स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में समुचित रोशनी की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु हाई मास्ट लाईट के अधिष्ठापन पर विचार-विमर्श करते हुए मॉडल प्राक्कलन 9,78,100/- रुपए की स्वीकृती प्रदान की गई। 15वीं वित्त आयोग तथा पी०एम० अभीम से नव निर्मित/निमार्णाधीन स्वास्थ्य उपकेन्द्रों के सुरक्षा के दृष्टिकोण से चाहरदिवारी (कैटल ट्रैप गेट सहित) के निर्माण कार्य पर चर्चा करने के उपरांत चरणबद्ध और ज्यादा संख्या में आने वाले मरीजों वाले केंद्रों में कार्य शुरू करने की स्वीकृति प्रदान की गई। डीएमएफटी मद अन्तर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों/ चिकित्सा पदाधिकारियों/ दन्त चिकित्सकों/ स्वास्थ्य प्रबंधकों तथा पारा मेडिकल कर्मियों जिनकी कार्य अवधि एक वर्ष से अधिक हो गई है उन सभी का अवधि विस्तार तथा वेतन पुनरीक्षण एवं नवनियुक्त पारा कर्मियों का शैक्षणिक प्रमाण पत्र के सत्यापन करने का निर्देश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरकट्ठा, बरही, ईचाक, तथा विष्णुगढ़ में डेन्टल क्लीनिक तथा डेन्डल उपस्करों के अधिष्ठापन पर उपकरणों का आकलन कर सूची मद अन्तर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों/ चिकित्सा पदाधिकारियों/दन्त चिकित्सकों/ स्वास्थ्य प्रबंधकों तथा पारा मेडिकल कर्मियों जिनकी कार्य अवधि एक वर्ष से अधिक हो गई है उन सभी का अवधि विस्तार तथा वेतन पुनरीक्षण एवं नवनियुक्त पारा कर्मियों का शैक्षणिक प्रमाण पत्र के सत्यापन करने का निर्देश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरकट्ठा, बरही, ईचाक, तथा विष्णुगढ़ में डेन्टल क्लीनिक तथा डेन्डल उपस्करों के अधिष्ठापन पर उपकरणों का आकलन कर सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग के अत्यधिक भीड़ वाले यूनिट पर डीएमएफटी मद से सिक्यूरीटी गार्ड उपलब्ध कराने को लेकर कहा। उपायुक्त ने डीएमएफटी मद से नव नियुक्त पारा चिकित्सक कर्मीयों के रिक्त रह गये पदों को प्रतीक्षा सूची से भरने पर विचार-विमर्श कर स्वीकृति प्रदान की। प्रमंडलीय पुस्तकालय (रुक्मणी भवन) हजारीबाग में 15 लाख 52 हजार 800 रु की राशि से ए.सी लगाने पर स्वीकृति प्रदान की गई एवं बिजली विभाग से कोऑर्डिनेटर कर बिजली की पर्याप्त क्षमता की व्यवस्था करने को कहा। उपायुक्त ने 2022-23 और 23-24 का ऑडिट कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर कार्यों में एजेंसी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे तथा अपनी जिम्मेवारी सुनिश्चित करें। कार्यपालक अभियंता को नियमित रूप से निर्माण कार्य स्थल का भ्रमण का मॉनेटरिंग करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बरंगे मौजूद रहे।

## गहरे जलाशयों, झील, झरनों आदि स्थलों पर युवाओं के डूबने की घटना पर उपायुक्त ने चिंता व्यक्त किया है

- गैरजिम्मेवारी पूर्वक असुरक्षित जलाशयों में नहाने से करे परहेज
- अभिवावक और स्थानीय ग्रामीण भी ऐसे दुर्घटना वाले क्षेत्रों में युवाओं को जानें से रोकें: उपायुक्त

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** गहरे जलाशयों, झील, झरनों, तालाबों में प्रतिदिन युवाओं के डूबने की घटना पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने चिंता व्यक्त किया है। उन्होंने सभी जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि झरनों आदि पर नहाने के क्रम में हो रही घटना चिंताजनक है। कई युवा अपनी जान की परवाह किए बगैर हादसे के शिकार हो रहे है। उन्होंने कहा कि बंद पड़े खदानों के जलजमाव, बड़े जलाशयों आदि असुरक्षित जगहों पर जाने और गहरे पानी में नहाने से परहेज करें। स्थानीय लोग अक्सर गर्मी से निजात पाने के लिए ऐसे खतरनाक जलाशयों में गैरजिम्मेवारी पूर्वक गहरे पानी में चले जाते है और हादसे के शिकार को जाते है। उन्होंने पुनः अभिवावकों, ग्रामीणों से अपने घरों के किशोर/किशोरियों/युवाओं को ऐसे जगहों पर जाने से रोकने के लिए कहा है।

## एक माह से बिना थाना प्रभारी के संचालित हो रहा है विष्णुगढ़ थाना

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**विष्णुगढ़।** हजारीबाग जिला अंतर्गत विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र 24 पंचायत के साथ तीसरा सबसे बड़ा प्रखंड माना जाता है। इसलिए विष्णुगढ़ थाने की गिनती जिले के बड़े थाने में होती है। बड़ा थाना होने की वजह से विष्णुगढ़ थाने में थाना प्रभारी के पद पर आरक्षी निरीक्षक यानी पुलिस निरीक्षक के रैंक वाले पदाधिकारी की ही नियुक्ति होती है। विगत एक माह पूर्व आरक्षी निरीक्षक सह पूर्व थाना प्रभारी विष्णुगढ़ राम नारायण सिंह को चुनाव आयोग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार स्थानांतरित कर दिया गया था। तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण के बाद प्रभार विष्णुगढ़ थाने के एसआई रामानंद पाल को सौंप दिया गया था। अब जबकि मतदान एवम मतगणना के साथ सम्पूर्ण चुनाव संपन्न हो चुका है उसके बावजूद भी किसी पुलिस निरीक्षक को विष्णुगढ़ थाने में प्रभारी के पद पर नियुक्त नहीं किया गया है। बड़े थाने होने के कारण बिना प्रभारी के विगत एक माह से थाने का संचालन होना उच्च स्तरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहा है। इस परिस्थिति में व्यवस्थित तौर पर विधि-व्यवस्था कैसे संचालित होगी जल्द इस विषय का समाधान करते हुए प्रभारी के पद कर नियुक्ति होना अति आवश्यक है।

## संस्कार भारती के सदस्यों ने किया नवनिर्वाचित सांसद से शिष्टाचार भेंट

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** संस्कार भारती हजारीबाग इकाई के तत्वावधान में स्थानीय सांसद कार्यालय में हजारीबाग के नव निर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल का स्वागत, करते हुए जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सर्वप्रथम संस्कार भारती के जिला सचिव विनीत जैन लक्की ने अभी हुए साधारण सभा के उपरांत नई चुनी हुई कमेटी व प्रबंधकारिणी का परिचय नव निर्वाचित सांसद को दिया। तत्पश्चात विभाग प्रमुख शंकर चंद पाठक एवम प्रांतीय महामंत्री संजय श्रीवास्तव तथा प्रांतीय कोषाध्यक्ष विकास वर्मा ने बधाई देते हुए पुष्पगुक्ष भेंट किया। इसके बाद जिला अध्यक्ष कुमार केशव,जाने माने मूर्तिकार अनिल पृथ्वी ,जिला सचिव विनीत जैन लक्की जिला कोषाध्यक्ष अनिल पांडेय,अमित गुप्ता,शंकर दास,मनोज पूरी ने शॉल ओढ़ाकर कर तथा संस्कार भारती के संस्कार से गर्भित विशेष दुपाट्टा देकर नव निर्वाचित सांसद को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं।

## झारखंड के सभी 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी लोकहित अधिकार पार्टी:रोशन लाल गुप्ता

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** लोकहित अधिकार पार्टी की एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक राँची मोरहाबादी के होटल संस्कार में गुरूवार को सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पार्टी पहली बार लोकसभा चुनाव लड़कर संतोष जनक वोट प्राप्त किया है। अब झारखण्ड के सभी 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू एवं सतीश गांधी के कुशल नेतृत्व में पार्टी का संगठन विस्तार बहुत तेजी से हो रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश कार्यसमिति समेत सम्पूर्ण संगठन को भंग कर प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के नेतृत्व में जल्द से जल्द एक नई कार्यसमिति का गठन किया जाएगा ताकि सभी 81 विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी सुचारू रूप से किया जा सके। बरही विधानसभा के चौपारण निवासी नंदू साहू को बरही विधानसभा से टिकट पर विचार किया जा रहा है। बैठक को संबोधित करने वाले मुख्य रूप से लोकसभा के पूर्व प्रत्याशियों में राँची के हरिनाथ साहू, एवं अन्य सभी लोकसभा के पूर्व प्रत्याशियों ने सभा को संबोधित किया । मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू, सतीश गांधी, उपाध्यक्ष मोहम्मद अजहर आलम, हरिनाथ साहू, हजारीबाग लोकसभा प्रभारी रामविलास साहू के अलावे अन्य दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## भू रैयतों ने एनटीपीसी को मांगपत्र सौंपा

उज्जवल दुनियां संवाद दाता

**केरेडारी।** भू रैयत विस्थापित प्रभावित समिति भदईखाप के द्वारा एनटीपीसी के अधिकारी नीलमाधव स्वाइन को एक लिखित मांगपत्र सौंपा गया है! इस मांगपत्र में भू रैयतों की बनी कमिटी को एनटीपीसी से मान्यता देने,कोयले की ट्रांसपोर्टिंग सड़क के निर्माण में जमीन दाताओं को एनटीपीसी से रोजगार उपलब्ध कराने,समय समय पर पानी के छिड़काव,ट्रांसपोर्टिंग के दौरान होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में मुवाबजे की राशि का निर्धारण करने की मांग की गई हैं!वहीँ ट्रांसपोर्टिंग सड़क में रोजगार से जुड़े गए भू रैयतों को मानदेय की राशि सुनिश्चित की जाय व ट्रांसपोर्टिंग सड़क से स्थानीय भू रैयतों को मेडिकल एवं स्वास्थ्य सम्बंधित जांच समय समय करवाया जाय! इसके साथ ही पुरे पंचायत का समुचित विकास कराया जाय! मांगपत्र मिलने के बाद एनटीपीसी के अधिकारी नीलमाधव स्वाइन ने कहा की भू रैयतों की मांग जायज है व इनकी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जायेगा! मौके पर रामेश्वर साव,मो मनोवर,चन्दन कुमार,रितेश कुमार,बिजेंद्र यादव, बिकाश कुमार, ईश्वर यादव, आलम अंसारी, आशिक अंसारी, इदरीश अंसारी, चन्दन कुमार, कृष्णा कुमार, मो सरफराज, सुनील कुमार, राजेश कुमार साव, बिनोद साव, राजकुमार साहू, सुनील कुमार, आशा देवी, शांति कुमारी, जानकी साव.पूनम देवी, दयाल साव, सिटन साव,चौहन साव, रीता देवी, अनीता देवी सहित भू रैयत मौजूद थे!

## ई ग्राम स्वराज परियोजना को सक्रिय करने के लिए मुखिया, पंचायत सेवक वीएलई संग बीडीओ ने किया बैठक

## पंचायत स्तरीय भुगतान पंचायत सचिवालय से ही करने और वीएलई संग समन्वय बनाने का मिला निर्देश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** ई-ग्राम स्वराज परियोजना को पंचायत सचिवालय से पूर्णतया सक्रिय करने के उद्देश्य से बीडीओ सी आर इंदवार ने प्रखंड सभागार में एक महत्पूर्ण बैठक किया। जिसमे विभिन्न पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव और पंचायत शिफ्टेड वीएलई शामिल हुए। जिसका संचालन पंचायती राज समन्वयक विजय कुमार ने किया।बीडीओ ने सभी लोगो को आपसी समन्वय स्थापित कर पंचायत सचिवालय को पूर्णतः सक्रिय करने का निर्देश दिया। उन्होंने पंचायत मुख्यालय को कार्यालय अवधि के दौरान खोलने के साथ पंचायत के सभी कार्य पंचायत सचिवालय से ही करने का निर्देश दिया। साथ ही पंचायत स्तरीय सभी भुगतान पंचायत सचिवालय से ही करने की बात कही। बीडीओ ने यह भी बताया कि शीघ्र ही सभी पंचायत सचिवों का रोस्टर जारी कर पंचायत मुख्यालय में बैठने के दिन निर्धारित कर दिया जायेगा। समन्वयक श्री कुमार ने बताया कि सभी पंचायत को जेम पोर्टल का प्राइमरी और सेकंडरी यूजर आईडी और पासवर्ड होना अनिवार्य है। कोनरा, बरही पश्चिमी, पूर्वी, भंडारों, धनवार आदि दस पंचायत का प्राइमरी आई डी बनाए जा चुके है, वीएलई को दो दिनों के अंदर पंचायत सचिव संग समन्वय बनाकर सेकेंडरी आईडी बनाने का निर्देश दिया गया। मुखिया और सचिव को पंचायत में होने वाले सभी प्रकार की खरीदारी को जेम पोर्टल से ही करने की बात कही गई. बैठक के अंत में आवास समन्वयक के के भारती ने सभी मुखिया व पंचायत सचिव को अबुआ आवास को निर्धारित माप दंड के आधार पर ही करने हेतु लाभुको को गाइड करने की बात कही। बीडीओ ने यह भी बताया कि शीघ्र हीं वह स्थल निरीक्षण निर्माण कार्य का जायजा लेंगे। वही बालू की समस्या का शीघ्र ही निदान करने का भी आश्वासन दिया। बैठक में धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, बेंदगी मुखिया सिकंदर कुमार राणा, रसोईया धमना मुखिया गोविंद प्रसाद, कोनरा मुखिया यास्मीन तबस्सुम, करियारपुर मुखिया मनोज कुमार, बसरिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, बरही पश्चिमी मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, सहित पंचायत सचिव प्रभु दयाल, ललिता कुमारी, जितेंद्र साव, प्रियंका प्रकाश, लक्ष्मी कुमारी, संजू कुमारी, नेमधारी महतो, वीएलई जयदीप कुमार सिन्हा, पप्पू कुमार टोप्पो, मनीष कुमार, मोती सिंह, दिलीप रजक, प्रभात कुमार सिंह, चंदन कुमार, नान्हू यादव, गणेश यादव, उमेश प्रसाद, राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

## सड़क निर्माण बना लूट का जरिया, ठीकेदार लीपा-पोती कर लोगों को लगा रहे चुना

अरविंद कुमार सिंह/उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

### ग्रामीण लगातार लगा रहे आरोप, जांच की मांग

- भगहर, बेलाही व चैथी मोड़ से ठूठी तक सड़क निर्माण में घोर अनियमितता का आरोप
- आम जनों की समस्या दूर करने की बजाय बढ़ाना ही लगता है ठीकेदारों की मंशा

**चौपारण।** एक ओर जहां सरकार सड़कों का जाल बिछाने का दम्भ भरती है वहीं क्षेत्र में बन रहे सड़को में दोयम दर्जे का काम से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। फिर चाहे भगहर रोड की बात हो या बसरिया से रामपुर भाया बरवाडीह सड़क हो। या फिर चैथी मोड़ से लेढिया नदी तक बनी सड़क हो। सभी कार्यों में ग्रामीण ठगा महसूस कर रहे हैं। प्रखण्ड मुख्यालय से भगहर पंचायत को जोड़ने वाली जर्जर हो चुकी मुख्य सड़क का जीर्णोद्धार का कार्य हो रहा है। वहीं बसरिया से रामपुर भाया बरवाडीह रोड में भी अनियमितता की शिकायत ग्रामीणों के द्वारा की गई है। सड़क के जीर्णोद्धार का कार्य 9 करोड़ 45 लाख में पूर्ण होना है। जीर्णोद्धार कार्य में ठीकेदार द्वारा घोर अनियमितता बरती जा रही है। इसे लेकर भगहर पंचायत के दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने गुरुवार को साइड पर आकर काफी विरोध और हंगामा किया और काम को एस्टीमेट के अनुरूप करने की मांग की।

कई सड़को का निर्माण कार्य बदतर इस बाबत ग्रामीणों ने बताया कि काफी लंबे वर्षो के बाद सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ है। पर ठीकेदार के द्वारा कार्य मे घोर अनियमितता बरता जा रहा है। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि भगहर में अभी सड़क पिचिंग किया जा रहा है पर कंस्ट्रक्शन कम्पनी के द्वारा मटेरियल सही अनुपात में नहीं डाला जा रहा है,केमिकल भी कम मात्रा में डाला जा रहा है। साथ ही पिचिंग भी 2 इंच के बजाए 1 से डेढ़ इंची ही किया जा रहा है। ग्रामीणों ने पिचिंग किए गए कई जगह पर पिच हटाया तो एक से डेढ़ इंची पर ही मिट्टी साफ साफ दिखाई देने लगा। वहीं जहाँ पीसीसी सड़क है वहां पर पीसीसी ढलाई करना है पर उसमें भी मनमाने तरीके से पिचिंग कर दिया जा रहा है। इसके अलावा ग्रामीणों ने बताया कि जीएसपी डालने के बाद उसमें पानी डालकर वाईब्रेशन चलाना है। तब पिचिंग करना है पर बिना पीना डाले वाईब्रेटर चलाए ही पिचिंग किया जा रहा है। जिससे सड़क कभी भी धंस सकता है। इसके अलावा ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में 5 से 6 जगह पर गार्डवाल था जिसे भी तोड़ दिया गया और बिना गार्डवाल बनाए ही सड़क बनाया जा रहा है। साथ ही सड़क के दोनों तरफ गड्ढा कर के मिट्टी को सड़क में भर दिया गया। जबकि मिट्टी को कहीं दूसरे जगह से भरना था। दोनों तरफ गड्ढा होने से कभी भी हादसा हो सकता है। इसके अलावा जुड़हा जंगल से कुहदा जंगल तक लगभग 6 किमी नाली था उसे भी तोड़ दिया गया है। यही हाल दूसरे सड़क की भी है जहां नियम को ताक पर रख कर सड़क के किनारे से ही मिट्टी उठा कर भरा जा रहा है। जिससे सड़क के किनारे नाला बन रहा है जो कभी भी दुर्घटना के लिये पर्याप्त है। वहीं चैथी मोड़ से लेढिया नदी तक का कार्य पूर्ण हुवे अभी महज कुछ माह ही बीते हैं परंतु सड़क में गड्ढे बनने शुरू हो गए हैं। इस तरह से सड़क निर्माण लूट का एक बहुत बड़ा जरिया बनता जा रहा है। जिसके तहत ठीकेदार सरकार और लोगों को चुना लगा रहे हैं।

## ट्रक ने टमाटर लदे टेंपो को टक्कर मारकर भागने के क्रम में पलटी, ड्राइवर खलासी घायल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के हजारीबाग मार्ग के ओदरना घाटी में टीपी 5 के पास रेल पटरी के समान से भरा ट्रक जेएच 02 एआर 3735 ने टमाटर लदे टेंपो जेएच 02 बीएम 8986 को धक्का मार कर भाग रही थी। जिसके कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे ट्रक ड्राइवर लोहरदगा सुंदरपुर निवासी मोहम्मद सरफराज खान पिता हाजिप खान व उपचालक तौसीफ खान पिता असलम खान घायल हो गए।घायलों को ग्रमीणों के सहयोग से समुदाय स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव लाया गया जहां प्राथमिक उपचार कर ट्रक ड्राइवर को हजारीबाग रेफर किया गया। वहीं इस संबंध में ऑटो टेंपो मालिक अर्जुन कुमार साहू पिता मोहन साव ने बड़कागांव थाना में आवेदन देकर क्षतिपूर्ति करने का मांग व उचित कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया। अर्जुन कुमार साव ने आवेदन मे कहा कि में ग्राम बेस से बड़कागांव की ओर सब्जी आ रहे थे।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ को लेकर निकला कलश यात्रा

**बरही।** बरही प्रखंड के बेन्दगी पंचायत अंतर्गत पोड़ैया गांव में पांच दिवसीय श्री श्री 108 एकादशी व्रतोद्यापन सह श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञ के पहले दिन कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा में विधायक उमाशंकर अकेला मुख्य रूप से शामिल हुए। विधायक श्री अकेला ने महिला को कलश देकर विदा किया। मौके पर महेंद्र यादव, संगीता देवी, सुरेंद्र यादव, कविता देवी, भुनेश्वर यादव, मालती देवी के सौजन्य से किया जा रहा है। बतौर प्रवचनकर्ता वृन्दावन से चलकर आये बालब्याश शुभम पाण्डेय द्वारा किया जाएगा। यज्ञाचार्य वाराणसी के रहने वाले पंडित अंकित पाण्डेय शास्त्री कर रहे है। कलश यात्रा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव, स्थानीय मुखिया सिकंदर राणा, भाजपा वरिष्ठ नेता अम्बिका सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित साहू, अशोक सिंह, उपमुखिया अशोक राणा, गोविंद यादव, जगदीश सिंह सहित अन्य सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कलश यात्रा में पूर्व विधायक हुए शामिल

**बरही।** बरही प्रखंड के बेन्दगी पंचायत अंतर्गत पोड़ैया गांव में श्री श्री 108 एकादशी व्रतोद्यापन सह श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन मसोमात गौरवा देवी पति स्व प्रभु यादव के द्वारा पांच दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञ के पहले दिन कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। पूर्व विधायक यादव ने महिला को कलश देकर विदा किया। पूर्व विधायक ने एकादशी उद्यापन के पावन अवसर पर एकादशी व्रत धारण करने वाले सभी भक्तगणों पर ईश्वरीय कृपा होने हेतू क्षेत्र की सुख शांति और समृद्धि की कामना किए। कलश पोड़ैया जवाहर घाट पर जलाभिषेक कर पुन: यज्ञ मंडप पहुंचा। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज यादव ने यज्ञ के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आस्था हमारे धर्म का जीवन पद्धति है।

# चतरा जिले में भी सड़कों को बिछेगा जाल, बनाया जाएगा समृद्ध

## बिहार, यूपी और छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों को सड़कों से जोड़ने की जल्द होगी पहल

- केंद्रीय सड़क परिवहन सह राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दिलाया भरोसा
- पदभार संभालने के बाद केंद्रीय मंत्री से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मिले चतरा जिले के भाजपा नेता सुमन कुमार



### चौपारण की जानलेवा दनुआ घाटी पर भी चर्चा

दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात के दौरान भाजपा नेता सुमन कुमार सिंह ने बताया कि चतरा और हजारीबाग की सीमा पर स्थित दनुआ घाटी मौत की घाटी बन गई है। यहां लगभग हर दिन हादसे होते रहते हैं। यह भी बताया कि यह घाटी नई दिल्ली से कोलकाता को जोड़नेवाली जीटी रोड पर है। उन्होंने यहां लगातार हो रहे हादसे पर विराम लगाने के लिए अपने स्तर से पहल करने का अनुरोध किया। इस पर केंद्रीय मंत्री की ओर से कहा गया कि आजतक किसी अधिकारी ने उनको इस बात की जानकारी नहीं दी कि जीटी रोड पर स्थित दनुआ घाटी मौत की घाटी बनी हुई है। जल्द ही वे एनएचएआई के अधिकारियों से बात कर इसका समाधान निकालने का प्रयास करेंगे।

उज्जवल दुनिया संवाददाता/गीतांजलि

**चतरा:**-चतरा जिले में बहुत जल्द सड़कों का जाल बिछेगा। साथ ही यातायात की सुगमता बढ़ाने के लिए जिले को हर तरह से समृद्ध किया जाएगा। इसकी पहल जल्द शुरू की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में देश का कोई भी जिला विकास से अछूता नहीं रहेगा। उक्त बातें केंद्रीय सड़क परिवहन सह राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने चतरा के भाजपा नेता सुमन कुमार सिंह से कही। मालूम हो कि तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने के बाद शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने भाजपा नेता सुमन कुमार सिंह दिल्ली गए हुए थे। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर चतरा जिले की मूलभूत समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। साथ ही यह भी बताया कि इस जिले को सड़क मार्ग से समृद्ध करने पर कितने जिले और कितने राज्य के लोगों को लाभ मिलेगा। सुमन कुमार सिंह की बातों को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आश्वस्त कराया कि जिले के अधिकारियों की ओर से वे जमीन आवंटन कराने की पहल कराएं। अगर समय से सबकुछ हो गया तो वे चतरा जिले में सड़कों का जाल बिछा देंगे। साथ ही उन्होंने ईमानदारी के साथ काम को पारदर्शी तरीके से आगे बढ़ाने की हिदायत भी दी। बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री की ओर से बताया कि उनका विशेष ध्यान झारखंड पर है। साथ ही यह भी कहा कि जल्द ही सबकुछ रास्ते पर आ जाएगा।

# लोगों को खुब भा रहा अमित की अयोध्या पर रची कविता

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**चतरा।** हाल ही में लिखी गई सिमरिया के कवि अमित प्रेमशंकर की एक कविता काफी तेजी से वायरल हो रही है। बता दें कि तुम कहो अयोध्या वासी! कविता को अमित प्रेमशंकर ने अपने फेसबुक आईडी पर 5 जून को साझा किया था, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया और देखते देखते यह कविता पूरे देश में आग की तरह फैल गई। अलग-अलग साहित्यिक समूहों के माध्यम से लगभग दस हजार लोगों ने सिर्फ शेयर किया है। देश के विभिन्न प्रांतों के मित्र, स्नेही और शुभचिंतक,प्रेमशंकर को बधाईयां वह शुभकामनाएं प्रेषित कर रहे हैं। अमित ने बताया कि अबतक की उनके जीवन की यह सबसे अधिक लोकप्रिय कविता बन चुकी है।

**अंतरराष्ट्रीय काव्य पत्रिका, अमर उजाला ने भी अमित प्रेमशंकर की इस कविता को प्रकाशित किया है,जो किसी रचनाकार के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।**

गूगल पर सर्च किया तो सैकड़ों लोग इस कविता का विडियो बनाकर फेसबुक, यू ट्यूब, इन्स्टाग्राम, ट्विटर और अन्य सोशल मीडिया पर शेयर किया है और अब भी जारी है। कुछ लोग इस कविता को चोरी कर लेखक का नाम हटा दिया है और खुद वाहवाही लूटने की कोशिश कर रहे हैं जिससे अमित प्रेमशंकर आहत होकर ऐसे लोगों के खिलाफ सरकार से कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जिला चतरा के ग्राम एदला निवासी युवा कवि अमित प्रेमशंकर ने अबतक दर्जनों साझा काव्य संकलन व ₹मन की धारा₹ नामक एक एकल काव्य संग्रह की पुस्तक लिखी है जो अमेजन फ्लिपकार्ट यादि आनलाइन बाजारों में उपलब्ध है। दो दर्जन से अधिक हिन्दी व भोजपुरी एल्बम के लिए गीत भी लिखे हैं, जो काफी लोकप्रिय हुए हैं। इनकी कुछ कविताएं पोवारी और मराठी भाषा में भी अनुवाद हो चुकी है। अमित अबतक काव्य श्री साहित्य सम्मान, भावोन्नती साहित्य सम्मान, सुमित्रानंदन पंत स्मृति सम्मान, रैदास साहित्य सम्मान, साहित्य कर्नल सम्मान, सरदार भगत सिंह काव्य लेखन सम्मान व दिल्ली साहित्य रत्न से भी नवाजे जा चुके हैं। अमित प्रेमशंकर की आकांक्षा थी कि गीत व कविताओं के माध्यम से लोग उन्हें पूरे भारतवर्ष ही नहीं बल्कि विदेशों के लोग भी जाने, जो आज सच जैसा लग रहा है।

# कोयलांचल में हीटवेव का कहर जारी, एक की मौत

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता/नंदन कुमार

**चरही।** हजारीबाग जिले के चरही कोयलांचल क्षेत्र में इन दिनों गर्मी का प्रकोप जारी है। पूरे प्रदेश का ही यही हाल है। चरही कोयलांचल क्षेत्र शुक्रवार को 45 डिग्री के पार पारा जा चुका था। सीसीएल में ड्यूटी के दौरान गर्मी से कई लोग बेहोश हो जा रहे है। वंही ट्रेनों में और रोड पर चलते हुए दम तोड़ रहे हैं। चरही थाना क्षेत्र के तापिन नॉर्थ में कार्यरत कर्मी लू की चपेट में आने से एक कि मौत हो चुकी है। कोयलांचल आग की तरह धधक रहा है। आसमान इन दिनों आग उगल रही है और सड़कों पर लॉकडाउन वाला नजारा दिख रहा है। पिछले कुछ दिनों से लू की चपेट में आने से हजारीबाग जिला व प्रदेश में अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। चरही कोयलांचल क्षेत्र में गुरुवार को 45 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। वंही शुक्रवार को 44 से 45 डिग्री तापमान मापा गया है। मौसम विभाग के अनुसार हजारीबाग के आसपास में 17 जून तक तापमान में गिरावट की कोई आसार नही है। हजारीबाग में हीटवेव का कहर जारी है। हीटवेव के कारण चरही थाना क्षेत्र के बहेरा पंचायत के फुसरी गांव निवासी चुटन मांझी पिता रतिया मांझी 50 वर्ष की गुरुवार को लू लगने से मौत हो गया था। जानकारी के अनुसार फुसरी गांव निवासी सीसीएलकर्मी चुटन मांझी दोपहर नदी में नहाने के बाद अपने घर झरना टोला गया था। खाना खाने के बाद आराम करने के लिए कमरा में जाकर सो गया। परिजन जब शाम चार बजे उसे उठाने लगे। लेकिन वह नहीं उठा। घरवालों ने तत्काल उसके चेहरे पर पानी छिटककर उठाने का प्रयास किया, नहीं उठने पर घरवालों ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दिया।

# अतिक्रमण हटाने की नोटिस के खिलाफ बंद रही दुकानें

## विधायक के नेतृत्व में एसडीओ से मिला दुकानदारों का प्रतिनिधिमंडल

**30 जून तक राहत देने का मिला आश्वासन**



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**चतरा।** सिमरिया शुक्रवार को बंद रहा।अतिक्रमण हटाने की नोटिस मिलने के बाद दुकानदारों ने बंद बुलाया था।दरअसल सिमरिया एसडीओ सन्नी राज के निर्देश पर अंचल विभाग ने कई दुकानदारों को दुकान के आगे बनाए गए शेड को हटाने के लिए एक से डेढ़ सप्ताह की मोहलत दी थी।अधिकतर दुकानदारों की मोहलत 18 जून को समाप्त हो रही है।प्रसाशन के कड़े रुख को देखते हुए सिमरिया विधायक किशुन दास के नेतृत्व में दुकानदारों का प्रतिनिधिमंडल सिमरिया एसडीओ से मिला। और दुकानदारों को राहत देने का आग्रह किया। फसल सुरक्षा केंद्र के संचालक सह मखिया सुधीर सिंह ने कहा कि बरसात में ग्राहकों को सुविधा देने के लिए शेड का निर्माण कराया गया है। अगर बरसात तक समय मिल जाता तो दुकानदारों को राहत मिलती। दुकानदारों को एसडीओ ने कहा कि दुकानदारों को आवंटित आकार के अतिरिक्त वे पांच फीट तक शेड निर्माण के लिए राहत दे सकते हैं। एसडीओ ने कहा कि वे सभी दुकानदारों को 30 जून तक राहत देने को तैयार हैं। इसके बाद अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाएगी।

## सांसद मनीष के पहल पर मासीपीढ़ी चौक पर जल जमाव को लेकर एनएचआई अधिकारी ने किया निरीक्षण



### मासीपीढ़ी चौक से कोनार नदी पुल तक जल्द बनेगा नाली

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** एनएच फॉर लेन हजारीबाग रामगढ़ पथ पर स्थित मासीपीढ़ी चौक के पास जल जमाव होने की शिकायत पर एनएचआई के अधिकारियों ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। एनएचआई अधिकारी ने कहा की जल जमाव की समस्या को दूर करने के वहां स्थित पुलिया को सफाई किया जाएगा। इसके बाद मासीपीढ़ी चौक से कोनार पुल तक सड़क के दोनो ओर नाली बनाया जायेगा। मासीपीढ़ी चौक के सड़क पी वर्षा का पानी दो फीट से अधिक जल जमाव हो जाता है। इसके कारण इस जगह पर कई मोटरसाइकिल और स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। इसकी शिकायत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल से नगर निगम वार्ड 36 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अविनाश कुमार यादव और मासीपीढ़ी के ग्रामीणों ने किया। सांसद मनीष जायसवाल ने मासीपीढ़ी में हो रहे जल जमाव की समस्या से एनएचआई अधिकारी को अवगत कराया। सांसद मनीष जायसवाल के पहल पर एनएचआई के अधिकारी मासीपीढ़ी पहुंचकर निरीक्षण किया। मौके पर अमर कुमार सिंह, धीरज मंडल, छोटेलाल साहू, छोटू खान, अवध मण्डल, रणधीर कुमार समेत वार्ड 36 और मासीपीढ़ी के कई लोग उपस्थित थे ।

## सेवा सहयोग समिति ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

# सदर विधानसभा क्षेत्र के समस्त प्रखंडों के पंचायत में आयोजित किया जाएगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**स्वास्थ्य शिविर में हर वर्ग के लोगों का रखा जा रहा है ध्यान : हर्ष अजमेरा**



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के अद्रा पंचायत भवन में सेवा सहयोग समिति के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया पहले चरण में कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन किया जा रहा है,आयोजन बीते 12 जून से प्रारंभ होकर 30 जून तक निरंतर कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद द्वितीय चरण तृतीय चरण एवं चतुर्थ चरण में सदर विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रखंडों में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा ताकि संपूर्ण सदर विधानसभा क्षेत्र की जनता जनार्दन स्वस्थ और निरोग रह सके। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया वहीं कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में अडरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विजय राम, वार्ड सदस्य अनिता देवी, सोहन गंडर, सरस्वती देवी, करीना देवी, अनिल कुमार शामिल थे। शिविर के माध्यम से पंचायत की 300 से भी अधिक ग्रामीणों ने इसका लाभ लिया शिविर में मुख्य रूप से सुप्रसिद्ध चिकित्सक जनरल फिजिशियन एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ मौजूद रहे। शिविर के दौरान जांच करने वाली मरीज को निशुल्क दवाई वितरण किया गया वहीं साथ में ब्लड बीपी शुगर, पल्स एवं वजन निशुल्क जांच किया गया शिविर सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर करीब 3:00 बजे तक निरंतर रूप से चला रहा। स्वास्थ्य शिविर हजारीबाग आरोग्यम अस्पताल के विशेष सहयोग से लगाया गया था। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि स्वास्थ्य से बड़ा कोई दान नहीं होता इसी दृष्टिकोण से सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के पंचायत में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर मे बुजुर्गों को काफी राहत मिल रही है, स्वास्थ्य शिविर में महिलाएं बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। स्वास्थ्य शिविर में हर वर्ग के लोगों का ध्यान रखा जा रहा है, सेवा सहयोग समिति निरंतर लोगों की सेवा के लिए समर्पित है। कटकमदाग प्रखंड में अगले 30 तारीख तक विभिन्न पंचायत में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके बाद सदर विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रखंडों में आयोजित किया जाएगा। मौके पर ग्रामीणों ने कहा की स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से हम लोगों को काफी राहत मिली शहर जाने में इस प्रचंड गर्मी में काफी तकलीफ है ऐसे वक्त पर हमारे पंचायत में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होना यह काफी अच्छा बात है हम विशेष रूप से धन्यवाद देते हैं हर्ष अजमेरा एवं उनकी पूरी टीम को जिन्होंने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हमारे पंचायत में किया। मौके पर पूर्व मुखिया उदय साव,अनिल भोक्ता, राजेन्द्र भोक्ता, सुनिल कुमार पाण्डेय, अशोक महतो, रामकिशोर शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर श्रीनिवास ब्लड बैंक में लगाया गया रक्तदान शिविर

# 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का दिया परिचय



हजारीबाग। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एवं श्रीनिवास पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस पर श्रीनिवास ब्लड बैंक में दिन शुक्रवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में डेंटल कॉलेज एवं श्रीनिवास पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के कई छात्रों ने बढचढ कर अपना सरहानीय योगदान दिया। शिविर में कुल 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। मौके पर विशेष रूप से सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास, प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण, उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव, डॉ अली एवं डॉ राम लखन सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास एवं अन्य गणमान्य लोगों ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई किया। मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि कई बार ऐसा देखा जाता है कि रक्त के अभाव के कारण कई पीड़ितों का अपना जान गवानी पडती है। विश्व रक्तदाता दिवस पर थैलेसीमिया पीड़ित एवं जरूरतमंदों के सहयोगार्थ में रक्तदान शिविर लगाया गया है। ताकि ससमय उन्हें रक्त उपलब्ध हो सके व उनकी जान बचाई जा सके। उन्होंने कहा कि रक्तदान पर फैली दुष्प्रभाव अब धीरे-धीरे समाप्त होते जा रहा है।मौके पर डेंटल कॉलेज उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव ने कहा कि रक्तदान महादान है। हर व्यक्ति को हर तीन महीने में अवश्य रक्तदान करना चाहिए। मौके पर विशेष रूप से श्रीनिवास ब्लड बैंक के डॉ राम लखन के देखरेख में इंचार्ज आशुतोष झा, आशीष कुमार, उष्षा कुमारी एवं सोनी कुमारी सहित ब्लड बैंक के कई कर्मियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

# विश्व रक्तदान दिवस के मौके पर दामोदर घाटी निगम कोनार डैम में आरोग्यम अस्पताल के सहयोग से लगा रक्तदान शिविर



हजारीबाग। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर पूरे भारतवर्ष में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कार्यक्रमों के बीच हजारीबाग के दामोदर घाटी निगम कोनार डैम के सभागार में आरोग्यम अस्पताल के सहयोग से एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन दामोदर घाटी निगम कोनार डैम के उच्च अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात रक्तदान शिविर विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ, रक्तदान शिविर में महिलाओं ने भी बड़ा-बढ़ कर हिस्सा लिया, रक्तदान शिविर में 33 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। दामोदर घाटी निगम कोनार डैम के अधिकारियों ने कहा की रक्तदान शिविर मानवता का सबसे बड़ा परिचय देता है हर लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इसी के दृष्टिकोण से सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 33 लोगो ने रक्तदान किया। अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान माना जाता है, हर कोई को रक्तदान अवश्य करना चाहिए मानवता के प्रति हर कोई को साक्षी बनना चाहिए। हर स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान करने के लिए सक्षम रहते हैं उनकी उम्र 18 वर्ष आयु से अधिक एवं 60 वर्ष आयु से कम होनी चाहिए। ब्लड बैंक टीम में डॉ.एस.के.सिंह, मोहम्मद नदीम (ब्लड बैंक प्रभारी),ओम प्रकाश सिंह तकनीशियन,मुन्ना वर्मा तकनीशियन, पंकज कुमार तकनीशियन,किरण कुमारी काउंसलर, राजकुमार ऑफिस बॉय सहित कई लोग मौजूद थे।

# भूल करके भी जिसे भुला न सकेंङ्क की प्रस्तुति से दिव्य ग्रंथ अध्ययन केन्द्र की ऑनलाइन कवि गोष्ठी में बांधा समां



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**केरेडारी।** दिव्य ग्रंथ अध्ययन केन्द्र की ओर से संचालित कवि गोष्ठी गुरुवार को अपने निर्धारित समय से गूगल मीट पर ऑनलाइन संपन्न हुई! कोडरमा से पीयूष पाणि ने मंच का संचालन किया! अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने हिन्द देश के रहने वालों खेत-खलिहान निर्माण करोङ्कमी प्रस्तुति की! हजारीबाग के केरेडारी स्थित कंडाबेर से दिवाकर पाठक ने आतंक की आग में जब तुम भी जल जाओगे ङ्कमी प्रस्तुति कर आतंक परस्तों को एक कड़ा संदेश देते हुए, जीवन के यथार्थ को अपने शब्दों में पिरोया! जामताड़ा से उज्जवल मिश्रा ने लघु कथा ...की प्रस्तुति की! नेपाल से सुशील ने नेपाली भाषा में ग्रंथ पाठ ...की प्रस्तुति की! नेपाल से विमुंस पोडेला ने अलग अंदाज है यारा तेरे मुस्कुराने ... की प्रस्तुति की! पलामू से कवि गुरु ने नैन मिले तो चैन मिले ...की प्रस्तुति की! जमशेदपुर से पूनम शर्मा ने भूल करके भी जिसे भुला न सकें...की प्रस्तुति की! जमशेदपुर से ममता पंथ ने क्या डा.के पास ऐसी कोई दवा है,जिससे भूख न लगे ...की प्रस्तुति की। चतरा से रवीन्द्र नारायण पाठक,कोडरमा से ओमप्रकाश, हजारीबाग से श्याम किशोर मिश्रा, चतरा से अभिषेक,जमशेदपुर में पदस्थापित थानेदार राजीव,समेत देश के विभिन्न हिस्सों से कवियों ने भाग लेकर अपने अनोखे अंदाज में अपनी प्रस्तुति कर सबों के मन-मंदिर को आनंद रस से सराबोर कर दिया! कार्यक्रम का विराम कोडरमा से पीयूष पाणि ने अपनी हास्य रचना की प्रस्तुति कर सबों को लोटपोट कर दिया!

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने बालू लदा ट्रैक्टर को किया जप्त

**मरकच्चो :** नवलशाही थाना क्षेत्र के केशो नदी बालू घाट से नवलशाही पुलिस ने शुक्रवार की सुबह छापेमारी चलाकर बालू लदा एक सोनालिका ट्रैक्टर जब्त किया है। ट्रैक्टर को सुरक्षित नवलशाही थाना में रखा गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह नवलशाही थाना प्रभारी नितेश कुमार अपने दल बल के साथ मसमोहना केशो नदी बालू घाट से एक बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया हैं। साथ ही अग्रेतर कार्रवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी कोडरमा को सूचित कर दिया गया है।

### नियमो के खिलाफ कोल ट्रांसपोर्टिंग होने से प्रशासन ने 50 हाइवा और ट्रको को किया जब्त

**चतरा।** नियमो के खिलाफ कोल ट्रांसपोर्टिंग होने से औद्योगिक नगरी टंडवा मे एसडीओ सह आइपीएस सन्नी राज और सीओ बिजय कुमार ने आज देर शाम कोल कंपनियो के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। वाहनो के जाच के दौरान एनटीपीसी खनन और सीसीएल आम्रपाली के 50 से 60 कोल वाहनो को जब्त कर सनसनी मचा दिया है। सीओ ने बताया कि जांच के दौरान अधिकांश वाहनो मे तिरपाल नही थे तो कोयला ओवर लोडिंग था। जबकि कुछ मे खलासी नही था। इस संबंध मे एसडीओ ने आम्रपाली और एनटीपीसी खनन प्रबंधन को कोयला डिस्पैच फिलहाल रोक लगाने का निर्देश दिया है। बताते चले कि 12 जून को एसडीओ ने कोल ढूलाई पर आधा दर्जन नियमो को पालन करने का निर्देश प्रबंधन को दिया था।

### नवनिर्वाचित सांसद धन्यवाद यात्रा के दौरान पहुंचे विष्णुगढ़

**विष्णुगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित भाजपा सांसद मनीष जायसवाल को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता ने प्रचंड जनादेश देकर बड़े अंतर से जिताया। दिल्ली में आयोजित सपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के पश्चात शुक्रवार को आभार यात्रा के तहत विष्णुगढ़ में उनका आगमन हुआ। विष्णुगढ़ के आठ माइल और सात माइल चौक में थाने के समीप हजारीबाग संसद का गाजे-बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया ।इस दौरान महिला मोर्चा अध्यक्षा अंजू देवी के नेतृत्व में महिला भाजपा नेत्रियों के द्वारा सामुहिक रूप से पुष्पगुछ एवं अंगवस्त्र स्वागत किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सैंकड़ों भाजपा कार्यकताओं ने भी बारी बारी से पुष्पगुछ एवं फूल माला देते हुए भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद, नरेंद्र मोदी जिन्दाबाद, मनीष जायसवाल जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। तय कार्यक्रमानुसार सांसद मनीष जायसवाल ने बनासी महामाया माँ बागेश्वरी मंदिर जाकर आचार्य पुरेन्द्र मिश्रा के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर माँ का आशीर्वाद लिया एवम महंत अखाड़ा चौक स्थित बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवान बंशीधर का आशीर्वाद लिया।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न, दिये जरूरी दिशा-निर्देश

# पात्र लाभुकों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ दें : मेघा भारद्वाज

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा किया गया। सभी पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने तथा समस्याओं का यथाशीघ्र निष्पादन करते हुए लक्ष्य के अनुरुप योजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश डीसी ने दिए। सभी विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य कर ग्रामीण विकास की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाने की आवश्यकता है। इसमें सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें। ग्रामीण विकास की योजनाएं जैसे मनरेगा, शहीद पोटो हो खेल योजना, अबुआ आवास योजना और बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन समीक्षा करते हुए योजनाओं को प्राथमिकता देकर पूर्ण करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। निर्देशित किया गया कि सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने में सक्रियता से कार्य किया जाना चाहिए और लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्तर से ग्रामीणों को ग्रामीण विकास योजनाओं से जोड़ने के प्रयास होने चाहिए। उन्होंने पंचायत भवनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि 15वें वित आयोग के तहत आवंटित राशि का उपयोग कर शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में दस-दस चापानल लगाये जाने हैं। इसके अतिरिक्त राजस्व संबंधित समीक्षा करते हुए दाखिल खारिज मामलों को बिना वैध कारणों से आवेदन को रिजेक्ट न करें। साथ ही कहा कि जाति/आवासीय प्रमाणपत्र को लंबित न रहे, इसका ख्याल रखेंगे। जिला टास्क फोर्स को निर्देश दिया गया कि अवैध बालू उठाव व परिवहन पर सख्त कार्रवाई करें। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकार शिप्रा सिन्हा, जिला कल्याण पदाधिकारी अभिषेक आनंद, जिला पंचायत राज पदाधिकारी सना उम्मानी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद् झुमरी तिलैया नगर पंचायत कोडरमा समेत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी मौजूद रहे।

**सभी विभाग आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य कर जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लायें: उपायुक्त**

## अपर समाहर्ता आमजनों की समस्याओं से हुईं रूबरू, निदान के दिये निर्देश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा :** अपर समाहर्ता पूनम कुजुर द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्या सुना गया। उन्होंने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी। आमजनों ने अपनी अपनी समस्या यथा आवंटन उपलब्ध कराने, आयुष्मान कार्ड बनाने, जमीन पर कब्जा कर भवन बनाने, घर का मरम्मती और बोरिंग नहीं करने देना, चापानल की मरम्मती करने समेत समेत कई मामलों पर आवेदन अपर समाहर्ता के समक्ष रखा। अपर समाहर्ता ने सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदनों का जांच करते हुए जल्द से जल्द समाधान करने का निर्देश दिये।

## विधायक अमित कुमार यादव ने किया कलश यात्रा एकादशी उद्यापन यज्ञ का उद्घाटन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड के ग्राम चंद्रपुर में यज्ञकर्ता लक्ष्मण पंडित व शांति देवी द्वारा आयोजित श्री-श्री 108 एकादशी व्रत उद्यापन सह मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर शुक्रवार को कलश यात्रा, पंचाग पूजन, भागवत परायण व मंडप प्रवेश हुआ.यज्ञ का उद्घाटन करते हुए विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि यज्ञ के आयोजन से जहां एक ओर सामाजिक समरसता बढती है, वहीं दूसरी ओर यज्ञ वेदी के हवन से उठने वाले धुंए से वातावरण शुद्ध होता है.हर व्यक्ति को ईश्वर को याद करना चाहिए, यज्ञ में भाग लेना चाहिए तभी उन्नति व तरक्की संभव है.यज्ञ में 15 को वेदी स्थापना, भागवत परायण, आवंला पूजन व प्रवचन होगा. 16 को आवाहित देव देवी पूजन, एकादशी महामंत्र, 17 को दैनिक पाठ, मंडप पूजन, घृतढारी, तुलसी विवाह, रूकमनी विवाह व नगर भ्रमण होगा.18 को दैनिक पाठ, वेदी पूजन, हवन, शैय्यादान, गौ दान, पूणार्हूति, विसर्जन, कन्या भोजन, ब्राहमण भोजन एवं महाभंडारा आयोजित किया गया है जो दोपहर तीन बजे से शुरू होगा.यज्ञ में प्रतिदिन संध्या आरती व रात्रि कथा प्रवचन होगा.यज्ञ के आचार्य व प्रवचनकर्ता वाराणसी के आचार्य दिगंबर शास्त्री है.मौके पर पूर्व मुखिया अंजु देवी, मुखिया सुवंती देवी, किशोर यादव, गणेश राणा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## धनबाद मंडल द्वारा मंडल के विभिन्न खण्डों में चलाया गया टिकट चेकिंग अभियान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा :-** धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में धनबाद मंडल के विभिन्न खण्डों के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया इस जांच अभियान में कुल 1705 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे इस दौरान उनसे 09 लाख 76 हजार 660 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई चेकिंग अभियान में 168 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया इस अभियान का उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना, बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगाम लगाना एवं यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित करना है जिससे कि वो अगली बार टिकट लेकर यात्रा करे।

**1705 बेटिकट यात्रियों से 9 लाख 76 हजार रुपये गया वसूला**

### लचर विद्युत आपूर्ति को लेकर नीरा यादव अधिकारियों के साथ की आपात आवश्यक बैठक

## विभागीय अधिकारी विधायक के प्रश्न से हड़बड़ाए नजर आए

**नीरा यादव ने विभाग को अल्टीमेटम में कहा, कल से यदि 18 घंटे बिजली नहीं तो होगी आंदोलन**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा।** लचर अनियमित बिजली आपूर्ति को लेकर झुमरी तिलैया नगर अवस्थित मुख्य बिजली कार्यालय में विभाग के अधीक्षण अभियंता सुधांशु, कार्यपालक अभियंता सुब्रत बनर्जी, सहायक अभियंता गजेंद्र टोप्पो, संदीप कुमार, कनीय अभियंता उज्जवल कुमार तिवारी, हरी कृष्णा केसरवानी, कर्मा उरांव, अवतेश कुमार की उपस्थिति में आपात आवश्यक बैठक की गई। बैठक में नीरा यादव ने कहा पहले 22 घंटे बिजली आपूर्ति रहने के बाद कुछ वर्षों से प्रतिदिन 12 घंटे से कम क्यों हो गई, दूसरा प्रश्न की कई स्थानों पर ए.बी. स्विच क्यों नहीं लगा है, इस कारण तार फॉल्ट के कारण समूचे शहर का बिजली काटी जाती है । तीसरा आपने पूर्व की जर्जर तार कितनी बदली गई। नीरा यादव ने अधीक्षण अभियंता को झाड़ लगाते हुए बोली मेरे तीनों प्रश्न का जवाब तुरंत दीजिए । सारे प्रश्नों का जवाब देने में आधिकारी असमर्थ दिखे । 25 मेगावाट शहर के लिए स्वीकृत थी उसे उद्योग और प्लांट या व्यवसायिक स्थानों में खपत की जा रही है। दूसरे प्रश्न के अनुसार दो तीन जगह ए.बी. स्विच लगा है पर कोई भी चालू नहीं है। अधीक्षण अभियंता के अनुसार जिला को 65 मेगावाट जेबीभीएनएल से मिलती है, फिर भी शहर को 8 से 12 घंटे ही बिजली क्यों मिलती है। विधायक को इमरजेंसी नंबर दिया गया।

## श्याम बाबा के स्थापना के उपलक्ष्य में .....

**सांवरे की सखियों ने 9 वां मासिक कीर्तन श्री सत्यनारायण मंदिर में किया आयोजित**

**झुमरीतिलैया :-** सांवरे की सखियों का 9 वां मासिक कीर्तन श्री सत्यनारायण मंदिर में श्याम बाबा के स्थापना के उपलक्ष्य में किया गया। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ हुई। भजन का आरंभ गणेश वंदना और पितरों के गीत से हुआ। मौके पर कीर्तन भवन की मुख्य संचालिका विमला शर्मा ने श्याम बाबा सहित तुलसी मां के भजनों से सभी भक्तों को झूमा दिया। इसके बाद पायल कपसीमे जोशी ने काहे घबराता है दिल और काहे उदास है..... उषा शर्मा ने दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार.....संगीता जेठवा ने जब कोई नही आता तब श्याम आते है..... मिनी कपसीमे ने सांवली सूरत पे मोहन..... जैसे भजन प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर लता वर्मा,सारिका गुप्ता,अंजली वर्मा,शांति कपसीमे, रश्मि कपसीमे,सोनिया कपसीमे,इंदु कपसीमे,मधु सिंह,रीता पहाड़ी,रिचा पहाड़ी,शालिनी तर्वे,सीमा तर्वे,अनीता देवी,निर्मला देवी,पूनम कुमारी,रश्मि पिलानिया,अनुराधा गुप्ता,बबिता देवी, पुष्पा जोशी,नीतू आर्या,रीता देवी, सुधा शर्मा,सखी पहाड़ी,शिल्पी मिश्रा, समृद्धि सुरेलिया,उषा कपसीमे, सारिका कपसीमे,सुलोचना देवी,सोनी जयसवाल,आशा तर्वे,रेणु कपसीमे, संध्या कपसीमे,सुनीता देवी,मुन्नी देवी, अनुपमा देवी,वंदना देवी,अनीता देवी, अर्चना मोदी,अंजली वर्मा,नीलम जोशी,लता देवी,दीपा गुप्ता,शशिकला देवी,कविता देवी,मंजू कपसीमे,शोभा कपसीमे,ज्योति कपसीमे,आभा तर्वे आदि मौजूद थीं। सबने मिलकर बहुत ही सुंदर भजनों का प्रस्तुतिकरण किया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भजनों से गुंजायमान हो गया।

# रक्तदान से हुई 24037 लोगों की मदद

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**झुमरी तिलैया।** कोडरमा जिला में रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से निरंकारी मिशन एचडीएफसी बैंक, अग्रवाल समाज, मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा,, पुलिस विभाग, गायत्री परिवार, माहुरी समाज के द्वारा समय.समय पर शिविर का आयोजन कर रक्त दिया जाता है। मालूम हो कि शुक्रवार को विश्व रक्तदान दिवस का झुमरी तिलैया में आयोजन किया जाएगा। कोडरमा ब्लड बैंक के द्वारा गर्भवती महिलाओं कोए थेलेसेमिया एचआइवी दुर्घटना में घायल व्यक्ति तथा बिरहोर जनजाति के लोगों को निशुल्क रक्त दिया जाता है। वर्तमान समय में लगभग 42 अन्य थैलेसेमिया के मरीजों को चिकित्सक के अनुशंसा पर रक्त बिना डोनर के लिए उनके ग्रुप का रक्त दिया जा रहा है। ब्लड बैंक खुलने के बाद से 13 जुन 2024 तक 24208 लोगों को रक्तदान किया है जिसमें 24037 लोगों की मदद की गई।

**वर्षवार आंकड़ा, वर्ष रक्त देने वालों की संख्या रक्त वितरण यूनिट**

| | | |
|---|---|---|
| 2012 | 169 | 142 |
| 2013 | 603 | 561 |
| 2014 | 516 | 495 |
| 2015 | 1190 | 1148 |
| 2016 | 1439 | 1427 |
| 2017 | 816 | 740 |
| 2018 | 2344 | 2341 |
| 2019 | 2866 | 2850 |
| 2020 | 2655 | 2757 |
| 2021 | 2809 | 2931 |
| 2022. | 3885 | 3837 |
| 2023 | 3957 | 3991 |
| 2024 | 13 जुन तक 1840 | 1750 |

**सोशल मीडिया बना है माध्यम**

झुमरीतिलैया कोडरमा जिला के कई स्वयंसेवी संगठन रोटरी क्लब लायंस क्लब माहुरी वैश्य मंडल मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा, निरंकारी मिशन, डोमचांच का न्यूज अपडेट, विहंगम योग संस्थान,आदि संगठनों के अलावा कई लोग अलग.अलग ग्रुपों से जुड़े हुए हैं। मरीजों को समय पर रक्त मिले इसके लिए फेसबुक वाट्सऐप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया से जुड़कर लोगों को कोडरमा जिला ही नहीं देश के विभिन्न राज्यों में भी रक्त मुहैया कराने में भूमिका निभा रहे हैं।

### पहले मजबूरी में करते थे रक्तदानए अब स्वेच्छा

झुमरीतिलैया आमतौर पर महिलाएं रक्तदान करने दूर रहती हैं लेकिन हाल के कुछ वर्षों में यह धारणा टूटी है। पहले जरूरत पड़ने पर अपने परिवार के सदस्य या नजदीकी परिजन को ही महिलाएं रक्त देने के लिए तैयार होती थी। लेकिन अब जीवन के अनमोल रक्त की महत्ता समझने लगी हैं। ये महिलाएं सिर्फ अपने नहीं बल्कि किसी भी जरूरतमंद को रक्तदान करने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। कई महिलाएं हैं जो पहली बार तो अपने परिवार के सदस्य के लिए रक्तदान किया। इसके बाद रक्तदान की महत्व को समझा और बेहिचक जरूरतमंदों को रक्त देने के लिए अस्पताल पहुंच रही हैं। कई महिलाएं खुद तो रक्तदान कर रही है और दूसरी महिलाओं को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित कर रही है। कोडरमा की आधी आबादी के अंतर्गत महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता भाजपा नेत्री जूही दासगुप्ता समेत कई महिलाएं रक्तदान की मुहिम से जुड़ी हैं। रेडक्रॉस सोसाइटी के की मानें तो पूर्व में महिला रक्तदाताओं की संख्या मुश्किल से एकाध फीसदी थी। लेकिन अब रक्तदान करनेवालों में औसतन 20 फीसद संख्या महिलाओं की होती है। महिलाओं को इसके लिए जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

### 18 वर्ष पूरे होने पर करें रक्तदान : अजीत वर्णवाल

कोडरमा रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन अजीत वर्णवाल ने कहा कि 8 अगस्त 2012 को कोडरमा में ब्लड बैंक की स्थापना हुई। यहां पर कोडरमा घाटी में अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ऐसे में रेडक्रॉस सोसाइटी कोडरमा जिला स्वास्थ्य समिति के सहयोग से अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में रेडक्रास सोसाइटी के 5 संरक्षक 60 सदस्यों के जरिए सेवा भावना में टीम लगी है। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंक एक ऐसी जगह जहां कोई जाति.धर्म नहीं बल्कि भाईचारे व मानवता को लेकर रक्त लेनदेन की प्रक्रिया की जाती है। उन्होंने आह्वान किया कि किसी भी शुभ कार्य पर लोगों को रक्तदान करना चाहिए और खासकर जिस युवक.युवतियों की उम्र 18 वर्ष हो वे अपने जन्मदिन के दिन ही रक्तदान करें ये महादान होगा।

### 45 झारखण्ड बटालियन एनसीसी के दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

## नौवे दिन प्रशिक्षु डिप्टी एसपी ने कैडेटों को डिजिटल क्राइम एवं जुबेनाइल क्राईम के विषय में विस्तार से बताया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** 45 झारखण्ड बटालियन एनसीसी कोडरमा,ग्रुप हेडक्वाटर हजारीबाग के अन्तर्गत लेफ्टिनेंट कर्नल विजय कुमार, एसएम(सेना मेडल) के दिशानिर्देश में एटीसी कैम्प का दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जगन्नाथ जैन महाविद्यालय किया जा रहा है। इस कैम्प में कोडरमा जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों से 5 सौ कैडेट भाग ले रहे है। कैम्प के नौवे दिन कोडरमा जिले के प्रशिक्षु डिप्टी एसपी दिवाकर कुमार ने कैडेटों को डिजिटल क्राइम एवं जुबेनाइल क्राईम के विषय में विस्तार से बताया कि किशोरावस्था में बच्चे बिना समझे क्राइम के तरफ बढ जाते है। किसी भी कार्य करने से पहले विचार एवं बडों से अनुभव लेने के बाद ही कार्य करना चाहिये। सबसे पहले अपनी क्षमता एवं मेहनत पर ध्यान रखने के बाद ही बडे कार्य करना चाहिये। पूरे कैम्प को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए ऑनरेरी लेफ्टिनेंट रमेश कुमार राय,एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट (डॉ) विजेन्द्र कुशवाहा, लेफ्टिनेंट सुरज वर्मा,सुबेदार आलोक कुमार,सुबेदार अभय नारायण ठाकुर, सुबेदार सुदीप सरकार,नायक सुबेदार घसीटा राम,सुबेदार एस डी भगत, रामोचित कुमार,सिद्धार्थ कुमार, सोहित कुमार आदि तत्परता से लगे हुये है।

## अखिल भारतीय भुईया समाज कल्याण समिति बड़कागांव की बैठक संपन्न

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति बडकागांव का प्रखण्ड स्तरीय बैठक ग्राम हरली के देवी मंडप प्रागंण में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष प्रभु राम एवं संचालन प्रखण्ड सचिव शंकर कुमार भुईयां ने किया। प्रखण्ड अध्यक्ष प्रभु राम ने कहा कि अभी गर्मी अधिकतम तापमान पर है। लू लगने कि अधिक संभावना है। बाहर न निकले तथा निकले भी तो गमछा तोलिया साथ में पानी अगर संभव हो तो आम का शरबत तरबूज खीरा का अधिक सेवन करें। अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आश्यकता है। और गरमी को देखते हुए झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार विधालय बंद है।

## युवक के पैर में लगी गोली, पुलिस कर रही है जांच

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** मेदिनीनगर के सदर थाना क्षेत्र के रजवाडीह में हर्ष पाण्डेय नामक युवक के पैर में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगी है।

उसे इलाज क लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घायल हर्ष पांडेय गढवा के कांडी इलाके का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार घायल हर्ष गोली लगने का जो कारण बता रहा है वह संदेहास्पद है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि हर्ष पाण्डेय सदर थाना क्षेत्र के बडकागांव में अपनी बहन के घर रहकर पढाई करता था।

सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि घटना पूरी तरह से संदिग्ध है, युवक को गोली कैसे लगी इसकी जांच की जा रही है।

# जिला परिषद बोर्ड की बैठक संपन्न, लिए गए कई निर्णय

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** जिला परिषद बोर्ड की बैठक शुक्रवार को समाहरणालय के ब्लॉक-सी के सभागार हुई.जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह व उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी रवि आनंद समेत सभी सदस्य सहित विभिन्न पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में पूर्व में लिये गये निर्णयों और अनुपालन को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद विभिन्न विभागों की समीक्षा भी की गयी.जिला परिषद बोर्ड की बैठक में पिछले तीन बैंठकों में अनुपस्थित पदाधिकारीयों के विरुद्ध संबंधित विभाग को कार्रवाई हेतु पत्र भेजने का निर्णय लिया गया। वन विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं में बोर्ड न लगाये जाने पर सदस्यों द्वारा नाराजगी जाहिर की गयी। बैठक में पेयजल समस्या को लेकर बोर्ड के सदस्यों ने चिंता जाहिर करते हुए पंचायत स्तर पर खराब जल मीनार को अविलंब दुरुस्त करने को लेकर निर्णय किया गया। जलजीवन मिशन के खराब प्रदर्शन पर जांच टीम गठित करने के कई स्वास्थ केन्द्रों में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति का निदेश दिया गया। कस्तूरबा विद्यालयों में बच्चों के पोषण,आवासन आदि के गुणवत्ता में सुधार करने हेतु जांच दल के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। कृषि विभाग की योजना झारखंड मिलेट मिशन अंतर्गत मोटे अनाज की खेती के प्रस्ताव हेतु तीन हजार रुपये प्रति एक के प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया गया। विद्युत विभाग को जर्जर तारों के बदलने से संबंधित निदेश दिया गया। का निर्णय लिया गया।

आँगनबाी सेविका सहायिका के चयन में पोषक क्षेत्र से बाहर के व्यक्ति को चयनित करने पर हर हाल में रोक लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया। स्वास्थ विभाग बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा,बिजली विभाग,शिक्षा विभाग,समाज कल्याण,भूमि संरक्षण,कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग व अन्य विभागों की भी समीक्षा की गयी।

## ट्रक और ऑटो की टक्कर में पांच मरे, आठ घायल

**गढवा** (उज्ज्वल दुनिया)। झारखंड के गढवा जिले में ट्रक और ऑटो की भीषण टक्कर में पांच मजदूरों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना नगरउंटारी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 75 पर घटी। सभी घायलों को इलाज के लिए गढवा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे के शिकार सभी नगरउंटारी थाना क्षेत्र के सीरिया तोमर गांव के रहने वाले हैं। गढवा एसपी दीपक कुमार पांडेय ने मजदूरों की मौत की पुष्टि की है। मृतकों की पहचान दुद्धी महुली गांव के बिमलेश कुमार कनौजिया (42 वष), अरुण भुइयां (30 वर्ष), बिकेश भुइयां (20 वष), राजा कुमार (21 वर्ष) और राजकुमार भुइयां (53 वर्ष) के रूप में हुई है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, सभी मजदूर काम के लिए राज्य से बाहर जा रहे थे। सभी अगली सुबह शुक्रवार को नगरउंटारी रेलवे स्टेशन पर शक्तिपुंज एक्सप्रेस पकडने वाले थे। इसी क्रम में नेशनल हाईवे 75 पर पाल्हे में पुल के पास सामने से आ रहे एक ट्रक ने मजदूरों को लेकर जा रहे ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो कुछ दूर जाकर गिरा। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए गढवा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। सदर अस्पताल में डॉक्टर ने पांच मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मजदूरों के परिजन और शुभचिंतक मौके पर पहुंच गए हैं, वहीं गांव में कोहराम मचा हुआ है। घायलों में सीरिया टोंगर के राम प्रसाद राम (35 वर्ष), छोटू लाला भुइयां (35 वर्ष), उमेश भुइयां (35 वर्ष), राकेश भुइयां (36 वर्ष), मेराज अंसारी (27 वर्ष) और संजय भुइयां शामिल हैं।

## मानव तस्करों की चंगुल से लातेहार की नाबालिग मुक्त

**लातेहार (उज्ज्वल दुनिया)।** मानव तस्करों के मंसूबों को नाकाम करने के लिए रांची रेलवे स्टेशन पर मेरी सहेली और रेल पुलिस की टीम लगातार मुस्तैदी दिखा रही है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को रेल पुलिस ने मानव तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों तस्कर एक नाबालिग ल?की को बेहतर नौकरी की लालच देकर लातेहार से चेन्नई ले जा रहे थे। आरपीएफ इंस्पेक्टर दिगंजय शर्मा ने बताया कि मेरी सहेली टीम को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति नाबालिग ल?की के साथ स्टेशन पर घूमते देखे गए हैं। बातचीत के दौरान दोनों नाबालिग को बेहतर नौकरी दिलाने की बात कर रहे थे। सटीक सूचना पर इंस्पेक्टर दिगंजय शर्मा ने आरपीएफ की मेरी सहेली टीम के साथ स्टेशन पर दोनों तस्करों की तलाश शुरू की और उन्हें धर दबोचा। नाबालिग को मुक्त कराने के बाद उसे पुलिस अभिरक्षा में प्रेमाश्रय भेज दिया गया है। गिरफ्तार दोनों तस्करों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दिगंजय शर्मा ने बताया कि बेहद गरीब परिवार की नाबालिग ल?की को बेहतर नौकरी का लालच देकर लातेहार से रांची लाया गया था, जहां से उसे ट्रेन से चेन्नई ले जाया जाना था, लेकिन उससे पहले ही दोनों तस्करों को पक? लिया गया। गिरफ्तार तस्करों में लातेहार निवासी छोटू उरांव और रबलू उरांव शामिल हैं।

## डंडई में कई जगह आधी अधूरी सड़क दे रही है दुर्घटना को आमंत्रण

**डंडई** मेन बाजार लवाही मोड़ से रारो होते हुए पनघटवा डैम तक करोड़ों रुपए की लागत से सड़क बनाई जा रही है। लेकिन करीब 6 महीना पूर्व से ही कई जगह सड़क को अधूरा छोड़ दिया गया। जबकि बनी सड़क से अधूरे सड़क करीब 2 फीट नीचा है। इस जगह पर लोगों को सतर्कता के लिए कोई सांकेतिक बोर्ड नहीं लगाया गया है।जिससे अधूरा सड़क दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहा है। यदि बरसात से पहले सड़क का अधूरा निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया तो अधूरा पड़ा सड़क में पानी का जल जमाव हो जाएगा और दुर्घटनाएं अधिक होने की संभावनाएं बढ़ जाएगी। संवेदक के द्वारा सड़क का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ देने से लगातार लोग बाइक से गिर जा रहे हैं वहीं दुर्घटना होने से बाल बाल लोग बच रहे हैं वहीं रात्रि के समय दुर्घटना होने की संभावनाएं अधिक बनी रहती है । इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों ने बताया कि लवाही मोड़ डंडई से रारो होते हुए करोड़ों रुपए की लागत से सड़क बनाई जा रही है। लगभग सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण ही हो चुका है ।लेकिन डंडई में संवेदक के घोर लापरवाही के कारण हनीफ शेख के घर के पास सड़क का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। बताया कि सड़क के संवेदक जितेंद्र कुमार सिंह के द्वारा मनमाने तरीके से सड़क का निर्माण कार्य किया गया है। 6 महीना पूर्व हनीफ शेख के घर के पास सड़क को आधा अधूरा निर्माण कार्य छोड़कर संकीर्ण पीसीसी ढलाई किया है और एक तरफ करीब 2 फीट ढलाई करने के उद्देश्य से खाई बनाकर छोड़ दिया और आज तक पूर्ण कार्य नहीं कराया गया। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने बताया कि हनीफ शेख के घर के पास हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है अनजान राहगीर प्रतिदिन इस जगह बाइक से गिरने से बाल बाल बच रहे हैं।मामले में संवेदक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जिस जगह पर सड़क को अधूरा छोड़ गया है वहां पर कच्चा मकान है वे लोग दूसरे जगह शिफ्ट होंगे उसके बाद अधूरे सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा।

## शिक्षक के सेवानिवृत्ति के बाद विद्यालय में किया गया विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**कांडी।** प्रखंड के सरकोनी पंचायत अंतर्गत प्रा.वि महविया में शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया।विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहन राम के सेवानिवृति के बाद विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था।सरकोनी पंचायत मुखिया सुबोध कुमार वर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे।प्रधानाध्यापक मोहन राम 31 मई को सेवानिवृत्त हुए थे।मोहन राम ने 1986 में इसी विद्यालय में अपना पहला योगदान किए थे और वे इसी विद्यालय से 38 वर्ष एक माह और पांच दिन सेवा देने के बाद 31 मई को सेवानिवृत्त हुए।इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुखिया सुबोध कुमार वर्मा ने अपने सबोधन मे कहा कि बिना किसी आरोप के सरकारी सेवा से रिटायर होना किसी भी सरकारी कर्मी के लिए बहुत बी उपलब्धि होती है।कोई भी सरकारी कर्मी सरकारी सेवा से रिटायर होता है लेकिन उनकी सामाजिक जिम्मेदारी से अलग नही होते।समाज को उनकी आवश्यकता होती है।प्रा.वि मंडरा निष्फ के हेडमास्टर मोहम्मद शमशाद आलम ने भी विदाई समारोह में लोगों को संबोधित किए।मोहन राम ने कहा कि इस विद्यालय में सेवा देते हुए जो सहयोग विद्यालय के सहायक अध्यापक बसंत कुमार पाण्डेय व यहां के लोगों का मिला है उसे मैं कभी नही भुल सकता हूँ।मैं इसके लिए सभी को धन्यवाद देता हूँ।अंत में सम्मान पत्र ,अंगवस्त्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक दिनेश कुमार सहित ब?ी संख्या में ग्रामीण व बच्चे उपस्थित थे।.

## पौधारोपण व सोख्ता आम आदमी की जिम्मेवारीः आशीष भारद्वाज

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पौधारोपण व सोख्ता के लिए आम आदमी को खुद से सचेत रहने की आवश्यकता है। प्रकृति प्रदत्त संसाधनों को संरक्षित करना हमारी स्वयं की जिम्मेवारी है। आप अपने घर के जीतने भी यूज्ड पानी है उसको घर के अंदर ही एक पनसोखा बनाकर डिस्चार्ज करें ताकि अंडरग्राउंड वाटर मेंटेन हो। उक्त बातें 'पानी यात्रा' के तीसरे दिन आशीष भारद्वाज ने कही। श्री भारद्वाज शुक्रवार को युवाओं की टीम के साथ निमिया क्षेत्र के सदर थाना, ज्ञान निकेतन स्कूल, महाराणा प्रताप क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे थे। नगरनिगम क्षेत्र में व्याप्त पेयजल संकट के निराकरण हेतु चलाये जा रहे जनजागरण अभियान में श्री भारद्वाज ने कहा कि जल संचयन के लिए आम आदमी को अपने-अपने घरों में सोख्ता बनाने और घर के बाहर पौधारोपण करने की आवश्यकता है। श्री भारद्वाज ने कहा कि भूगर्भ जल का स्तर दिनों-दिन नीचे जा रहा है।

आज के यात्रा में मनीष सिंह, पिंकु तिवारी, नवीन तिवारी, शैलेश तिवारी, धनंजय रॉय, रवि शर्मा, बबलू चावला, साहेबजी नामधारी, इन्दु तिवारी, आशा शर्मा, वैजन्ती जी,चंदन तिवारी, निरंजन मेहता, शशांक सुमन, संदीप प्रसाद, दीपक प्रसाद, दिलीप गिरी, ज्ञानेश तिवारी, राहुल गुप्ता, संजीत पांडेय, वीरमणि तिवारी, शशिकांत तिवारी, अमित पाठक, सुमित पाठक, राकेश तिवारी, सूरज सिंह, रौशन पाठक, ईशान सिंह, गोलू दूबे उपस्थित रहे।

## श्रमिकों को नहीं मिल रही है कोई सुविधा

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ के धनबाद डिवीजन के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में बोकारो स्टील सिटी रेलवे गुड्स यार्ड और धनबाद बरमसिया गुड्स यार्ड का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर कार्यरत श्रमिकों ने मजदूर नेता राकेश सिंह का स्वागत करते हुए अपनी-अपनी समस्याएं बतायी। श्रमिक नेता ने कहा कि रेलवे मंत्रालय एवं श्रम मंत्रालय द्वारा रेलवे गुड्स यार्ड के अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों के हित में जो सुविधा एवं अधिकार लागू की गई है उससे उन्हें वंचित रखा गया है। श्रमिकों को सुरक्षा सामग्री देने, समुचित लाइट, धूलकण से बचाव हेतु पानी का छि?काव, भोजनावकाश के समय भोजन करने एवं आराम करने हेतु समुचित सुविधायुक्त विश्रामगृह, स्वच्छ पानी, एयर कूलर, बैठने हेतु चेयर आदि की व्यवस्था का प्रावधान है। परंतु धनबाद डिवीजन के लगभग सभी रेलवे स्टेशनों पर इससे श्रमिकों को वंचित रखा गया है। इस संदर्भ में वे धनबाद डिवीजन के डीआरएम एवं संबंधित अधिकारियों से मिलकर वार्ता करेंगे और जल्द से जल्द या सुविधा उपलब्ध कराने प्रयास करेंगे। यदि मामले की अनदेखी की गई तो आंदोलन किया जाएगा। मौके पर झारखंड प्रभारी राजकुमार पासवान, आद्रा डिवीजन अध्यक्ष हर्ष कुमार, डालटनगंज इकाई के संयोजक शंभू प्रसाद, धनबाद इकाई प्रभारी संजय कुमार, आस्त्री शाह, अजीत दीक्षित मौजूद थे।.

## एक-नजर

### सर्प दंश से महिला की मौत

**छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)।** छतरपुर थाना क्षेत्र के तेनुडीह निवासी अविनाश कुमार की पत्नी 23 वर्षीया रेणु देवी की सर्प दंश से मौत हो गयी। मृतिका के पति ने बताया कि रेणु सुबह शौच के लिए बाहर गई थी। इसी बीच सांप ने काट लिया। आनन-फानन में उसे छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। पीएमसीएच के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालाकि मृतका के मायके वालों ने हत्या की आशंका जतायी है।

### मुर्गा दुकान में चोरी

**छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)।** छतरपुर नगर पंचायत के लोहराही गांव में देवी मंडप स्थित मुगा दुकान से बीती रात चोरी हो गयी। चोरों ने दुकान के गेट में लगी जाली के तो?कर स्टेबलाइजर, गैस टंकी एवं अन्य सामानों की चोरी की है। भुक्तभोगी शुभम कुमार ने गांव के ही कुछ लोगों पर चोरी का आरोप लगाते हुए छतरपुर थाना में लिखित आवेदन दिया है।

### भीषण गर्मी के बीच पानी के लिए महिलाओं में जमकर हुई मारामारी

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र में जल संकट गंभीर समस्या बन गई है। पानी का जुगाड करने को लेकर लोग परेशान हैं। खासकर ड्राई जोन इलाके में स्थिति काफी विकराल रूप धारण कर लिया है। जल संकट से शहरवासियों को राहत दिलाने के लिए निगम प्रशासन टैंकर से जलापूर्ति करा रही है। गुरुवार को शहर के वार्ड नंबर छह के परशुराम नगर रेमा में टैंकर से पानी लेने को लेकर महिलाएं आपस में भि गई। कुछ लोग टैंकर पर कब्जा जमा कर पानी भर रहे थे। इसी दौरान विवाद शुरू हुआ और मामला मारपीट व गाली गलौज तक पहुंच गया। एक महिला ने दूसरी महिला का बाल पक?कर जमीन पर पटक दिया। आक्रोशित महिला ने प्रतिवाद करते हुए तसला फेंककर मारी। इधर एक पुरुष ने चालक से ट्रैक्टर का चाभी छीन लिया। आसपास के लोगों ने मामला शांत कराया और चालक को चाभी दिलवाया।

### चार धाम यात्रा के लिए बस हुई रवाना

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** शहर की पहली टूर एंड ट्रेवल्स एजेंसी 'घुमानेवाला डॉट कॉम' की तरफ से केदारनाथ की यात्रा कराने के लिए कल रात यात्रियों को लेकर बस रवाना हुई। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने यात्रियों को उनका आईडी कार्ड पहनाकर और हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। यह तीर्थ यात्री बस काशी विश्वनाथ, अयोध्या राम मंदिर, हरिद्वार, ऋषिकेश के रास्ते होते हुए यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ के साथ-साथ नैनिताल, नैना देवी का दर्शन कराते हुए वापस डालटनगंज लौटेगी। दूसरी बस सितंबर में रवाना होगी, जिसकी बुकिंग अभी से शुरू हो चुकी है। एजेंसी के लोगों ने बताया कि सावन महीने में देवघर के लिए भी बस रवाना होगी। मात्र 1600 रुपए में बुकिंग की जा रही है।

### होटल रमाडा को सील करने की मांग

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने शहर सहित पलामू जिले के विभिन्न खाद्य सामग्रियों के प्रतिष्ठानों में बन रही मिठाई एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर सवाल ख?ा किया है। उन्होंने फूड इंस्पेक्टर से पूरे जिले में टीम गठित कर खाद्य पदार्थ बेचने वाले प्रतिष्ठानों के सामानों की जांच करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शहर के कई प्रतिष्ठानों में घटिया पदार्थ से मिठाई एवं अन्य खाद्य सामग्रियां बनायी जा रही हैं, जिससे लोग बीमार प रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर शहर के 3डी स्टार होटल रमाडा में वेज की थाली में नॉनवेज का टुका मिलना गंभीर मामला है। ऐसी स्थिति में सभी हाई प्रोफाइल होटल, प्रतिष्ठानों, मिष्ठान भंडारों के सामानों की गुणवत्ता की जांच होनी जरूरी है। उन्होंने होटल रमाडा को सील करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि फूड इंस्पेक्टर की जो जिम्मेवारी है उसका वे निर्वहन नहीं कर रहे हैं एवं एसी के कमरे में बैठे-बैठे बे प्रतिष्ठानों के साथ सांठगांठ में लगे हुए हैं।

### लू लगने से रिटायर्ड अमीन की मौत

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** रेहला थाना क्षेत्र के उर्सुला गांव निवासी रिटायर्ड सरकारी अमीन 60 वर्षीय महाबीर राम की लू लगने से मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि गुरुवार की सुबह महावीर राम लू की चपेट में आ गए, जिससे उनकी तबियत अचानक बिग गई। परिजन उन्हें इलाज के लिए रेहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। वहां के चिकित्सकों ने इलाज के बाद भी उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में शुक्रवार की सुबह उनकी मौत हो गई।

### होटाई के ग्रामीणों ने उपायुक्त से लगायी पानी की गुहार

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पांकी प्रखंड के होटाई गांव के ग्रामीणों उपायुक्त को आवेदन देकर पानी की समस्य दूर करने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि होटाई पंचायत में चंकी टोला में पानी की घोर समस्या है। मनरेगा के एक कुआं के सहारे सभी लोग जी रहे हैं। कुएं का आसन की ऊंचाई कम होने के कारण प्यास बुझाने के चक्कर में कई बार जानवर गिर जाते हैं। कभी-कभी बच्चे भी कुएं गिर जाते हैं। बारिश होने पर खेतों का गंदा पानी कुआं में चला जाता है, जिसे मजबूरन लोगों को पीना पता है। लिहाल एक चापाकल चंकी टोला में विष्णुदेव सिंह के नाम से आया था, उसे भी गांव के कुछ दबंगों ने अपनी बस्ती में ही ग?वा दिया। नल जल योजना का चयन इस गांव के लिए हुआ है लेकिन ठेकेदार जानबुझ कर टाल मटोल कर रहा है। बरसात शुरू हो जाने के बाद बोरिंग की गा?ी जाने में दिक्कत होगी। स्थानीय मुखिया एवं विधायक से केवल आश्वासन ही मिलता है। विधायक ने सरकारी चापाकल कल की योजना को कार्यकर्ता योजना बना दिया गया है। अधिकतर चापाकल जनप्रतिनिधियों के कार्यकर्ताओं के गिरफ्त में हैं। इसकी अगर जांच कर कार्रवाई की जाए।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**पाटन (उज्ज्वल दुनिया)।** पाटन प्रखंड के कंचनपुर गांव में मृत्युंजय मौर्या के पुत्र के जन्मदिन पर विशाल भोजपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के मुख्य संरक्षक टीपी मेहता ने किया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के पलामू जिला अध्यक्ष अजीत कुमार मेहता और युवा जिला अध्यक्ष रिंकु मेहता प्रखण्ड एवं जिला कमिटी के साथ भोजपुरी स्टार प्रमोद प्रेमी को कुशवाहा समाज मेमोनटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अरुण मेहता, नगर निगम सचिव विश्वनाथ मेहता, युवा जिला सचिव टाइगर रौशन मेहता, अजीत मेहता, उपाध्यक्ष निरंजन मेहता, प्रखंड अध्यक्ष कमलेश मेहता, रामाकानत मेहता, दिलीप मेहता, संतोष मेहता, राजू भुईयां, जीतेन्द्र पासवान, मीडिया प्रभारी बबलू कुमार मेहता सहित कई लोग मौजूद थे। इस मौके पर अजीत कुमार मेहता ने अपने कार्यकाल में बिकाश के बारे मे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विकास के मामले में पलामू बीस साल पीछे हो गया। पानी के समस्या, एयरपोर्ट की समस्या, शिक्षा की समस्या, बेरोगारी की समस्या के बारे में विधानसभा में विधायक द्वारा बात नही रखी गयी।

### एमएमसीएच में भारी अनियमितता, जांच करायें उपायुक्तः बिट्टू पाठक

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ़ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में साथ में शमीम अहमद रयान, ईश्वरी प्रसाद सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, शानू खान, रिजवान खान, मुकेश सिंह और खुर्शीद आलम ने मेदनी राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का निरीक्षण किया।

# संपादकीय

## नीट पर बाजारवाद हावी होने के निहितार्थ

किसी देश या राज्य की पहली जिम्मेदारी अपने नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं जिनमें आवास और भोजन की पूर्ति करना ही प्रमुख नहीं होती, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी प्राथमिकताओं को पूरा करना भी अहम होता है। संस्कारित समाज की ये ऐसी आवश्यकताएं हैं, जिनसे राज्य व देश का सुनहरा भविष्य छिपा होता है। व्यक्ति जितना पढ़ा-लिखा और हुनरमंद होने के साथ अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार होगा वह राज्य व देश उतना ही ज्यादा तरक्की करेगा। इसलिए सरकार से उम्मीद की जाती है कि वो इन सेवाओं को निःशुल्क या कम से कम खर्च में नागरिकों को उपलब्ध कराए। इसके लिए पूंजीवादी सोच और बाजारवाद को तिलांजलि देने की आवश्यकता होती है। जहां ऐसा होता है, वहां विकास की गंगा बहती है, लेकिन जहां पैसा ही सब कुछ हो जाता है, वहां मानव सेवा वाली सोच नदारद हो जाती है और बाजारवाद फलने-फूलने लगता है। यह सब इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि नीट मामले को लेकर जो खुलासे हुए हैं और जिस तरह से अदालत ने ग्रेस मार्क्स पाने वाले बच्चों को दोबारा इम्तिहान देने को कहा है, उससे एक बात तो तय हो गई कि सब कुछ सही नहीं है। घपले पर घपला तो यह रहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यानी नीट-यूजी 2024 में कथित विसंगतियों के आरोपों के बीच परीक्षा का आयोजन करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इसकी गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष प्रदीप कुमार जोशी को ही जांच पैनल का प्रमुख नियुक्त कर दिया। इस फैसले की भी खूब आलोचना हुई है। इस निर्णय के बाद जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठना लाजमी था, सो वही हो रहा है।

वैसे देखा जाए तो नीट एग्जाम के नाम पर एक अनैतिक व्यवसाय ने जगह ले ली है। इसके पीछे खरबों रुपयों के घपला-घोटाले का खेल भी चलता नजर आ रहा है, जिसे लेकर समय-समय पर चर्चाएं तो होती हैं, लेकिन कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में परिणाम भी नहीं मिल पाता है। इस स्थिति में तमाम कोशिशें ढाक के तीन पात साबित होती हैं। इसमें पिसते हैं वो मासूम बच्चे जो मेडिकल में अपना भविष्य बनाने के लिए उस व्यवस्था का हिस्सा बनने की कोशिश करते हैं, जिसमें जाकर वो अपने आप को पूंजीवादी मकड़जाल में फंसा हुआ पाते हैं। इनमें से जो हिम्मत हार जाते हैं वो समय पूर्व ही मौत को गले लगा अपने पीछे एक दर्दभरी दास्तां छोड़ जाते हैं। इन बच्चों के माता-पिता के दिल से पूछिए वो किस स्थिति में फिर जीते हैं। तिल-तिल कर मरने को जीवन तो नहीं कहा जा सकता है। जिन पालकों के बच्चे नीट की तैयारी करते हैं, उनके दिलों से पूछिए वो कभी चैन की नींद भी सो पाते हैं? ऐसे पालक और अभिभावक किसे दोष दें और किसे कोसें, शायद उन्हें खुद भी समझ नहीं आता है। नियति का खेल समझ सब सहते हैं और अंततः सामने आता है एक नीट घोटाला जो अदालत तक जाकर भी अनसुलझा प्रतीत होता है।

दरअसल पिछले दिनों जिस तरह से नीट पेपर लीक होने के आरोप लगे और फिर रिजल्ट को लेकर सड़क पर प्रदर्शन से लेकर अदालत तक जो आवाजें उठीं उसने इस गोरखधंधे से पर्दा उठाने का कार्य तो कर ही दिया है। गौर करें छात्र-छात्राएं अपनी तीन मांगों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे खटखटाते हैं। इनकी पहली मांग होती है, कांउसलिंग को रोका जाए। कोर्ट सुनवाई करते हुए कहता है, काउंसलिंग को रोका तो नहीं जा सकता। फिर मामला आगे बढ़ता है तो समय बढ़ाते हुए 6 जुलाई से काउंसलिंग करने के आदेश दे दिए जाते हैं। दूसरी मांग ग्रेस मार्क्स प्रक्रिया को हटाया जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ग्रेस पाने वाले 1563 विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षा देने का मौका देते हुए 23 जून को परीक्षा और 30 जून को रिजल्ट देने का आदेश दे देता है।

## महान वैज्ञानिक हर्बर्ट साइमन

संजय गोस्वामी

हर्बर्ट साइमन का जन्म 15 जून 1916 को मिल्वौकी, विस्कोसिन में हुआ था। उन्होंने 1936 में बी.ए. और 1983 में पीएचडी की डिग्री प्राप्त की तथा उन्हें 1978 में नोबेल मेमोरियल पुरस्कार दिया गया। उनके डिजाइन मेकिंग प्रोसेस के अनुसंधान पर इसके अतिरिक्त भी कई पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए। होते हैं । 1978 में, साइमन को विश्व संगठनों के भीतर निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनके अग्रणी शोध के लिए आर्थिक विज्ञान में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। साइमन ने कई विद्वानों के साथ मिलकर भी सहयोग किया है जैसे- एलन न्यूवेल, एडवर्ड फेगेनबाम, एंडर्स एरिक्सन, जेम्स मार्च साइमन अपने समय के एक प्रसिद्ध राजनीतिक और सामाजिक वैज्ञानिक थे। साइमन ने अंत में सामाजिक अनुसंधान में विश्वास किया था तथा सामाजिक दबाव का विरोध किया था साइमन के दिमाग में कम उम्र से ही यह बात चल रही थी कि मानव व्यवहार का वैज्ञानिक रूप से कैसे अध्ययन किया जा सकता है

कारणात्मक तर्क जैसे थे। इनका मुख्य लक्ष्य निर्णय दिन में लोगों द्वारा प्रयोग किया गया चिंतन प्रक्रिया की प्रकृति और क्रियाविधि का विश्लेषण करना था । जब उन्होंने 1947 में प्रशासनिक संगठन में निर्णय लेने की प्रक्रिया का प्रशासनिक व्यवहार अध्ययन प्रकाशित किया तो इसमें वे प्रशासन की परंपरागत अवधारणाओं की आलोचना करते हैं। उन्होंने प्रबंधन के पारंपरिक सिद्धांतों की भी आलोचना की और उन्होंने प्रशासन के उन पुराने सिद्धांतों की अवधारणा पर प्रश्न उठाए और कहा कि यह प्रशासन के मुहावरे हैं। उन्होंने तर्क दिया कि तथाकथित सिद्धांत अक्सर एक-दूसरे के साथ संघर्ष करते रहते हैं तथा वह वैज्ञानिक जांच तक नहीं कर पाते हैं, इसलिए यह जटिल परिस्थितियों में लागू नहीं होता तथा इसलिए इन्हें सिद्धांत नहीं कहा जा सकता है।

साइमन ने वैज्ञानिक व्यवहार के लिए तथ्यात्मक प्रस्ताव की प्रेरित किया और तर्क दिया कि तथ्यों का अनुभवजन्य होना और वैज्ञानिक रूप से विश्वसनीय होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रशासन निर्णय को और अधिक तेजी से बनाने के लिए प्रशासन को एक विज्ञान बनाने पर जोर दिया। साइमन ने कहा कि निर्णय लेना प्रशासन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है और समग्रता का परिणाम उस प्रक्रिया पर निर्भर करता है जिसका उपयोग निर्णय लेने में किया जाता है अर्थात उन्होंने बाउंडेड रेशनैलिटी मॉडल को विकसित किया जो इस विचार की वकालत करता है कि मनुष्य केवल आंशिक रूप से से निकलता है । निर्णय निर्माण प्रक्रिया

साइमन ने निर्णय निर्माण की प्रक्रिया को मुख्य रूप से तीन चरणों में रूपांतरित किया है:-

बुद्धिमत्ता गतिविधि बौद्धिक गतिविधि

डिजाइन गतिविधि प्रारूप गतिविधि

विकल्प गतिविधि विकल्प चयन गतिविधि

1. बौद्धिक गतिविधि

साइमन के अनुसार इस प्रथम चरण में समस्या का पता लगाया जाता है तथा प्रत्याशा की तलाश की जाती है। आवश्यक सूचना, आंकड़े, घटनाएं, को एकत्रित किया जाता है तथा इसमें निर्णय लेने के अवसरों और घटनाओं का पता लगाया जाता है। 2. प्रारूप गतिविधि

इस चरण में समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न प्रकार तथा विभिन्न क्रियाओं का निर्माण किया जाता है, इसमें निर्णय पृष्ठों के मन में मुख्य रूप से आठ प्रकार के विकल्प सामने आते हैं। क्योंकि यह चरण समस्या तथा उसके संभावित प्रकारों के आकलन एवं समाधान के संबंध में विचार करने का है। 3. विकल्प चयन गतिविधि

साइमन के अनुसार इस अंतिम चरण में समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न योग्यताएं और कार्य-दरें उपलब्ध हैं, जिनमें से किसी एक का चयन कर लिया जाता है, जो उस विकल्प को सर्वश्रेष्ठ बनाता है।

यह तीनों चरण सामान्य और एक दूसरे के अनुक्रमगत होते हैं, लेकिन व्यवहार में यह बहुत जटिल होते हैं, क्योंकि इनमें से प्रत्येक चरण का निर्णय लेने की प्रक्रिया में अपनी अलग भूमिका होती है। शास्त्रीय और नव-शास्त्रीय सिद्धांत बनाम सीमित तर्कसंगततशास्त्रीय और नव शास्त्रीय सिद्धांत के अनुसार निर्णय निर्माण का मुख्य लक्ष्य तर्क होता है अर्थात सबसे पहले समस्या या मुद्दे के जांच के अंतर्गत सभी प्रकार के उससे संबंधित जानकारी और आंकड़ों को एकीकृत किया जाता है

दूसरे चरण में विभिन्न संभावित श्रेणियों को उत्पन्न किया जाता है तथा इन श्रेणियों के परिणामों की जांच की जाती है तथा अंत में इनमें से सबसे अच्छा विकल्प चुना जाता है। बाउंडेड रैशनैलिटी यह निर्णय निमार्ता की निकलतीता कि धारणा को चुनौती देती है तथा उसकी संज्ञानात्मक सीमाओं पर जोर देती है और ऐसी प्रक्रिया द्वारा निर्णय लिया जाएगा अर्थात साइमन का बाउंडेड रैशनैलिटी का सिद्धांत व्यवहार सिद्धांत पर आधारित है। साइमन के अनुसार चयन करते समय तर्क होना जरूरी है वह तर्कता को मूल्य व्यवस्था में प्राथमिक पूर्ण वैकल्पिक व्यवहार के चयन के रूप में लेते हैं। जिसके व्यावहारिक परिणाम का मूल्यांकन संभव है । साइमन कहते हैं कि किसी भी प्रकार के चयन के लिए उस संबंध में हर तरह का ज्ञान आवश्यक है और साथ ही इस चयन के प्रत्येक परिणाम का पूवार्नुमान भी आवश्यक है। निर्णय लेने के दो प्रकार

मानक निर्णय / क्रमादेशित

वर्णनात्मक निर्णय / अक्रमादेशित

क्रमादेशित (निश्चित निर्णय)

निश्चित निर्णय से आधार यह है कि एक निश्चित कार्यक्रम या उसकी रूपरेखा हमारे दिमाग में है उसे क्रियान्वित करने से उसका समाधान स्वता ही प्राप्त हो जाता है हर सरकारी नियम या उप नियम एक कार्यक्रम है और उसके परिणामस्वरूप एक निश्चित निर्णय प्राप्त होता है।

असंक्रमित (अप्रक्रमित निर्णय) यह निर्णय होते हैं जो नए संरचनाविहीन, परिणामस्वरुप और स्वतंत्र रूप से नियंत्रण संकेत वाले होते हैं क्योंकि उनके लिए पहले से बनी कोई कार्यपद्धति नहीं होती । ऐसे में हर मामले में कार्यकारी अधिकारी को नया निर्णय लेना पड़ता है। सकारात्मक निर्णय को लागू करने की तकनीकें- स्वभाव, ज्ञान, तथा कार्यात्मक, और अनौपचारिक संवाद, माध्यम, इत्यादि। एक विश्वसनीय निर्णय को लागू करने के उपाय हैं:- अधिकारियों को चयन और प्रशिक्षण से उच्च गुणवत्ता प्राप्त होती है तथा उनमें प्रयोगधर्मिता की क्षमता होती है। साइमन अपनी रचना प्रशासनिक व्यवहार में दो तत्वों पर प्रमुखता से जोड़ते हैं:-

इनके अनुसार निर्णय से तत्व और मूल्य तत्वों का उचित योग होता है तथ्य यथार्थ की अभिव्यक्ति होती है जो स्वयं परिस्थितियों की वर्तमान स्थिति और व्यवहार का सूचक होता है किसी तथ्य पूर्ण आधार वाक्यों को पर्यवेक्षण के और मापनीय गति से सिद्ध किया जा सकता है। इसके विपरीत मूल्य से निरंतर पसंद से है मूल्य निर्भर की अभिव्यक्ति है मूल्यगत आधार वाक्य सिर्फ कुछ परिणामों में ही मान्य माने जा सकते हैं ।

# पंजाब में पुनः विष फलाने के प्रयत्नों को पंजाबी समाज सफल नहीं होने देगा

रजत भाटिया

**सांस्कृतिक बहुलतावादी राष्ट्र होने के कारण भारत ने विदेशी मजहबी संस्कृति को स्वीकार किया परंतु मजहबी मानसिकता की एकेश्वरवादी सिद्धांत की तलवार भारत राष्ट्र खास तौर पर सप्त सिंधु पंजाब की संस्कृति पर भारी रहीं, जिस कारण विरोध करने के बावजूद भी पंजाब क्षेत्र पर राष्ट्रविरोधी शक्तिओं ने शासन स्थापित किया परन्तु वह पंजाब की राष्ट्रवादी विचारों को परिवर्तित न कर सके**

भारत राष्ट्र का एक भू-भाग ऐसा है जो वैदिक काल से ही आध्यात्मिक, संसारिक और धार्मिक गतिविधियों का केंद्र रहा जो सप्तसिंधु नाम से प्रचलित था। वैदिक भूमि सप्तसिंधु सात नदियों की भूमि के नाम से वर्णित है, जो इस प्रकार है- सरस्वती, सिन्धु, सतलुज, ब्यास, रावी, जेहलम और चिनाव। इस सप्त सिंधु क्षेत्र में गांधार (अफगानिस्तान) से लेकर कुरुक्षेत्र तक उत्तर-पश्चिमी भारतीय उपमहाद्वीप शामिल हैं, जो वर्तमान मानचित्र में पंजाब (भारत- पाकिस्तान), हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल एवं चंडीगढ़ का भाग शामिल है।

सिंधु क्षेत्र के मार्ग द्वारा भारत ने अपना संपूर्ण ज्ञान समस्त विश्व में फैलाया जिस प्रकार अच्छाई और बुराई एक ही सिक्के के दो पक्ष हैं, ठीक उसी प्रकार ज्ञानवर्धन करने वाले सप्तसिंधु मार्ग द्वारा ही भारत राष्ट्र की भूमि पर सर्वप्रथम विदेशी म्लेच्छों ने पैर रखा। सांस्कृतिक बहुलतावादी राष्ट्र होने के कारण भारत ने विदेशी मजहबी संस्कृति को स्वीकार किया परंतु मजहबी मानसिकता की एकेश्वरवादी सिद्धांत की तलवार भारत राष्ट्र खास तौर पर सप्त सिंधु पंजाब की संस्कृति पर भारी रही, जिस कारण विरोध करने के बावजूद भी पंजाब क्षेत्र पर राष्ट्रविरोधी शक्तिओं ने शासन स्थापित किया परन्तु वह पंजाब की राष्ट्रवादी विचारों को परिवर्तित न कर सके। समय में पंजाब अपने वैदिक ज्ञान से संपूर्ण विश्व को ज्ञानवान करता रहा और मध्यकालीन समय में समाज को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की गुरुबाणी पथ प्रदर्शित करती रहीं।

सप्तसिंधु क्षेत्र (पंजाब) प्राचीन समय से ही अपने ज्ञान के प्रकाश से भारत का नाम समस्त विश्व में रोशन कर भारत को विश्व गुरु की उपाधि से सुशोभित करता रहा है। , वसुधैव कुटुंबकम की विचारधारा में मलेच्छों की कुसंगति के मिश्रण से पंजाब का ज्ञान रूपी वृक्ष जर्जर होने लगा, ठ-ीक उसी प्रकार जैसे दीमक वृक्ष को खोखला कर देती है। पुरुषार्थ हीन और ज्ञानहीन समाज में आध्यात्मिकता केवल एक शब्द मात्र ही थी, वास्तविकता में प्रभाव अंधविश्वास और आडंबरों का था। ऐसे अज्ञान रूपी दशा में समाज का उद्धार करने के लिए ज्ञान रूपी प्रकाश का सूरज बन श्री गुरु नानक देव जी अवतरित हुए, जिन्होंने अपनी शिक्षाओं में समरसता और समन्वय का संदेश दिया। मुगलों द्वारा मूर्तियों को खंडित करने और मंदिरों को ध्वस्त करने पर श्रीगुरुनानक देवजी ब्रह्म आराधना का संदेश दिया। सामाजिक दृष्टिकोण में हो रहे बाबर के अत्याचारों का विरोध भी श्री गुरु नानक देव जी ने किया, जो श्री गुरु ग्रंथ साहिब में पृष्ठ 360 पर आसा राग में निखित है:-

खुरासान खसमाना किया हिंदुस्तान डराया।।
आपै दोस न देई करता जमु करि मुगल चढ़ाया।।
एती मार पई करलाणे त्है की दरदु न आइया।।

गुरु नानक देव जी इन पंक्तियों में उस कालखंड में मुगलों द्वारा पंजाब ही नहीं अपितु पूरे हिंदुस्तान पर ढ़ाई गई यातनाओं का वर्णन किया। इस्लामी शासकों के बीभत्स अत्याचारों से स्थानीय हिंदू अपनी पूजा पद्धति विस्मृत कर चुके थे। गुरु नानक देव जी ने अध्यात्म की स्थापना हेतु चारों दिशाओं में भ्रमण किया जिसके परिणामस्वरूप समाज के एक बड़े भाग ने उनकी शिक्षाओं पर अमल कर अपना जीवन व्यतीत करना शुरू किया इस प्रकार गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं पर चलने से सिख पंथ की नींव रखी गई।

मुगलों से भारतीय ज्ञान और आध्यात्मिक पद्धति को बचाने के लिए दूसरे गुरु श्री गुरु अंगद देव जी द्वारा गुरुमुखी लिपि का प्रयोग किया गया, इसका मुख्य कारण भारत के लिखित ग्रंथों को विकृत होने से बचाना था क्योंकि गत समाज में गुरुमुखी लिपि का कोई जानकार नहीं था जिसकारण मुगल धार्मिक ग्रंथों को खंडित ना कर सके। इसी लिपि के द्वारा समस्त भारत का वैदिक अलौकिक ज्ञान संरक्षित कर समाज के विभिन्न खंडों को एक माला की तरह बंधुत्व के धागे में पिरोया गया, जिससे समाज में एकता और समन्वय स्थापित कर समभाव धार्मिक पद्धति के माध्यम से आध्यात्मिक उन्नति को प्राप्त किया जा सके।

श्री गुरु नानक देव जी के ज्ञान के परिणामस्वरूप पांचवें गुरु, श्री गुरु अर्जन देव जी समाज की रक्षा हेतु वीरगति प्राप्त करने वाले प्रथम गुरु बने, जिससे पंजाब के मध्यकालीन इतिहास में शहादत शब्द को स्थान मिला, जिसके परिणामस्वरूप पंजाब का समाज पुरुषार्थ मान धर्म कार्य में तत्पर हुआ। वैष्णव संप्रदाय से आध्यात्मिकता का ज्ञान लेकर तथा शाक्तय संप्रदाय से शौर्य और शास्त्रों का ज्ञान लेकर छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिंद जी ने मीरी- पीरी नामक तलवारों को धारण किया, जो समाज तथा धर्म रक्षा हेतु थी। इसी शौर्यवान प्रथा को उनके पुत्र नवमें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी तथा दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा निरंतर अभ्यास कर जीवित रखा गया।

जिस प्रकार कश्मीरी हिंदू 1989-91 में इस्लामी आतंकवाद का शिकार हुए ठीक उसी प्रकार कश्मीरी लोगों पर संकट श्री गुरु तेग बहादुर जी के कालखंड में भी था। जब श्री गुरु तेग बहादुर जी ने मुगल शासक औरंगजेब से इसे तुरंत बंद करने की अपील करी, तब इस बात से तिलमिलाए औरंगजेब ने गुरु साहिब को इस्लाम या मौत किसी एक को चुनने के लिए कहा। परन्तु इस्लामी तलवार के सामने निडर होकर श्री गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म के मार्ग पर चलना स्वीकार किया जिससे अपमानित हो कर जालिम औरंगजेब ने उन्हें और उनके दो शिष्यों भाई मतिदास और भाई दयाल दास को अमानवीय यातना देकर मौत के घाट उतार दिया। गुरु साहिब ने अपने अनुयायियों की मृत्यु को देख कर अधिक दृढ़ता के साथ धर्म का पालन किया तथा अपना शीश कटवाना स्वीकार किया किंतु धर्म ना छोड़ा।

दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने इस घटना का वर्णन ह्यबचित्तर नाटकह्ल में कुछ इस प्रकार किया है -

तिलक जंजू राखा प्रभ ताका, सीसु दीआ पर सी न उचरी।
धर्म हेत साका जिनिंग कीआ, सीसी दीआ पर सिरर ना दीआ।।

अर्थात समाज में तिलक और जनेयु की रक्षा हेतु श्री गुरु तेग बहादुर जी ने अपने शीश का परित्याग कर दिया किंतु अपने धर्म का त्याग नहीं किया। इस घटना के परिणामस्वरूप दसवीं पातशाही श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपने परिवार सहित मुगलों का सामना किया, जिसके लिए उन्होंने 1699 में वैशाखी वाले दिन श्री आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की। जिसका मुख्य उद्देश्य इस्लामी कट्टरवाद से समाज की रक्षा करना था। खालसा सृजन से पहले उन्होंने शक्ति यज्ञ का अनुष्ठान भी किया।

गुरु साहिब जी की इच्छा थी कि - सकल जगत मो खालसा पंथ गाजै, जगै धर्म हिंदुक तुर्क दुंद भाजै।
अर्थात सारे जगत में खालसा पंथ की गूंज हो, हिंदू धर्म का उत्थान हो तथा तुर्कों द्वारा पैदा की गई विपत्तियां समाप्त हो। खालसा सृजन दौरान हमारे पहले पांच प्यारे भी भारत देश के विभिन्न स्थानों से संबंधित थे, जैसे ही उत्तर प्रदेश से भाई दयाराम, हस्तिनापुर दिल्ली से भाई धर्मदास, पुरी से भाई हिम्मत राय, द्वारका से भाई मोहम्मद चंद और कर्नाटक से भाईसाहब चंद। अपने जीवनकाल में अपनी संतानों को खो चूके गुरु गोबिंद सिंह जी 1708 में वीरगति को प्राप्त हुए। अपने अंतिम समय में स्त्री गुरु गोविन्द सिंह जी ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को संपूर्ण स्वरूप दिया तथा समाज को समर्पित कर गुरु का स्थान प्रदान किया।

18 वीं शताब्दी के समाप्त होने तक पंजाब में इस्लामी शासन का अंत हो चुका था तथा कई सिख राजाओं ने शासन स्थापित किया, जिसमें महाराजा रणजीत सिंह सर्वाधिक शक्तिशाली थे। तत्कालीन समस्त सिख पंथ के लोग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक जड़ों से संबंधित थे इसका तर्क महाराजा रणजीत सिंह के अधिकारिक सैन्य नियमावली के पहले पृष्ट से स्पष्ट हो जाता था, जिसमें हिंदुओं के पवित्र ॐ में त्रिदेव (विष्णु,शिवजी, ब्रह्मा) और देवी लक्ष्मी जी की आकृतियां अंकित थी।

शेर-ए-पंजाब नाम से विख्यात महाराजा रणजीत सिंह का जीवन भी सनातन संस्कृति से प्रेरित था। सिख गुरुओं की शिक्षा और परम्पराओं का अनुसरण करते हुए उन्होंने अपने शासन में ब्राह्मणों को संरक्षण प्रदान किया और गौवध के लिए मृत्युदंड भी निर्धारित किया। कई सैन्य अभियानों के अंतर्गत उन्होंने कश्मीर में पंडितों को क्रूर इस्लामी शासन से स्वतंत्र कराया तथा पराजित अफगानियों से लू-टे सोमनाथ मंदिर के कपाट वापस करने को कहा और इस्लामी शासकों से देश की धरोहर व नायाब कोहिनूर हीरे को भारत वापस लेकर आए। 27 जून 1839 को उनका देहांत हो गया, तब उनकी वसीयत में इसी कोहिनूर को पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ के चरणों में अर्पित करने को कहा परंतु ब्रिटिश कुटिलता के कारण आज भी वह हीरा ब्रिटेन की महारानी के ताज में विद्यमान है।

भारत में लंबे समय तक अपना शासन स्थापित करने के लिए अंग्रेजों ने फूट डालो और राज करो की नीति अपनाई जिसका शिकार महाराजा रणजीत सिंह की मृत्यु के बाद पंजाब भी हुआ। तत्कालीन सिख साम्राज्य के एकमात्र वारिस युवराज दिलीप सिंह अल्प आयु में राजगद्दी पर बिठा दिए गए। अंग्रेजों ने बालक दिलीप सिंह को उनकी माँ महारानी जिन्दां कौर से अलग कर दिया और उन्हें लंदन भेज कर उनका मतांतरण कर सर की उपाधि देख कर पंजाब और भारत की संस्कृति से दूर कर दिया।

समानता का भाव और हिंदू सिख संबंध के चिन्ह दस गुरुओं की शिक्षाओं और परम्पराओं में मिलते हैं, उससे प्रेरित बंधुत्व को ब्रितानी तत्कालीन भारत में अपने कुटिल उद्देश्य की पूर्ति हेतु तोड़ना चाहा। अंग्रेज समझ चूके थे कि सिख और हिंदू समाज में मुस्लिम समाज की तरह समाज से विश्वासघात करने वाला सैयद अहमद खान जैसा व्यक्ति नहीं मिलेगा, इसीलिए अंग्रेजों ने अपने कट्टरवादी विचारों के प्रसार हेतु मैक्स आर्थर मैकॉलिफ और मैक्समूलर जैसे व्यक्तियों का चयन किया। योजनाबद्ध तरीके से मैकॉलिफको 1862 में प्रशासनिक सेवा में प्र-वेश करवाकर 1864 में पंजाब भेजा गया। सिखों का विश्वास पात्र बनाने हेतु उस ने सिख पंथ में मतांतरण भी कर लिया।

इस संबंध में प्रसिद्ध लेखक कुशवंत सिंह अपनी पुस्तक सिख धर्म और गुरु खंड एक में लिखते हैं, कहा जाता है कि मैक्स आर्थर मैकॉलिफ की नियुक्ति के पीछे ब्रिटिश शासन का कुटिल उद्देश्य था। लार्ड डलहौजी ने सिख साम्राज्य को हड़पने के बाद पाया कि, उस समय सिख- हिंदू तीव्रता से एक हो रहे थे। डलहौजी और ब्रिटिश प्रशासकों को लगा कि स्थिति उनके अनुकूल तभी होगी जब खालसा सिक्खों को उनकी विशेष और अलग पहचान के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

उसी कालखंड में मैक्स ऑर्थर मैकॉलिफ ने भाई काहन सिंह नाभा की सहायता से पवित्र ग्रंथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का अंग्रेजी में अनुवाद किया। बाद में उनकी छह खंडों में द सिखस, देयर रिलिजन गुरू सेकरेड राइटिंग सहित अन्य पुस्तकें भी लिखीं। 1897-98 से भाई काहन सिंह नाभा की हम हिंदू नहीं प्रकाशित हुई, जो वर्तमान खालिस्तान का आधार भी है। अंग्रेजों का षड्यंत्र बहुत ही रचनात्मक ढंग से सिख समाज को हिंदू समाज से अलग करने का काम करता रहा।

अंग्रेजों की सहायता से सैयद अहमद खान के दो राष्ट्र सिद्धांत के कारण मुस्लिम समाज का बड़ा वर्ग भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से अलग हो चुका था। यही नहीं, इसी कालखंड में सिख समाज के प्रमुखों में अलगाव की भावना जागृत हो चुकी थी जिसके परिणामस्वरूप तत्कालीन उत्तर भारत के कई गुरुद्वारों से हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियां भी बाहर फेंकी जा रही थी। तत्कालीन समय में तुष्टीकरण की राजनीति के कारण पंजाबी समाज से पहले मुस्लिम समाज भिन्न हो चुका था परन्तु मैकॉलिफ की विषयुक्त पुस्तकों और कुछ प्रमुख बुद्धिजीवियों द्वारा पंजाबी समाज को गुरु की शिक्षाओं के विरुद्ध सिख और हिंदू में विभाजित किया गया। जिसका परिणाम स्वतंत्रता के पश्चात पंजाब में बहुत बड़ा अलगाववादी आंदोलन के रूप में देखा गया।

यहां कुल सारांश यह है कि सप्तसिंधु पंजाब जो संपूर्ण भारत राष्ट्र के लिए आध्यात्मिक और शस्त्र विद्या का केंद्र था, जिसके शौर्य के कारण पंजाब को भारत की खड्ग भुजा भी कहा गया। वैदिक भूमि होने के कारण ज्ञान का मूल आधार वेदों और वेदान्त को माना गया। परंतु मध्यकालीन में ज्ञान का आधार समस्त वेदों और प्राणों के मिश्रण श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी बने जिन के ज्ञान रूपी प्रकाश से सारा पंजाबी समाज बंधुत्व की माला में पिरोया गया।

कालांतर तक विभिन्न विदेशी शक्तियों ने भारत पर आक्रमण कर संस्कृति और सभ्यता को दूषित किया जिसके परिणामस्वरूप बंधुत्व में विषैला बीजारोपण हुआ जिसका प्रभाव पंजाब ने लगभग तीन दशकों तक झेला जो पंजाब के स्वर्णिम इतिहास में काले अक्षरों से अंकित है। वर्तमान समय में भी कई राजनीतिक दलों और अलगाववादी संगठनों की तरफ से पंजाब में पुनः विष फलाने के प्रयत्नों को समस्त पंजाबी समाज द्वारा एकत्रित होकर नाकाम किया जाना चाहिए ताकि एक सुरक्षित एवं विकसित समाज और राष्ट्र की नींव रखी जा सके।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# मौसम के ईशारों को समझो! सम्भल जाओ !!

राजीव थेपड़ा

चारों तरफ धूप फैलती जा रही है.....गर्मी का साम्राज्य सब दिशाओं को अपनी आगोश में लेता जा रहा है... और अमीर लोगों के घरों में कूलरों,ए.सी.और सबको ठंडक पहुँचाने के अन्य साधन सर्र-सर्र....की आवाजें करते धड़ल्ले से चलने लगें हैं...जहां तक इनकी हवा जाती है वहां तक तो सब ठ-ीक-ठाक सा लगता है मगर उसके बाद गर्मी की भयावहता वैसी की वैसी...यानी कि विकराल और खौफनाक....!!

आदमी को मौसमों से हमेशा से ही डर लगता रहा है....मगर उसके बावजूद भी उसने जो कुछ भी धरती पर आकर किया है उससे मौसमों का मिजाज खराब ही हुआ है...आदमी की करनी से से वो क्रमश भड़कता ही जा रहा है....आदमी की चाहना भी बड़ी अजीब और बिलकुल विपरीत सी होती है....आदमी से जो भी चीज ईजाद होती है वो होती तो दरअसल उसके सुकून के लिए है मगर उसके ठीक उल्टा उससे धरती का वातावरण खराब से और खराब हुआ जाता है और खराब भी क्या ऐसा-वैसा....!!ज़ीने लायक भी नहीं रहता धरती का वातावरण.... किसी जमाने में बेशक आदमी धरती के रहमो-करम पर निर्भर होता होगा.... अब तो धरती की आबो-हवा आदमी के रहमो-करम पर निर्भर हो चुकी है....वो चाहे तो अपनी अनाप-शनाप इच्छाएं त्याग कर अभी भी धरती को उसका सुगढ़ स्वास्थ्य लौटा सकता है और धरती के आँचल के साए में कि-सी माँ के अपनापे की भांति किल्लोल करता हुआ आनंद पूर्वक जी-खा-खेल सकता है !!

क्या यह बहुत अजीब सी बात नहीं है कि आदमी को जीना धरती पर ही होता है उसे अपनी सारी इच्छाएं धरती पर धरती के मार्फत ही पूरी करनी होती हैं और इसके उल्टा धरती ही जैसे उसके रास्ते में रुकावट बन जाती है हालांकि धरती ने कभी भी कि-सी को भी कुछ भी करने से रोका नहीं है....मगर आदमी का हर कार्य जैसे एक दलदल की तरह होता है एक तरफ तो वो सुविधाओं के बीच सुकून से जीना चाहता है....तो दूसरी तरफ उसी के कार्यों का परिणाम उसे क्रमश मौत की और ले जाता हुआ प्रतीत होता है और मजा यह मौत की समूची भयावहता के बावजूद भी आदमी अपने लिए वाही सुविधाएं चुनता है,बुनता है,जो उसके तत्काल को बेहतर बनाती है हालांकि यह भी सच ही है कि आदमी ये भी जानता है...कि एक क्षण ही बाद आने वाला भविष्य ही उसके उस क्षण का तत्काल होगा....मगर फिर भी.....!!!

तो मौसम है कि बिदकता ही जाता है और आदमी नाम का यह जीव हर प्रकार के ह्लकोपेनहोगेनोंह्व और धरती को वापस स्वर्ग बनाने के अपने तमाम दावों-प्रतिदावों के बावजूद उसी दलदल को लगातार बढ़ता ही जाता है जिसमें कि धंसक-र उसकी अकाल जान जानी निश्चित है और बस इसी करके मौसम बिदक रहें हैं...आदमी के साथ धरती का समूचा जीवित जगत भी रोता जा रहा है....आदमी एक ऐसा भयानक जीव है जिसने सिर्फ धरती का ही नहीं अपितु समूचे अन्तरिक्ष का ह्लशिक-ारह्व कर डाला है अब ये बात अलग है कि वह खुद अपना शिकार बन चूका है.....!!

खुदा ने जब आदमी को धरती पर भेजा होगा तब शायद यही सोचा होगा कि यह जीव समूची धरती को रंग बिरंगा कर डालेगा और इसके जीवन को सुखी और समृद्द बनाएगा.....और अब यह सोच-सोच कर तड़पता होगा...अपना सर धुनता होगा..... कि हाय उसने आदमी को क्यूँकर बना डाला.....और शायद मौसमों का मिजाज खुदा खुद बदल रहा हो....ताकि किसी तरह धरती पर प्रलय आ जाए और बेशक हजारों प्राणी काल-कलवित हो जाएँ मगर आदमी नाम यह जीव सदा के लिए धरती से विदा हो जाए....

## क्षेत्र में बढ़ रहे पानी बिजली की समस्या को लेकर ग्रामीण मिले विधायक से

बोकारो : बोकारो विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में पानी की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने बोकारो विधायक के समक्ष अपनी बात रखी। बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने हर घर को पानी देने की लिए झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में योजना चला रही । बोकारो मे लगभग 500 करोड़ रुपये की जलापूर्ति योजना चल रही मगर झारखंड सरकार के पीएचडी विभाग ने अबतक 40% योजनाओं को अबतक पूरी कर सकी जिसके चलते आज बोकारो विधानसभा के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का हाहाकार मचा हुआ है। राज्य की सरकार को जनहित योजनाओं से मतलब नही। राज्य मे बिजली व पानी की किल्लत से जनता मे काफी रोष है। 5 सबस्टेशन बोकारो विधानसभा में बनकर तैयार है मगर अबतक जेएमएम की सरकार ने 4 वर्षो तक उसको चालू नही करवा सकी। यह सरकार सिर्फ लूटने के लिए बनी उन्हें जनता से सरोकार नहीं। अगर समय पर सबस्टेशन व बिजली जलापूर्ति य8योजना चालू हो जाती तो बोकारो विधानसभा के लोगो को बिजली पानी की किल्लत का सामना करना नही पड़ता। आने वाले ग्रीष्म कालीन सत्र में बोकारो विधानसभा की पानी व बिजली की किल्लत को लेकर जोरदार आवाज उठाऊंगा अगर जरूरत हुई तो विधानसभा के समक्ष धरना भी दूँगा इस गूंगी बहरी सरकार को जगाने के लिए। भाजप के कन्हया पांडेय,सुरजमनी देवी,पिंकी देवी,दुदाल देवी,लक्ष्मी देवी,बिंदिया देवी,रानी देवी,समली देवी,अलोमनी देवी,रीता देवी,पुष्पा देवी,हरिचरन प्रसाद,अजय ठाकुर, गाजु प्रसाद ,दीनबंधु,उमाकांत,प्रकाश,चंदन आदि मौजूद रहे.

## खनन विभाग ने की छापेमारी, अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त

बोकारो : उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर अवैध खनन झ परिवाहन पर रोक को लेकर खनन विभाग द्वारा छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को खनन विभाग की टीम ने जीरीडीह थाना अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में अवैध खनन परिवहन पर रोकथाम को लेकर छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें टीम ने फोरलेन चौक मुख्य सड़क से एक ट्रैक्टर को अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर प्रेषण करते हुए पकड़ा। जिसे टीम ने जब्त कर पुलिस बल के सहयोग से जरीडीह थाना परिसर में लाया एवं संबंधित के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। छापेमारी अभियान टीम में खान निरीक्षक जितेन्द्र कुमार, खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं पुलिस बल मौजूद थे.

## बेरमो अनुमंडल में बढ़ रही अपराधिक घटनाओं को लेकर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल एसपी से मिल सौंपा ज्ञापन



बोकारो : चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक बोकारो से उनके कार्यालय में मिला। चेंबर अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बेरमो अनुमंडल में बढ़ रही अपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए अविलंब घटनाओं में संलिप्त अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की।चेंबर के संरक्षक संजय बैद ने कहा की भय के माहौल में व्यापार करना संभव नहीं है। पुलिस प्रशासन व्यापारियों को भय मुक्त माहौल दिलवाए। चेंबर के पूर्व अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा की बोकारो पुलिस त्वरित कार्रवाई करें जिससे व्यवसाईयों का भरोसा पुलिस पर बना रहे। इस अवसर पर चेंबर के महामंत्री सिद्धार्थ पारख ने ज्ञापन भी पुलिस अधीक्षक को सोंपा।पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने चेंबर की बातों को गंभीरता से लेते हुए कहा पुलिस बेरमो की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी। श्री पुज्य प्रकाश ने कहा की बोकारो पुलिस घटित घटनाओं को लेकर गंभीर है और जल्द ही नतीजे व्यवसाईयों को देगी। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष प्रदीप सिंह, संजय बैद,मनोज चौधरी, नरेंद्र सिंह, सिद्धार्थ पारख, जगमोहन सिंह आदि शामिल थे.

## एसपी ने किया फुसरो में गोली कांड का स्थल का निरीक्षण

बोकारो : जिले के बेरमो अनुमंडल अंतगर्त फुसरो बाजार में ज्वेलर्स दुकान में लगातार हो रहे गोली कांड की घटना को लेकर 13 जून को बोकारो पुलिस अधीक्षक एसपी पूज्य प्रकाश तथा एसआ-ईटी और एटीएस की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मालूम हो कि बीते 12 जून को ज्ञान ज्वेलर्स तथा 17 मई को मोती अलंकार ज्वेलर्स में अपराधियों द्वारा किए गए गोलीकांड की जांच के साथ ही उन्होंने फुसरो में आने वाले सभी मार्गो का निरीक्षण किया। इस अवसर पर बेरमो थाना परिसर में एसपी ने गोली कांड पीड़ित ज्वेलरी दुकान संचालक से मिलकर सारी जानकारी ली। इस मौके पर युवा व्यवसाय संघ के अध्यक्ष बैभव चौरसिया, सचिव बैजू मालाकार संरक्षक मोहम्मद कलाम खान आदि से वार्ता कर मामले का जल्द उद्वेदन करने का आश्वासन दिया। एसपी श ने पत्रकारों के साथ बात करते हुए कहा कि फुसरो में हो रहे गोलीकांड की घटना को लेकर एसआईटी तथा एटीएस की टीम का गठन किया गया है । उसके साथ उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया है कहा कि जो भी दुकानदार को धमकी आदि मिली है । उसकी जानकारी ली गई है। इसके अलावा जो भी आवश्यक बिंदु है उसका निरीक्षण किया गया। बताया कि फुसरो में हो रहे गोलीकांड की घटना में पुलिस अपने स्तर से बहुत सारे कार्य कर रही है जल्द ही इस मामले में उद्वेदन किया जाएगा.

## झब्बू सिंह महिला कॉलेज के बगल मे पानी से भरे गड्ढे मे एक अज्ञात शव मिलने से सनसनी

बोकारो : जिले के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत बेरमो थाना क्षेत्र के झब्बू सिंह महिला कॉलेज के बगल मे पानी से भरे गड्ढे में एक अज्ञात शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम को पानी में अज्ञात व निर्वस्त्र व्यक्ति का तैरता हुआ देखा गया। शव पूरी तरह फुल चुका थाऋ माना जाता है कि शव दो दिन पूर्व की हो सकती है। शव को देखने के लिए काफी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए और इस घटना की सूचना स्थानीय थाना को दे दी गई है। समाचार लिखे जाने तक शव कि शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस शव को निकालने के लिए सफाई कर्मी को ढूंढ रहे है.

## उपायुक्त ने जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों पर लिया संज्ञान

बोकारो : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे कुल 31 लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई की। साथ ही संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण,भूमि पर कब्जा,आपूर्ति विभाग,राजस्व संबंधित विवाद,श्रम विभाग आदि से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, सिटी डीएसपी अलोक रंजन, अपर समाहर्ता सह विशेष कार्य पदाधिकारी मो. मुमताज अंसारी आदि उपस्थित थे.

## कसमार के चार आदिवासी किशोर 24 घंटे से गायब, बाल तस्करी की आशंका

बोकारो : कसमार थाना क्षेत्र के पोंडा गांव के चार आदिवासी किशोर पिछले 24 घंटे से गायब है । घर वाले परेशान है। अभिभावकों ने थाना में गुमशुदगी तथा बाल तस्करी की आशंका से संबंधित लिखित शिकायत की है ।इस संबंध में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन तथा सहयोगिनी के कार्यकर्ता रवि कुमार राय ने बताया कि पोंडा गांव के सागर हंसदा 12 वर्ष ,पिता रोहित कुमार हंसदा, राजू बेसरा 14 वर्ष ,पिता बाबू दास मांझी , शशिकांत हंसदा, पिता जितेंद्र कुमार हंसदा, निखिल सोरेन, 13 वर्ष, पिता रोमन मांझी कल सवेरे से अपने गांव से गायब है। घर वाले अपने गांव तथा आसपास के गांव तथा रिश्तेदारों के पास 24 घंटे से तलाश कर रहे हैं, लेकिन कुछ भी पता नहीं चल रहा है ।उन्होंने बताया कि बोकारो से और ओरमांझी तक बन रहे भारतमाला प्रोजेक्ट के सड़क निर्माण स्थल में इन्हें आखरी बार देखा गया था। उसके बाद से गायब है। इस संबंध में कसमार थाना में चारों अभिभावकों ने बच्चों की तस्करी हो जाने की लिखित आशंका दायर की है।

## धनबाद के बाघमारा में घूसकांड

# बाघमारा सीओ के डेटा इंट्री ऑपरेटर नरुल पर आवेदक से 25 हजार घुस माँगने का आरोप

- आवेदक ने सीओ को शिकायत कर ऑपरेटर पर कार्रवाई की मांग की
- 25 हजार नही दिया इसीलिए ऑपरेटर ने ऑनलाइन इंट्री करते समय भूस्वामी के नाम मे जानबूझकर गड़बड़ी कर दिया- दिलीप

उज्जवल दुनिया

कतरासः बाघमारा अंचल कार्यालय एवं प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार किसी से छिपा नहीं है. पर्दे के पीछे से अक्सर पैसे की मांग की जाती है जिसके कारण आम गरीब तबके के लोगो का काम समय पर नही हो पाता है. ताजा मामला लौहपिट्टी निवासी दिलीप कुमार महतो का है जिससे बाघमारा सीओ के ऑपरेटर नरुल ने ऑनलाईन इंट्री कराने के एवज में 25 हजार रुपये की मांग की है. पूरे मामला का जिक्र करते हुए पीड़ित आवेदक ने बताया कि आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में अपने जमीन का ऑनलाइन प्रविष्टि(इंट्री) कराने का आवेदन दिए थे, परंतु विभाग द्वारा उस आवेदन पर कोई कारवाई नहीं हुई. तत्पश्चात पुनः अंचल अधिकारी से मिलकर इस संबंधित में बात किया लेकिन काम नही हुआ. ऑपरेटर नरुल ने आवेदन लेते समय कहा की इंट्री के काम में प्रति डिसमिल 2 हजार के हिसाब से पैसा लगता है. कम से कम में तुम्हारा काम कर देंगे. पच्चीस हजार देने पर अभी तुरंत इंट्री कर के दें देंगे.

मैंने पैसे देने पर अपना असमर्थता जताया और कहा की सामान्य प्रक्रिया के तहत मेरा आप इंट्री कर दीजिए. मुझे कोई हड़बड़ी नही है. जब बहुत दिनो तक मेरे जमीन का इंट्री का काम नहीं हुआ तो बाध्य होकर 11 जून 2024 को अन्य लोगों के साथ अंचल कार्यालय में धरना में बैठा.

इसी दिन इन्होंने मेरा जमीन का ऑनलाइन प्रविष्टि करते समय मुझे परेशान और प्रताड़ित करने की नियत से मेरे जमीन में पिता/पति के नाम के टाइटल महतो के बदले मेहता लिखकर गलत इंट्री कर दिया ताकि मैं बाद में फिर से परेशान होकर उसके पास आऊं. रिश्वत नहीं मिलने से ही खिन्न होकर ऑपरेटर ने भू स्वामी के पिता/पति के नाम के टाइटल में जानबूझकर गड़बड़ी कर दिया. इस संबंध में आवेदक दिलीप कुमार महतो ने अंचल अधिकारी बाघमारा को लिखित शिकायत करते हुए ऑपरेटर नरुल के खिलाफ कार्यवाई करने एवं जमीन का ऑनलाइन सुधार करने का आग्रह किया है. वहीँ इस संबंध में ऑपरेटर का पक्ष लेने के लिए ऑपरेटर नरुल को फोन किया गया लेकिन ऑपरेटर ने फोन नही उठाया. बता दे कि इससे पहले भी बाघमारा अंचल के पूर्व के हल्का कर्मचारी देवेन्द्र पाण्डेय को एसीबी ने 9 हजार रिश्वत लेते हुए

रंगे हाथ पकड़ा था. उसके बावजूद भी बाघमारा अंचल में रिश्वतखोरी कम नहीं हुई है. बहरहाल देखना है कि ऑपरेटर नरुल पर विभागीय कार्रवाई होती है या नहीं

## बीजीएच में मनाया गया विश्व रक्तदाता दिवस

उज्जवल दुनिया

बोकारो : प्रत्येक वर्ष दिनाँक 14 जून को पूरे विश्व मे विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस मनाने का 20वां वर्ष है। इसलिए इस साल तह दिन विशेष महत्त्व रखता है। इस वर्ष रक्तदाता दिवस का थीम रक्तदान का उत्सव मनाने के 20 वर्षः रक्तदाताओं को धन्यवाद है। विश्व रक्तदाता दिवस की 20वीं वर्षगांठ दुनिया भर के रक्तदाताओं को उनके जीवन रक्षक दान के लिए आभार प्रकट करने और मरीजों और दाताओं दोनों पर पड़ने वाले गहरे प्रभाव का सम्मान करने का एक उत्कृष्ट और सामयिक अवसर है। यह निरंतर चुनौतियों का समाधान करने और ऐसे भविष्य की दिशा में प्रगति को गति देने का भी एक सामयिक अवसर है। जहाँ सुरक्षित रक्त आधान सार्वभौमिक रूप से सुलभ हो। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर बोकारो जेनरल अस्पताल के ब्लड बैंक में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सहयोग ट्रस्ट के द्वारा एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन बोकारो जेनरल अस्पताल के प्रभारी मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बी बी करुणामय ने किया। आज के रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। इसका उद्देश्य खून की कमी से लोगों की जान न जाए, इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है।

बीजीएच के एडिशनल मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ श्रवण कुमार ने कहा कि रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे का संयोग कम होता है।

उन्होंने कहा कि 18 साल से 60 साल के तक कोई भी स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से साल में तीन बार रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से शरीर के किसी अंग में कमजोरी नहीं आती है। बोकारो जेनरल अस्पताल के रक्त केन्द्र के डा० सुरेन्द्र कुमार, एवं काउन्सलर कविता कुमार (झारखण्ड सरकार) एवं सहकर्मी रंजिता एक्का, सोनाली, अंकिता , विभूतिका, मनीष, महेन्द्र एवं कौशल उपस्थित रहे.

## माडा में अनुकंपा बहाली की मांग संबंधी ज्ञापन सांसद ढुलू महतो को सौंपा

उज्जवल दुनिया

धनबादः झमाडा धनबाद के अनुकंपा आश्रित जन लगातार 842 दिनों से कार्यालय के मुख्य द्वार के सामने धरना में बैठे हैं। इस सिलसिले में शुक्रवार को अनुकंपा आश्रितों का एक डेलिगेशन टीम धनबाद के नव निर्वाचित सांसद ढुलू महतो से मिलकर अनुकंपा बहाली का ज्ञापन सौंपा। बताया की सांसद ने कहा है की नगर विकास के प्रधान सचिव और संबंधित मंत्रालय से मिलकर नौकरी की दिशा में अहम पहल करूंगा ताकि आश्रित परिवार का भरण पोषण हो सके ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से ऋषभ झा,प्रेमचंद कुमार,विक्की रावत,अनुज कुमार,विशाल कुमार,कुलदीप प्रमाणिक मंजरआलम,संजय राम दुलाल कोरंगा,मेहराबुल अंसारी,अवधेश सिंह संजय गुप्ता,अजहर खान,संजीत मंडल,आबिद अंसारी,विक्की कुमार राम,अजय कुमार वर्मा इंद्रजीत सिंह,रवि हाड़ी,अवध किशोर पासवान इत्यादि शामिल थे।

## चिन्मय , बोकारो को प्रतिष्ठित एन.ए.बी.ई.टी की मान्यता मिली

### झारखंड का एक मात्र चिन्मया विद्यालय एन. ए. बी.ई.टी से प्रमाणित

उज्जवल दुनिया

बोकारो : चिन्मय विद्यालय, बोकारो को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि उसे ठअइएळ (राष्ट्रीय शिक्षा और प्रशिक्षण प्रत्यायन बोर्ड) मान्यता प्राप्त हुई है, जो इस प्रतिष्ठित प्रमाणन को प्राप्त करने वाला झारखंड का पहला विद्यालय बन गया है। यह ऐतिहासिक मान्यता गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुकरणीय मानकों के प्रति विद्यालय की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। एन. ए. बी.ई.टी (ठअइएळ) भारतीय गुणवत्ता परिषद दउक की एक शाखा है, जो भारत सरकार के तत्वावधान में काम करती है, जो राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्ता मानकों को स्थापित करने और बनाए रखने के लिए समर्पित है। ठअइएळ से मान्यता, चिन्मय विद्यालय के उच्च शैक्षिक और परिचालन मानकों के पालन का एक शक्तिशाली समर्थन है, जो माता-पिता को यह आश्वासन प्रदान करता है कि उनके बच्चे सुरक्षित, सक्षम और पालन-पोषण करने वाले हाथों में हैं।

चिन्मय विद्यालय, बोकारो के प्रधानाचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि एन. ए. बी.ई.टी (ठअइएळ) द्वारा हमारी मान्यता चिन्मय विद्यालय, बोकारो के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।ह्व यह मान्यता शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए हमारे अथक प्रयास और हमारे छात्रों के लिए एक सुरक्षित, सहायक और उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह सम्मान प्राप्त करने वाले झारखंड के पहले स्कूल होने पर हमें बेहद गर्व है।

चिन्मय विद्यालय, बोकारो का शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति समर्पण जेईई और नीट जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में इसके छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से और भी स्पष्ट होता है।

शिक्षा के प्रति स्कूल का समग्र दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि छात्र न केवल अकादमिक रूप से उत्कृष्ट हों, बल्कि 21वीं सदी में सफलता के लिए आवश्यक आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान और नेतृत्व कौशल भी विकसित करें। एन. ए. बी.ई.टी (ठअइएळ) मान्यता, स्कूल के मजबूत बुनियादी ढांचे, नवीन शिक्षण पद्धतियों और निरंतर सुधार प्रक्रियाओं का प्रमाण है। यह कठोर राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने वाला शैक्षिक अनुभव प्रदान करने और छात्रों को उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक प्रयासों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए तैयार करने की स्कूल की क्षमता को उजागर करता है। चिन्मय विद्यालय, बोकारो उत्कृष्टता की ओर अपनी यात्रा जारी रखते हुए, उन मूल्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनके कारण इसे यह प्रतिष्ठित मान्यता मिली है।

विद्यालय शैक्षिक नवाचार, छात्र-केंद्रित शिक्षा और समग्र विकास के लिए प्रयास करना जारी रखेगा, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह झारखंड और उसके बाहर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रतीक बना रहे।

प्रेस को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि एन. ए. बी.ई.टी (ठअइएळ) से प्रमाणन प्राप्त करने में, विद्यालय के 47 वर्षों का शिक्षा एवं समाज के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान, विश्वरुप मुखोपध्याय (अध्यक्ष, चिन्मय विद्यालय, प्रबंधन समिति) का दर्शन एवं दिव्यदर्शन, महेश त्रिपाठी (सचिव) का सहयोग, सुप्रिया चौधरी (प्रभारी, मानव संसाधन विभाग) का वर्षों का अथक परिक्षम एवं परमपूज्य गुरुदेव स्वामी स्वामी चिन्मयानंदा महाराज के दिव्य आशीर्वाद का महत्वपूण्ज्ञ योगदान रहा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में विद्यालय के सभी शिक्षकय एवं शिक्षकेतर कर्मियों का हमेशा संरचनात्मक योगदान मिला है।

इस महान उपलब्धि में इन सभी के योगदान के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं बधाई।प्रेसवार्ता में प्राचार्य सूरज शर्मा के अतिरिक्त स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती, विश्वरुप मुखोपध्याय, महेश त्रिपाठी, आर एन मल्लिक, उप-प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार एवं सुप्रिया चौधरी मौजूद थीं। इन महाविभूतियों ने प्राचार्य सूरज शर्मा के नेतृत्व की सरहाना करते हुए उन्हें बधाई दिया और आशा जताई कि विद्यालय इनके नेतृत्व में और भी नयी-नयी ऊँचाई को छूएगा.

## मायुमं धनबाद कोयलांचल शाखा के रक्तदान शिविर में 43 यूनिट रक्त संग्रहित

- युवाओं का बढ़ चढ़ कर रक्तदान करना मानव सेवा का एक सुखद संकेतः विकाश पटवारी

उज्जवल दुनिया

धनबादःअखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच धनबाद कोयलांचल शाखा द्वारा विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर राष्ट्र द्वारा रक्तदान के 15 दिवसीय कार्यक्रम के तहत श्रीनिवास ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया

गया।कार्यक्रम का उद्घाटन धनबाद भाजपा के जिला महामंत्री नितिन भट्ट और झारखंड प्रांत के पूर्व उपाध्यक्ष ललित अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रतिपाल सिंह,लक्ष्मीकांत चावड़ा,धनबाद बैंक मोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव लोकेश पोद्दार, झारखंड प्रांत के सहायक मंत्री विकास पटवारी को पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर इनका अभिवादन किया गया। विकास पटवारी ने कहा समय समय पर रक्तदान करे, लोगों की जिंदगियां बचाएं इससे बड़ा मानव सेवा पृथ्वी पर और नहीं। कहा इस रक्तदान शिविर में पहली बार रक्तदान करने के लिये भी कई युवाओं ने बढ़ चढ़ का हिस्सा लिया जो मानव सेवा का एक सुखद संकेत है। शिविर में श्रीनिवाशन ब्लड बैंक की टीम ने भरपूर साथ दिया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक प्रिंस कथुरिया और ललित अग्रवाल अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, उपाध्यक्ष शिव शंकर चौधरी,सचिव सुनीता अग्रवाल,मंच सदस्य अंकित कथूरिया,संजय पटवारी,विष्णु भीमसरिया,राहुल मजरिया,चंद्रप्रकाश अग्रवाल ओर मंच के अन्य सदस्य समेत कई सामाजिक गणमान्य भी उपस्थित हुए।

## रामकनाली कोलियरी में बीसीसीएल प्रबंधन ने किया मॉक ड्रिल

- मॉक ड्रिल में जुटे बीसीसीएल प्रबंधन,डीजीएमस,रेस्क्यू टीम,सीआईएसएफ और पुलिस

उज्जवल दुनिया

कतरास.बीसीसीएल कतरास क्षेत्र संख्या 4 अंतर्गत रामकनाली कोलियरी के एकेडब्लूएमसी 2 सिम इंक्लाइंट 42 नंबर पीट में माॅक ड्रिल किया गया. मॉक ड्रिल पर बीसीसीएल अधिकारी,डीजीएमस, रेस्क्यू टीम, धनसार,मधुबन रेस्क्यू टीम, सीआईएसएफ,यूनियन प्रतिनिधि,रामकनाली पुलिस शामिल हुए. मॉक ड्रिल के माध्यम से खदानों में होने वाले अचानक दुर्घटना से कैसे निपटा जाए, इसलिए समय-समय पर मॉक ड्रिल किया जाता है. महाप्रबंधक जेएस महापात्रा ने बताया कि कोलियरी में कार्यरत कर्मियों की जान माल की सुरक्षा करना बीसीसीएल प्रबंधन की जिम्मेवारी है. अचानक दुर्घटना होने पर कैसे निपटा जाए इसलिए समय-समय पर मॉक ड्रिल किया जाता है. मॉक ड्रिल एक प्रकार का प्रशिक्षण है. डीजीएमएस के निदेशक अनिल दास ने बताया कि कोयला खदानों में अचानक पानी भर जाए या कोई दुर्घटना हो जाए तो उसे कैसे निपटा जाए इसी के लिए समय-समय पर मॉक ड्रिल कराया जाता है.

मौके पर डीजीएमएस के निदेशक अनिल दास, उपनिदेशक जावेद आलम, माइंस रेस्क्यू टीम धनसार के अशोक राम, राजेश कुमार, महाप्रबंधक जेएस महापात्रा, अपर महाप्रबंधक यूके सिंह, परियोजना पदाधिकारी सत्येंद्र सिंह, प्रबंधक संजय सिंह,क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक रामानुज प्रसाद, कार्मिक प्रबंधक राणा एसके सिंह, सहायक प्रबंधक कार्मिक विवेक खरियार,क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी नीतीश कुमार,डॉअमरेश कुमार, सीआईएफ के सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार शर्मा, नागदेव यादव क्षेत्रीय सलाहकार समिति के छोटू सिंह, हरेंद्र सिंह, उमेश शर्मा आदि शामिल थे.

## वर्ल्ड ब्लड डोनर्स डे

# अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा ने आयोजित किया ब्लड डोनेशन कैंप

- रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं:राज सिन्हा
- 50 यूनिट ब्लड संग्रहित

उज्जवल दुनिया

धनबादःअखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा धनबाद जिला कमेटी ने शुक्रवार को वर्ल्ड ब्लड डोनर्स डे के उपलक्ष्य में उर्मिला टावर बैंक मोड़ में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन कंप्यूटर एसोसिएशन ऑफ धनबाद द्वारा किया गया। मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा सर्वप्रथम मैं सब रक्तदाताओं का अभिनंदन करता हूं कि उन्होंने विश्व रक्त विश्व रक्तदान दिवस पर बहुमूल्य रक्तदान का बहुत ही महत्वपूर्ण काम किया है। रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है मानवता की सेवा के लिए कोई अगर रक्तदान करता है तो समझिए एक जिंदगी बचा रहा है।रक्त का कोई अल्टरनेटिव उपाय नहीं है कि कहीं बनता है। रक्तदान से ही लोगों को रक्त मिलेगा इसलिए रक्तदान सभी को करना चाहिए साथ ही यह स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से लाभदायक भी है।संयोजक विशाल गुप्ता ने कहा अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा कमेटी धनबाद और कंप्यूटर एसोसिएशन ऑफ धनबाद विभिन्न मौके पर धनबादवासियों के लिए सामाजिक दायित्व के तहत तत्परता से मानव सेवा कार्य करने के लिए मजबूती से एकजुट होकर खड़ा है इसी के मद्देनजर आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें वैश्य सभा और कंप्यूटर एसोसिएशन के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर 50 यूनिट जीवन रक्षक रक्त को एकत्रित कर आपातकालीन मरीजों के लिए कैंप में सेवा दे रहे एसएनएमएमसीएच रक्त विभाग के संबंधित कर्मचारियों को सोपा गया। सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट का एप्रिशिएशन देकर सम्मानित किया गया। ब्लड डोनेशन कैंप में विशाल गुप्ता, शशि प्रकाश, कैलाश गुप्ता,गोपाल भट्टाचार्य संतोष सिंह, विकास गुप्ता,मुकेश कुमार गुप्ता,अभय कुमार सिन्हा, सुदेश कुमार भरत दत्ता सनातन विश्वास, मोहम्मद बारीक, डॉक्टर कामता प्रसाद संयुक्त अन्य सदस्य ब्लड डोनेशन कैंप को सफल बनाने में सक्रिय थे।

## सेल कर्मचारियो का साथ सेल प्रबंधन द्वारा किए जा रहे भेदभाव पर संज्ञान ले इस्पात मंत्री : बीएकेएस, बोकारो

उज्जवल दुनिया

बोकारो : बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने बोकारो इस्पात संयंत्र सहित सेल की सभी यूनिटो मे सेल कर्मियो का साथ भेदभाव किए जाने पर संघ के महासचिव दिलीप कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय इस्पात मंत्री को शिकायत पत्र भेजा है ।उक्त पत्र की प्रतिलिपि केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री , धनबाद (बोकारो, चासनाला कोलियरी) , दुर्ग, सुँदरगढ़(राउरकेला) , आसनसोल, वर्द्दमान/दुगार्पुर , सिंहभूम (किरुबूरु /मेघाताबूरु/चिड़िया/गुआ) , सेलम, शिवमग्गा , विशाखापत्तनम से नवनिर्वाचित सांसदगणो को भी पत्र भेजा है ।उपरोक्त सभी यूनिट मे लगभग 47000 गैर कार्यपालक कर्मचारी कार्यरत है ।

स्टील पीएसयू मे कार्यरत गैर कार्यपालक कर्मचारियो का मामलो का निपटारा करने का लिए एनजेसीएस का गठन किया गया है । जिसमे शामिल 25 यूनियन नेताओ मे से 20 नेता गैर निर्वाचित तथा वर्षो से कर्मचारी प्रतिनिधि बने हुए है । इन यूनियन नेताओ को प्रभावित कर सेल प्रबंधन द्वारा , गैर कार्यपालक कर्मचारियो का मुद्दो को कई दशक से अटकाया जा रहा है जो कि निम्नलिखित बिंदुओ का अध्ययन कर समझा जा सकता है

(1) अधूरा वेज रीविजन – 21–22 अक्टूबर 2021 को एनजेसीएस संविधान का उल्लंघन कर तथा गैर निर्वाचित नेताओ की सहायता से वेज रीविजन का सिर्फ एमओयू किया गया तथा सेल की इतिहास मे पहली बार बगैर एमओए किए ही वेतन समझौता को प्रभावी बना दिया गया । जिसके कारण सेल गैर कार्यपालक कर्मचारियो को , सेल अधिकारी वर्ग तथा अन्य महारत्ना कंपनियो की तुलना मे 2% कम मिनिमम गारंटी बेनिफिट तथा 8.5% कम ढी१'२ पर तथाकथित समझौता का दिखावा कर भुगतान किया जा रहा है ।इसके कारण प्रत्येक सेल कर्मचारी को प्रति माह कई हजार रुपया वेतन कम बन रहा है । (2) एरियर का भुगतान नही करना – सेल गैर कार्यपालक कर्मचारियो का 39 माह का फिटमेंट एरियर तथा 58 माह का पर्क्स एरियर का भुगतान अभी तक नही किया गया है । (3) ठङ्कल्ल रइ-३४३ङ्क१८ ड्डीलीप्र३ को न तो रिवाईज्ड तथा न ही बंद सुविधाओ को शूरु किया जाना – आवास लोन तथा वाहन लोन को 2012 से बंद किया गया है तथा फेस्टीवल एडवांश एवं छात्रवृत्ती भुगतान को 2009 से संशोधित नही किया गया है । (4) अधिकारियो का मुकाबले सुविधा देने मे भेदवाव – सेल अधिकारी वर्ग को पदनाम तथा पे स्केल अपग्रेडेशन मे महारत्ना स्टेटस का अनुसार एक ग्रेड अधिक का लाभ दिया जा रहा है जबकि गैर कार्यपालक कर्मचारियो को अभी पुराने नियम का अनुसार ही सुविधा दी जा रही है । सेल अधिकारी वर्ग को फर्निचर एडवांश, लैपटॉप एडवांश, मोबाईल , मोबाईल सीम तथा रिचार्ज की सुविधा दी जा रही है परंतु कर्मचारी वर्ग को इन सुविधाओ से मरहुम रखा गया है ।वही सेल अधिकारी वर्ग को कंपनी को हुए कर पूर्व लाभ का 5% ढीशङ्क१ेल्ली फी"३ी ढं८ (ढफ्ढ) का रुप मे बोनस का रुप मे वार्षिक लाभ दिया जाता है

## आठ दिवसीय सिद्ध चक्र महामंडल विधान महोत्सव का समापन किया गया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**मधुबन(गिरिडीह)**श्री दिगम्बर जैन बीसपंथी उपरैली कोठी मधुबन के प्रागंण मे चल रहे आठ दिवसीय सिद्ध चक्र महामंडल विधान महोत्सव का समापन शुक्रवार को हवन व तप-जप के परम पूज्य आचार्या विशुद्ध सागर महराज श्री के आज्ञा धारक पूज्य मुनि श्री 108 सुयोग सागर महाराज के सानिध्य मे किया गया।संस्था के प्रबंधक बीएन चौगले ने बताया की मुनिश्री का 2024 का चातुर्मास (वर्षा योग)शिखरजी बीस पंथी कोठी में त्यागी निवास में है।

मुनि श्री के द्वारा वर्षाकाल चातुर्मास करने की धोषणा करने के पश्चात आनन्द के साथ कोठी के अध्यक्ष महोदय अजय कुमार जैन, ट्रस्ट अधिकारी बंधू और प्रबंधक लोग एवं कार्य करता बंधुओ ने मिलकर श्रीफल भेंटकर आशिर्वाद प्राप्त किया ।

# सर्वाधिक रक्त दान करने में गिरिडीह जिला पूरे राज्य में प्रथम

### सर्वाधिक रक्तदान करने वालो रक्तदाताओं को किया गया सम्मानित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गिरिडीह :** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी की ओर गिरिडीह जिला को सर्वाधिक रक्तदान करने हेतु प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है। गिरिडीह जिले को सर्वाधिक रक्तदान करने में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि यह सम्मान पूरे जिला का है। सभी के सहयोग और समन्वय से गिरिडीह जिला रक्तदान करने में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसके लिए उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मियों/रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों और अन्य संबंधित कर्मियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आगे भी गिरिडीह जिला प्रशासन रक्तदान को लेकर निरंतर बेहतर कार्य करता रहेगा ताकि जिले में रक्त की कमी न हो पाएं।शुक्रवार को उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने सभी जिलेवासियों को विश्व रक्तदाता दिवस के शुभ अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी। इस दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल, गिरिडीह में अवस्थित ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की वजह से घायल या बीमारी की वजह से रक्त की कमी से जूझ रहे व्यक्ति को, रक्त मिलने से उस व्यक्ति का जीवन बच पाता है। साथ ही सभी से रक्तदान करने की अपील की और अन्य लोगों को भी प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह में रक्तदान करना चाहिए। सदर अस्पताल में कई लोगों ने रक्तदान किया। सभी को उपायुक्त ने सम्मानित किया और रक्तदान के महत्व को बताया।

इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि गिरिडीह जिले में खून की कमी से किसी की मौत न हो, जिला प्रशासन इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सदर अस्पताल में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि इस ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट से लोगों को काफी लाभ मिलेगा। इसमें ब्लड के विभिन्न कंपोनेंट प्लाज्मा, प्लेटलेट, रेड ब्लड सेल, व्हाइट ब्लड सेल को अलग कर रखा जा सकेगा। इससे रक्त संग्रह भी अधिक समय के लिए हो सकेगा। ऐसे में उपायुक्त ने जिलेवासियों से जरूरतमंदों के काम आने के लिए अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आने की भी अपील की। जिले में गर्भवती महिलाओं समेत दुर्घटना में जख्मी होने वाले व थैलीसीमिया के मरीजों को जान बचाने के लिए रक्त की आवश्यकता होती है।

ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट के माध्यम से आवश्यकता के अनुरूप व्यक्ति को उसके कंपोनेंट के अनुसार रक्त मुहैया कराया जा सकेगा। मौके पर सिविल सर्जन, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव व सदस्य समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।.

## एक-नजर

### सुनहरे व सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरीः उपायुक्त

**गिरिडीह अमित सहाय :** गिरिडीह के सर्कस मैदान में घर-घर पेड़ लगाओ अभियान का शुभारंभ उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा किया गया। जहां कई लोगों/समाजसेवी/महिलाओं के बीच पौधा का वितरण किया गया। इस दौरान उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सुनहरे व सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सभी विभागों/संस्थाओं/इंडस्ट्रीज से समन्वय स्थापित कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उपरांत पुनः मनरेगा के तहत भी बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधारोपण का कार्य शुरू किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक गांव में 35-35 पेड़ लगाने की योजना है, जिससे की हमसब एक लाख वृक्षारोपण करने में सफल होंगे।उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने में सभी के सहयोग की आवश्यकता है।

इसके लिए हम सभी को आधिकारिक संख्या में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लेना होगा। इस दौरान उपायुक्त ने सभी से अनुरोध किया कि पर्यावरण संरक्षण से ही हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण के साथ एक बेहतर भविष्य प्रदान कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि वृक्षारोपण को लेकर जिला स्तर पर भी बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर आधिकारिक संख्या में वृक्षारोपण किया जाएगा। जिसमें सभी की सहयोग की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करना हम सभी का दायित्व होना चाहिए और इस अभियान में हमें आगे बढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा इस अभियान को सफल बनाने में शामिल सभी अधिकारियों एवं संस्थाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### पोषण अभियान के प्रमुख घटक की उन्मुखीकरण सह समीक्षा बैठक संपन्न

**गिरिडीह :** जिलों के 2431 आंगनवाड़ी केंद्रों में आईसीडीसी सेवाओं को मजबूत करने के लिए पोषण अभियान के प्रमुख घटक की उन्मुखीकरण सह समीक्षा किया गया। इस समीक्षा की अध्यक्षता जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, श्रीमती स्नेह कश्यप ने जिला मीटिंग हॉल में की है। सभी 52 महिला पर्यवेक्षकों बौर 4 पोषण अभियान के प्रखंड समन्वयक ने इस उन्मुखीकरण सह समीक्षा में भाग लिया और सक्रिय रूप से समीक्षा की।

15 से 22 तक होने वाले वृद्धि निगरानी सप्ताह के बारे में भी बताया गया और 100त्न बच्चो की वजन और लम्बाई / हाइट लेकर पोषण ट्रैकर में एन्ट्री करने की सलाह भी दी गये / बच्चो की वजन लेने का महत्व और आबश्यकता में बारे में जन जागृति कार्यक्रम आयोजन केलिए जोर दिया गया।

समाज कल्याण निदेशालय रांची, एन.एच.एम रांची, और एन.ई.जी.डी की एक टीम ने पोषण ट्रैकर पर तकनीकी सत्रों की विस्तार रूप से बताएं। पोषण ट्रैकर पर बुनियादी ढांचे के सही डाटा एन्ट्री को पूरा करने, विकास की निगरानी, समुदाय- आधारित गतिविधि की सही संचालन और रिपोर्ट कैसे करें, गृहभ्रमण के दौरान परामर्श सेवा, ए.एन.सी सेवाओं में सुधार के साथ-साथ वजन बढ़ाने पर ध्यान देने के साथ मातृ पोषण पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान राज्य संचालित समर कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई और समर एप्लीकेशन की भी उन्मुखीकरण किया गया। जून 2024 के अंत तक प्रमुख संकेतकों में सुधार करने के निर्देश दिए जाएंगे। सबित्रीबाई पुले किशोरी समृद्धि योजना और आईसीडी सेवाओं के लिए क्षेत्रवार लक्ष्य दिया गया। कल सेविका और पर्यवेक्षकों को हैण्ड होल्डिंग सहयोग प्रदान करने के लिए परियोजनाओं और आंगनवाड़ी केंद्रों का दौरा किया जाने का योजना है।

### गिरिडीह सांसद एनडीए व आजसू पार्टी के सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी का नागरिक अभिनंदन आज

**मधुबन(गिरिडीह)**मधुबन गेस्ट हाउस के प्रागंण मे शनिवार को गिरिडीह सांसद एनडीए व आजसू पार्टी के सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी का नागरिक अभिनंदन भाजपा व आजसू पार्टी की ओर से रखा गया है।जिसमे भारतीय जनता पार्टी पीरटां में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य,जिला पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य प्रखण्ड पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य,पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष, सभी मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य ,सभी शक्तिकेंद्र के संयोजक तथा सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ वरिष्ठ कनिष्ठ सभी पुराने नए सक्रिय कार्यकर्ताओं को सादर सूचित किया गया है।यह जानकारी पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार सिंह व प्रखंड महामंत्री अरविन्द वर्णवाल ने संयुक्त रूप से दिया।

### पुलिस को मिली बडी सफलता चंद घण्टो में ही अपहरणकर्ताओं के चंगुल से युवक को सकुशल बरामद किया

**बिरनी/गिरिडीह :** शुक्रवार को देवरी ओर भरकट्ठा पुलिस की संयुक्त कार्यवाई से देवरी प्रखंड के मनिकडीहा गांव निवासी लक्ष्मण दास के पुत्र पवन कुमार जो मेडिकल का संचालन करता है।पुलिस ने बिरनी के पेशम से सकुशल बरामद कर लिया है।बताते चले कि यह घटना शुक्रवार दस बजे रात की है अपराधियो ने युवक को बिहार के सरन ओर चतरो के बीच से अपहरण कर लिया था।इसके बदले में युवक के पिता से अपहरणकर्ताओं ने फिरौती के रूप में 30 लाख रुपये की मांग किया था।गिरिडीह पुलिस कप्तान ने पूरे जिले के पुलिश को एक्टिव मो में कर जिले के सभी मार्ग पर नाकेबंदी कर दिया।देवरी थाना प्रभारी सोनू कुमार साहू ने एसपी के निर्देश का पालन किया व जिले के विभिन्न मार्गों पर छापेमारी किया ।इसके बाद युवक को बिरनी के पेशम से बरामद कर लिया गया है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अपहरणकर्ताओं को भी पुलिस ने दबोच लिया है।इस कार्य मे बिरनी पुलिस का भी सराहनीय कार्य रहा है।

# मिलावटखोरों के विरूद्ध छापेमारी अभियान जल्द

### लोगों व बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं

**डुमरी**-डुमरी अनुमंडल क्षेत्र में शीघ्र ही मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई हेतु छापेमारी अभियान चलाया जाएगा।उक्त बातें शुक्रवार को एसडीएम मो.शहजाद परवेज एवं एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने संयुक्त रूप से मीडियाकर्मियों से बातचीत में कही।अधिकारियों ने कहा कि लोगों व बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी और जो मिलावट के खाद्य सामग्री बनाने के धंधे में शामिल है उसके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।कहा कि बिना निबंधन और एफएसएसआई मानक के क्षेत्र में ब्रांडेड कंपनियों के नाम एवं पैकेटिंग रंग से मिलता हुआ होने व मिलावटी मसाले की पैकेजिंग कर बाजार में बिक्री करन की भी सूचना मिल रही है जिसके विरूद्ध भी छापेमारी अभियान चलाया जाएगा साथ ही ऐसे गैरकानूनी धंधे में शामिल लोगों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी क्योंकि एफएसएसआई मानक के विरूद्ध खाद्य पदार्थ का निर्माण करना व बिक्री करना गैरकानूनी है।

बच्चों के पंसदीदा फुड पैकेट निर्माण किये जाने की सूचना लगातार विभिन्न स्त्रोतों से मिल रही है वहीं निम्न स्तरीय मिठाई निर्माण

# चार माह से मानदेय नहीं मिला ,उसे दिलाने की दिशा में सार्थक पहल करने का किया आग्रह

**डुमरी**-प्रखंड के दर्जनों रसोईया शुक्रवार को भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार से मिल चार माह से मानदेय नहीं मिलने से होने वाले परेशानियों से अवगत कराते हुए मानदेय दिलाने के दिशा में सार्थक पहल करने का आग्रह किया।रसोईयों ने भाजपा नेता से कहा कि हम लोग साल भर में 12 महीना काम करते हैं परंतु 8 से 10 महीना का ही 2000 महीने मानदेय मिलती है वह भी मानदेय पिछले 4 महीना से नहीं मिली है जिससे हमारे घर परिवार चलाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है,भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार ने रसोईया महिलाओं को बातों को सुनने के बाद बीडीओ से बात कर बकाया मानदेय तत्काल भुगतान करने का आग्रह किया।इस दौरान भाजपा नेता ने कहा कि अजीब है सरकार की दोहरी नीति,एक ही विद्यालय में सरकारी शिक्षक और रसोईया कार्यरत है,जितने दिन सरकारी शिक्षक विद्यालय जाते हैं उतने दिन रसोईया विद्यालय पहुंचती है परंतु 12 महीना शिक्षकों को वेतन दी जाती है और रसोईया को 2 से 4 महीना काट कर मानदेय दी जाती है इतना ही नहीं अभी के महंगाई के समय में दो हजार महीना से रसोईया का घर चले यह भी संभव नहीं है सरकार को इस पर पहल करनी चाहिए और रसोईया को सम्मान जनक मानदेय के साथ-साथ साल भर में 12 माह का पूर्ण रूपेण मानदेय मिलनी चाहिए,इस दौरान मालती देवी रीना देवी दुलारी देवी कलावती देवी फुल कुमारी देवी ठाकुरी देवी टूकनी देवी कुलसुम बीवी शाहिदा खातून संजलि देवी चसिया देवी दुलारी देवी चिंता देवी लीलावती देवी शान्ति देवी कौशल्या देवी सावित्री देवी सहित दर्जनों रसोईया उपस्थित थी।.

## सडक निर्माण कार्य मे भारी गडबडी संवेदक सड़क के ऊपर से कर दिया लिपा पोती

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बिरनी/गिरिडीह :** बिरनी प्रखंड क्षेत्र के सलेडीह से चिरुडीह गाँव में पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है।।जिसमें भारी गड़बड़ी देखने को मिल रहा है।।लेकिन इस पर कोई जनप्रतिनिधि और ना ही कोई पार्टी दल का नेता व विभाग इस पर गंभीरता से नही ले रहे हैं। संवेदक हरकत में आकर सड़क में दरार को सीमेंट से ऊपर से ही निपा पोती कर दिया गया है।। तस्वीरों में साफ देख सकते हैं।।

दो दिन पहले पीसीसी का निर्माण में सड़क फट गई थी,तुरंत संवेदक हरकत में और जैसे तैस सच्चाई के छुपाने के लिए ऊपर से ही सीमेंट से लेप दिया गया,इतना ही नहीं का निर्माण में कई बार कनीय अभियंता के पास कई बार संज्ञान में दिया गया लेकिन नजरअंदाज करते हुए काम को जारी रखा है। किसी तरह का जांच किया गया ना ही किसी तरह का कार्रवाई की जा रही है।।जैसे तैसे सड़क निर्माण में मटेरियल मिला करके सड़क तेजी से बनाया जा रहा है।। इतना ही नहीं सड़क के किनारे 8 इंच की ढलाई किया जा रहा है। लेकिन बीच में 6 इंच का ही किया जा रहा है। देर रात को संवेदक के निर्देश पर मुंशी ने लेबर से फटे हुए सड़क पर सीमेंट का घोल डालकर निपा पोती कर दिया है।।ताकि किसी को पता ना चलिए।।इसके बाद आज सबूत मिटाने के लिए मुंशी ने अपनी चालाकी दिखायाहै।।।बरहाल मामला जो भी है जाँच का विषय है।।.

# शांति समिति की बैठक संपन्न

### किसी भी हालत में प्रतिबंधित पशु का बलि नही करना है

**डुमरी**-बकरीद शांति एवं सौहार्द के साथ से मनाने को ले शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय सभागार डुमरी में शांति समिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता डुमरीएसडीएम मोहम्मद शहजाद परवेज व संचालन सीओ शशिभूषण वर्मा ने किया।बैठक में अनुमण्डल क्षेत्र के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित हुए।बैठक में बकरीद को शांतिपूर्ण और सौहार्द के साथ मनाने पर चर्चा की गयी साथ ही किसी भी अफवाह पर ध्यान नही देने की अपील की।कहा कि त्योहार लोगों को आपस में जोड़ने का काम करता है इसलिए त्योहार किसी भी धर्म सम्प्रदाय का हो उसे आपसी मेल मिलाप और शांति के साथ मनावें।अधिकारियों ने कहा कि किसी भी हालत में प्रतिबंधित पशु का बलि नही करना है साथ ही जिस पशु का बलि देना है उसका अपशिष्ट को गड्ढा खोदकर अच्छे से दबा देना है जबकि पशु की बलि खुले में व सार्वजनिक स्थानों पर बलि नही करना है।कहा कि बकरीद के दौरान पुलिस प्रशासन तरह से मुस्तैद रहेगी।अफवाह फैलाने वालों एवं सौहार्द बिगाड़ने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।वहीं कांग्रेस के वरीय नेता महेश भगत नेकहा कि प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में गरीबों का कोई काम नहीं होता है जबकि शराब का अवैध चुलाई डुमरी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बेरोकटोक किया जा रहा है।बैठक में एसडीपीओ सुमित प्रसाद बीडीओ डुमरी अन्वेषा ओना सीओ सह बीडीओ पीरटांड़ मनोज मरांडी प्रमुख डुमरी उषा देवी उपप्रमुख उपेन्द्र महतो प्रमुख पीरटांड़ सविता टुडु उपप्रमुख महेन्द्र महतो पूर्व प्रमुख यशोदा देवी जिप सदस्य धनंजय प्रसाद झामुमो नेता बरकत अली,राजकुमार पांडेय

भाजपा नेता निर्मल जायसवाल,डालोराम महतो पूर्व पंसस विवेक कुमार मुखिया खेमलाल महतो,असलम अंसारी पूर्व जिप अध्यक्ष राकेश महतो,सुरेन्द्र महतो, रोहित मंडल,जनार्दन यादव,मो नौशाद अंसारी, मनोज हेम्ब्रम,सोमर हेम्रम,महाबीर मुर्मू,अब्दुल क्यूम,सुमित्रा मुर्मू,जगदीश महतो,जमाल अंसारी,समसुद्दीन अंसारी युवा कांग्रेस जिला सचिव सरफराज अहमद झारखंड एकता मजदूर किसान यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो,गुड्डु मलिक पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार निमियाघाट थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह सहित अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे।..

# मुख्यमंत्री से मिली विधायक सविता महतो, किया पुल -पुलिया व 40 सडक निर्माण की मांग

**सरायकेला-** ईचागढ विधायक सविता महतो शुक्रवार को राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से रांची स्थित आवास में मुलाकात की। इस दौरान विधायक सविता महतो ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से ईचाग? विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न पुल पुलिया व 40 सड़क निर्माण को लेकर मांग पत्र सौपा। जिसमें उन्होंने चांडिल प्रखंड के बंसा (बेगनाडीह)और नरगाडीह( चालकबो )के बीच स्वर्णरेखा नदी पर पुल निर्माण, नीमडीह प्रखंड के सीमा और लावा के बीच लावा में पुल निर्माण, ईचाग प्रखंड के गा?ाडीह और चौका आदारडीह के बीच स्वर्णरेखा नदी पर पुल निर्माण, सितु पंचायत के गााडीह एवं रोह?ाडीह के बीच डोम?ा नदी पर पुल निर्माण, तुता पंचायत के शहीद स्कूल चोगा और कुईडीह के बीच सीता नाला पर पुल निर्माण, घाटिया और आमा के बीच करकरी नदी पर पुल निर्माण, सोो ग्राम हात एवं रुगी के बीच सीता नाला पर पुल निर्माण, कुक? प्रखंड के लेटमदा में बा लापांग और सम्पतडीह के बीच सोभा नदी पर पुल निर्माण, सपादा एवं तिरुलडीह के बीच सोभा नदी पर पुल निर्माण, फोदलोगोा काली मंदिर से रामग पथ में सतनाला नाला पर पुल निर्माण, एनएच 33 और जयदा मंदिर के बीच पुल निर्माण, मुसरीबेडा और चावलीवासा के बीच रांका नाला पर पुल निर्माण व चांडिल प्रखंड के रुदिया पंचायत के दालग्राम में निमाई मांझी के घर से दिनबंधु महतो के घर तक आठ सौ ीट पीसीसी, हिरमिली बंधडीह दालग्राम पुल से एन एच 33 तक 3 किमी पक्की सक,हिरमिली में विनोद मांझी के घर से महेश्वर महतो के घर तक 2 किमी, दालग्राम में मोहन दास के घर से विष्णु महतो के घर तक 1 किमी,दालग्राम में गोरा मांझी के घर से पन्ना लाल तंतुवाई के घर तक 1 किमी, दालग्राम में एन एच 32 रेलवे अंडरपास से बुलान तक 1 किमी पक्की सड़क निर्माण का मांग किया है। साथ ही विधायक ने चांडिल डैम के विस्थापितो का मुआवजा राशि भुगतान करने का भी मांग किया। मुख्यमंत्री ने विधायक को आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक के साथ विधायक के आप्त सचिव सह झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, समीर महतो भी उपस्थित थे।.

# सविता महतो बनी महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**सरायकेला-** झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया कार्य संचालन के नियम 264 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबिन्द्रनाथ महतो ने ईचागढ विधानसभा की झामुमो विधायक सविता महतो को महिला एवं बाल विकास समिति का सभापति बनाया है। झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया कार्य संचालन के नियम 264 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने वर्ष 2024 के लिए पंचम् झारखंड विधानसभा की शेष अवधि हेतु महिला एवं बाल विकास समिति का गठन किया गया है। जिसमें ईचाग? विधायक सविता महतो को सभापति, डॉ. नीरा यादव, कुशवाहा शशि भूषण मेहता, सुनीता चौधरी एवं गांडेय विधानसभा की नवनिर्वाचित विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन को सदस्य बनाया गया है। सविता महतो इस समिति के सभापति एवं सभासचिव इसके सचिव होंगे। वहीं विधायक सविता महतो को महिला एवं बाल विकास समिति के सभापति बनाए जाने पर ईचागढ विधानसभा के झामुमो कार्यकर्ता, नेताओं व शुभचिंतको ने विधायक सविता महतो को बधाई एवं शुभकामनाए दिया है। मालूम हो की इससे पहले सविता महतो झारखंड विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति ।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा में रक्तदान शिविर का सीएस ने किया उद्घाटन

बरहरवाः बरहरवा नगर पंचायत के मेन रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिले के सिविल सर्जन डॉ. अरविंद कुमार, बरहरवा सीओ संजय कुमार शुक्ला, पतना बीडीओ कुमार द्विवेष द्विवेदी, एमओआईसी डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया सहित अन्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. अरविंद कुमार ने रक्तदान शिविर के शुभारंभ के उपरांत कहा कि रक्तदान महादान है। वही जीवन में इससे बढ़कर कोई पुण्य का काम नहीं है। वही उन्होंने कहा कि रक्तदान करके ही लोगों का जीवन बचाने का काम किया जा सकता है। वही प्रत्येक लोगों को रक्तदान कर लोगों की मदद करनी चाहिए और हर व्यक्ति को इस कार्य हेतु तत्पर एवं प्रेरित करना चाहिए। इस रक्तदान शिविर में करीब 11 लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर बीपीएम दिनेश कुमार, बैम प्रताप कुमार, विजय कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहेट में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

बरहेटः 14 जुन को विश्व रक्तदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट में विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के लोगों ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने हेतु बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। जहां शिविर में कुल 16 यूनिट रक्तदान किया। इस मौके पर डॉ. संतोष सोरेन, डॉ. रवीश कुमार, डॉ. प्रत्युष कमल, चंदन कुमार, प्रमोद तुरी, प्रभा राजपाली, विकास कुमार, मीना हांसदा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## बिजली में कटौती होने से ग्रामीण परेशान

कोटालपोखरः- बरहरवा प्रखण्ड अन्तर्गत कोटालपोखर में लोगों को इन दिनों बिजली कटौती को लेकर बड़ी समस्या हो रही है जिसके कारण लोगों में निराशा देखने को मिल रही है। वहीं एक तरफ तापमान अपनी सीमाओं को पार करता जा रहा है जिस वजह से लोगों को बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही लड़के और व्यस्क लोग तो फिर भी इधर उधर घर से बाहर निकलकर राहत ले रहें हैं मगर वहीं एक तरफ औरतें तो अपना सारा दिन घर पर ही बिताती हैं जहाँ बिजली ना होने की वजह से परेशान हो रहीं हैं मगर किया भी क्या जा सकता है जब कुदरत ही मेहरबान हो तो लेकिन जो हम लोगों के वश में हो वो तो संभव हो सकता है। उधर बिजली विभाग द्वारा लगातार बिजली में कटौती की जा रही है जिसका सीधा असर लोगों में देखा जा सकता है। खासकर उनलोगों के लिए ज्यादा चिंता का विषय बना हुआ है जो गरीब वर्ग के लोग है जो अपना घर किसी तरह से चला रहें है क्यूंकि उनके पास इतने पैसे तो नहीं की वो इन्वर्टर या सोलर पैनल का उपयोग कर सके। इस मामले को जल्द संज्ञान में लेने हेतु कोई आवश्यक कदम उठाने की जरुरत अन्यथा लोगों को बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

## बकरीद पर्व को लेकर मुफस्सिल थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक आयोजित

साहिबगंजः शुक्रवार की शाम मुफस्सिल थाना परिसर में मुस्लिम समुदाय के लोगों का पर्व बकरीद को लेकर जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ किशोर तिर्की व मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि सिंह ने की। इस दौरान मुफस्सिल थाना प्रभारी ने सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण तरीके के साथ मनाए एवं किसी भी प्रकार का कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर अपलोड ना करें जिससे कि किसी के धार्मिक भावना को आहात पहुँचे। अगर इस प्रकार का कोई भी पोस्ट करता है, तो उस पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। उधर सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही हैं। साथ ही बताया कि थाना क्षेत्र में सुबह से ही पुलिस की गश्ती की जायेगी। इसके अलावा मजिस्ट्रेट की भी उपस्थिति रहेगी। वही एसडीपीओ किशोर तिर्की ने कहा कि पर्दे की आड़ में ही बलि दी जाय व कोई भी इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट ना करें और भाईचारे के साथ पर्व को मनाए। इस मौके पर मो. मोंफिज, मो. जाबीर, मो. सप्पो, कंचन मंडल, सुनील कुमार मंडल, मो. सिद्दीक, मो. शाहजहाँ काजू, शत्रुधन यादव, जीत नारायण दुबे, मो. कलीम, सुदामा मंडल मुखिया आदि उपस्थित थे।

## आग लगने से घर में रखा हुआ सारा सामान जलकर राख

बोरियोः- थाना क्षेत्र के दनवार गांव निवासी अली हुसैन के घर में गुरूवार की रात को भीषण आग लग गई जिससे घर के अंदर रखा हुआ सारा सामान जलकर राख हो गया। उधर घटना के वक्त पूरे परिवार के लोग घर के बाहर गहरी नींद में सोए हुए थे। जहां आग के कारण घर में रखा कपड़ा, बर्तन, अनाज सहित अन्य सामान एवं घर में रखा 70 हजार रुपया नगद भी जलकर राख हो गया। वही ग्रामीणों के सूझबूझ से लगभग एक घंटा बाद आग पर काबू पाया गया। इसको लेकर पीड़ित अली हुसैन ने बताया कि अंचल को आवेदन देकर मुआवजा के तौर पर आर्थिक मदद की मांग की है। उधर अंचल निरीक्षक उमेश कुमार मंडल ने पीड़ित परिवार से मिलकर आगजनी की घटना की जांच की एवं मुखिया किरण सोरेन ने पीड़ित से मिलकर हर संभव मदद देने की बात कही है।

## फेसबुक पर फेक अकाउंट बनाकर लगातार प्रतिष्ठित लोगों को किया जा रहा बदनाम, दिया थाने में आवेदन

कोटालपोखरः- जिले के कोटालपोखर थाना क्षेत्र में बीते कई महीनों से प्रतिष्ठित लोगों सहित पत्रकारों को भी फेसबुक पर फेक अकाउंट के जरिए बदनाम करना बेवजह गाली देना चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां इस मामले को लेकर फेसबुक उपभोक्ता समीम मंसूरी जो कांग्रेस के युवा पंचायत अध्यक्ष है और कोटालपोखर निवासी हैं। उनके साथ भी ये घटना समाजसेवी नामक फेक अकाउंट बनाकर मानसिक तनाव का शिकार बनाया जा रहा है। एक तरफ समीम मंसूरी का कहना है की उन्होंने इस मामले की शिकायत एक माह पूर्व कोटालपोखर थाना में की थी जहां पुलिस प्रशासन मामले की छानबीन जोरों से कर रही है।

## बांझी में ऑटो से गिरकर एक शख्स हुआ गंभीर रूप घायल, लाया गया सदर अस्पताल

साहिबगंजः बोरियो थाना क्षेत्र के बांझी में ऑटो से गिरकर एक शख्स गंभीर रूप से घायल हो गए जहां स्थानीय लोगों व परिजनों की मदद से उसे बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. फरोग हसन के द्वारा फौरन इलाज किया गया। वही घायल शख्स देव पहाड़ से ऑटो पर सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने के लिए हरिणचरा जा रहा था जहां बीच रास्ते में ही वो शराब के नशे में अत्यधिक धुत होने के कारण ऑटो से नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर घायल की पहचान जोसेफ मालतो पिता सुंदरा पहाड़िया के रूप में हुई है जिसका सदर अस्पताल में इलाज जारी है।

### दामाद की थी ससुर की तनख्वाह व घर जमाई बनकर रहने की इच्छा

## ससुर के नही मानने पर दामाद ने अपने नाबालिग दोस्त के साथ मिलकर कर दी पत्थर से कुचकर हत्या, हुआ गिरफ्तार

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः- बीते बुधवार को मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र की पुलिस को सुचना प्राप्त हुई कि थी गडरा से बसाहा जाने वाले मार्ग के बीच में पहाड़ किनारे बंद पत्थर खदान में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ स्थानीय लोगों ने देखा है। जहां ऐसी सूचना मिलने पर मिजाचौकी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई। उधर अज्ञात शव को देखने से साफ प्रतीत हो रहा था कि मृतक की हत्या पत्थर से कुचकर की गई है। उधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया एवं शव की पहचान स्थापित करने के लिए न्यूज चैनल एवं वायरलेस के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया। जहां हत्या की खबर सुनकर मृतक के परिजन मिर्जाचौकी थाना पहुँचे और शव की पहचान मंगल बास्की पिता चुन्नु बास्की साकिन भोड़ाय थाना ललमटिया जिला गोड्डा के रूप में किया गया जो ईसीएल ललमटिया में सरकारी नौकरी किया करते थे। वही परिजन के द्वारा बताया गया कि मृतक मंगल बास्की ग्राम भोड़ाय से कीर्तनिया गाँव बारात में आया हुआ था उसके बाद मृतक मंगल बास्की को बारात में रात्रि 11 बजे तक ही देखा गया था जहां उसके बाद से मृतक का कोई अता पता नहीं चल रहा था। उधर मृतक की बेटी रौशनी बास्की के बयान पर मिर्जाचौकी थाना में केस दर्ज कराई गई। उधर इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के द्वारा कांड की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जहां 24 घंटे के अंदर घटना को अंजाम देने वाले आरोपी की गिरफ्ताराई सुनिश्चित करने के लिए गठित टीम के द्वारा तकनीकी अनुसंधान के आधार पर मृतक मंगल बास्की के दामाद अनिल टुडु उम्र 20 वर्ष पिता बबलू टुडु ग्राम बसाहा, थाना मिर्जाचौकी को गिरफ्तार किया गया।

वही पूछताछ के क्रम में मृतक मंगल बास्की के दामाद अनिल टुडु ने बताया कि उसने अपने एक नाबालिग दोस्त के साथ मिलकर अपने ससुर की हत्या पत्थर से कुचकर कर दिया जहां नाबालिग दोस्त को भी निरूद्ध किया गया।

उधर गिरफ्तार अनिल टुडु के द्वारा प्रारंभिक पुछताछ में बताया गया कि मृतक मंगल बास्की के द्वारा उन्हें अपना जमाई मानने से बार बार इन्कार किया जाता था तथा ईसीएल में सरकारी नौकरी से मिलने वाले 80 हजार रुपए तनख्वाह का पैसा भी वे किसी को नहीं देते थे इसलिए उसने अपने नाबालिग दोस्त के साथ मिलकर अपने ससुर को योजना के मुताबिक हत्या कर दिया। इस दौरान पुलिस ने घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त मोटर साईकिल संख्या जेएच 18 एच 3420 हीरो पैशन प्रो, घटना कारित करते समय दामाद के द्वारा पहना गया उजले रंग का शर्ट जिसमें खून जैसा धब्बा लगा हुआ व घटनास्थल से हत्या करने में प्रयूक्त पत्थर एवं बांस का लकड़ी जिसमें खुन जैसा धब्बा लगा हुआ बरामद किया गया। इस छापामारी दल में मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार, पुअनि पवन यादव, पुअनि सुबोधन मरांडी, आरक्षी 150 ब्रजकिशोर पासवान, आरक्षी 191 बीरसिंह महतो, आरक्षी 321 घसिया हेरेंज, आरक्षी 113 अविनाश कुमार एवं आरक्षी 151 सिरका जामूदा शामिल थे। उधर इस बात की जानकारी एसडीपीओ किशोर तिर्की ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता करते हुए दी।

## बोरियो विधायक ने की प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

उज्जवल दुनिया संवाददाता

मंडरोः बोरियो विधानसभा के विधायक लोबिन हेंब्रम ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद मंडरो बीडीओ मेघनाथ उरांव के साथ साथ संबंधित विभाग के तमाम अधिकारियों के साथ शुक्रवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभाग के व्याप्त समस्याओं की जानकारी ली गई। जहां विधायक द्वारा विकास व कल्याणकारी योजनाओं की भौतिक व वित्तीय प्रगति की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश भी दिया गया।

उधर जरूरतमंदों लोगों को समय पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि जब्बार अंसारी, पंचायत सचिव सह प्रभारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सुनील दास के अलावे जेई, पंचायत सचिव, जनसेवक के साथ साथ विभिन्न पंचायत से पहुंचे जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## बरहरवा में मनरेगा योजना पर बड़े घोटाला का संकेत जांच होने पर खुलेगी कई चौकाने वाली तथ्य

नसीरुद्दीन शेख उर्फ नासिर

बरहरवाः देश की सबसे बड़ी रोजगार योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार एक्ट (मनरेगा) अब पूरी तरीके से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। जहां मनरेगा के जिम्मेदारों ने ही इस योजना में इस कदर लूट मचाई है कि सरकार की पूरी मंशा धराशाई हो गई है। ताजा मामला बरहरवा प्रखंड के मिजार्पुर पंचायत का है। इस पंचायत में मनरेगा योजना के तहत लगभग 300 से अधिक पशु शेड बना है। जहां यह योजना भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया है। दरअसल, मजीबुर रहमान, सरितुल्ला शेख सहित अन्य के जमीन पर पशु शेड का निर्माण बिचौलिया द्वारा कराया गया था लेकिन बनने के महज कुछ दिनों बाद यह भरभराकर गिर गया है

हालांकि इस हादसे में मवेशी व छोटे छोटे बच्चे बाल बाल बच गए। उधर लाभुकों ने कहा कि टुकड़ा ईट से पशु शेड का निर्माण किया गया है। साथ ही बालू के जगह डस्ट का उपयोग किया गया है जिस कारण से दीवार अलग अलग हिस्सा में टूटकर गिर गया है। इससे आप सहज ही अंदाजा लगा सकते हैं कि इस प्रकार की योजनाओं में भ्रष्टाचार किस कदर हावी है। इतना ही नहीं योजना स्थल पर शिलापट भी नहीं लगाया गया है। इसके अलावे जिसके पास एक भी मवेशी नहीं है उसे भी पशु शेड का लाभ दे दिया गया है चूंकि योजना का निर्माण बिचौलिया करते हैं और सरकारी राशि का दुरुपयोग के साथ भारी कमीशनखोरी का खेल किया करते हैं। क्या ऐसे में गरीबों व मजदूरों को आत्मनिर्भर सरकार बना पाएंगे। वहीं पंचायत के कमोबेश सिचाई कूप का हाल बदहाल हो गया है। कई सिचाई कूप टूटकर धराशाई हो गया है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि योजना टूटकर पड़ा है लेकिन लापरवाह अधिकारी को इसकी कोई खोज खबर ही नहीं है। बीते दिनों सिचाई कूप में एक मवेशी गिरने से मौत हो गया था जिसका जांच मनरेगा लोकपाल गोपी प्रसाद गुप्ता ने किया था। हालांकि जांच सिर्फ बातों में होती है। अब तक इस पंचायत के मुखिया, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, जेई, एई एवं बिचौलियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई नहीं हुई है जिस कारण इन लोगों का मनोबल और भी बढ़ गया है।

### क्या कहते हैं साहिबगंज उपायुक्त हेमंत सती



उधर इस मामले को लेकर जब उज्जवल दुनिया समाचार पत्र के बरहरवा संवाददाता ने उपायुक्त हेमंत सती से बात की तो उन्होंने कहा कि मामला अब तक उनके संज्ञान में नहीं आया है। अगर इस तरह का कोई मामला उनके संज्ञान में आता है तो निश्चित तौर पर इसमें शामिल लोगों के खिलाफ आवश्यक कानूनी करवाई की जाएगी।

### मनरेगा योजना में बड़ा घोटाला का संकेत

बररवा प्रखंड में संचालित मनरेगा योजना का निष्पक्ष जांच किया जाए तो बड़ा घोटाला सामने आ सकता है। साथ ही कई चौंकाने वाली मामला सामने आएगा। इसमें कई अधिकारियों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है। जांच होने पर कई लोग रडार में आ जाएगा। उधर योजना निर्माण से पहले बिचौलियों द्वारा तीन हजार रुपए का अवैध वसूली किया है। जिसके बाद टुकड़ा ईट और डस्ट से कार्य प्रारंभ किया। वही घटिया सामग्री का उपयोग करने से कुछ दिनों बाद योजना टूटकर गिर गया। इस प्रकार की घटनाएं न केवल सरकारी योजनाओं को असफलता बनती है बल्कि आम जनता का विश्वास भी टूटता है। पंचायत में लगभग सभी योजनाओं का निर्माण बालू के जगह डस्ट से किया गया है जिसमें लाभुक से तीन हजार रुपए लिया गया है। उधर महज कुछ दिनों बाद पशु शेड भरभराकर गिर गया। इसके पास में खेल रहे छोटे छोटे बच्चे बच गए। ऐसे सरकारी राशि का दुरुपयोग करने वाले लोगों के खिलाफ विभाग को सख्त कार्रवाई करना चाहिए।

## सड़क निर्माण कार्य में लगा मशीन की चपेट में आने से महिला व बच्चा हुआ गंभीर रूप से घायल

उज्जवल दुनिया संवाददाता

मंडरोः मिजाचौकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भगैया गड़रा मुख्य सड़क के बीच बिशनपुर के पास एक ऑटो पर सवार एक महिला और बच्चा सड़क निर्माण कार्य में लगाया गया बोमेट मशीन के चपेट में आ जाने से एक आदिवासी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वही उसके एक मासूम पुत्र को भी मामूली चोटे आई है। हालांकि घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उपचार के लिए भगैया में एक निजी क्लीनिक पहुंचाया गया जहां उसे प्रथम उपचार के बाद बेहतर इलाज का सलाह दिया गया। वही घायल महिला की पहचान बसहा पंचायत के कानाडीह गांव निवासी जंजी हेंब्रम के रूप में हुई है। बताते चले की उक्त घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को मिलते ही मिजाचौकी थाना पुलिस अधिकारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की पूरी जानकारी ली। खबर लिखे जाने तक देर शाम तक पुलिस मामले की जांच कर रही थी।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उधवा में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

उधवाः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उधवा में 14 जुन को विश्व रक्तदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उधवा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे उधवा प्रखंड के कर्मचारी सहित क्षेत्र के लोगों ने शिविर को सफल बनाने हेतु बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया एवं रक्तदान किया। जहां शिविर में कुल 23 यूनिट रक्तदान किया गया। इस दौरान उधवा प्रखंड कार्यालय से राम लखन राम, गगन बापू, बाबूधन हेंब्रम, शिवराम मुर्मू, प्रदीप हांसदा, जनकदेव जी, सत्य नारायण, राहुल पासवान, बलराम दास, अनवारूल अंसारी, सद्दाम हुसैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि सह समाजसेवी मसिउर रहमान, महबूब शेख, जयकुमार मंडल, विश्वजीत उपस्थित थे।

## बरहेट संथाली बाबुपुर टोला में नवविवाहिता युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहेटः थाना क्षेत्र के बरहेट संथाली बाबुपुर टोला निवासी नवविवाहिता युवती मरियम बीबी 19 वर्ष पति अब्बास अंसारी ने अपने ससुराल में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लेने का मामला सामने आया है। जहां नवविवाहिता युवती कोटालपोखर थाना क्षेत्र के भेरवाबांध गांव की रहने वाली बताई जा रही है। वही उसकी शादी चार माह पूर्व बरहेट थाना क्षेत्र के बरहेट संथाली बाबुपुर टोला निवासी अब्बास अंसारी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी। वही नवविवाहिता युवती के पति अब्बास अंसारी शादी के तीन माह बाद ही मजदूरी करने के लिए कोलकाता में पाव रोटी कारखाना में काम करने चला गया था जहां युवती अपने ससुराल में ही रह रही थी। वही बीती रात को ही उसने अपने पति अब्बास अंसारी व अपने मायके वालों से फोन पर बातकर सोने के लिए चली गई थी। उधर इस घटना को लेकर मृतका नवविवाहिता युवती के परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज मांग को लेकर लगातार उसे प्रताड़ित कर रहे थे जहां हर रोज उसकी बेटी को दहेज को लेकर दबाव दिया जाता था। वही लड़के को शादी के समय मोटरसाइकिल, जेवर तथा पैसे भी दिए थे फिर भी दहेज की ससुराल पक्ष के लोग लगातार किया करते थे। उधर बीते रात को भी दहेज मांगने के बारे में फोन से जानकारी दी लेकिन फांसी लगाकर जान देने की घटना करने को लेकर उसने कोई जिक्र नहीं किया था लेकिन सुबह उसकी बेटी फंदे में लटकते हुए घटना की जानकारी मिली। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद नवविवाहिता युवती के परिजन थाना पहुंचकर घटना की पूरी जानकारी ली। वही लड़की के परिजनों ने लड़के के पिता, भाई पर हत्या करने का आरोप लगाया है। उधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया। जहां सदर अस्पताल में मेडिकल बोर्ड की टीम में शामिल चिकित्सक महिला डॉ. श्रेजा कृष्णा, डॉ. केशव कृष्णा व डॉ. विवेकानंद मंडल ने शव का पोस्टमार्टम किया। इस संबंध में बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है पुलिस पूरे मामले की जानकारी से छानबीन कर रही है। आगे उन्होंने बताया कि इस मामले में मृतका के परिजनों के द्वारा आवेदन मिलने पर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## जहर और चट्टी जाल से मछली मार रहे दो मछुआरे गिरफ्तार

- डीएफओ के निर्देश पर लालबथानी गंगा घाट पर रात में छापामार कर की कार्रवाई
- दो नाव, जहर की शीशी, चट्टी जाल व मरी हुई मछलियां बरामद
- डीएफओ ने कहा, उक्त घाट के आसपास स्नान करने वाले पानी ना पिऐं, सतर्क रहें और प्रशासन को सूचना दें
- प्रयुक्त जहर डॉल्फिन सहित सभी जलीय जीवजंतु, फसल व मानव के लिए खतरनाक

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः जहर व चट्टी जाल से मछली मारने की गुप्त सूचना पर डीएफओ मनीष तिवारी के निर्देश पर गुरुवार की देर रात लगभग 12 बजे मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस के सहयोग से लालबथानी गंगा घाट पर छापेमारी की गई। इस दौरान बिहार के कटिहार जिला अंतर्गत मनिहारी के दो मछुआरों अरुण कुमार महतो (35) व नया टोला, मनिहारी निवासी बुलबुल सिंह (45) को दबोच लिया गया। साथ ही उनके पास से जहर की छोटी शीशी, दो नौका, चट्टी जाल व मरी हुई मछलियां भी बरामद की गई। इसको लेकर डीएफओ मनीष तिवारी ने बताया बिहार व अन्य जगहों के कुछ मछुआरों के द्वारा साहिबगंज गंगा में गुपचुप तरीके से जहर का इस्तेमाल कर मछली मारने की सूचना मिल रही थी जब पुलिस व मछुआ सोसाइटी के सहयोग से प्लान बनाकर उक्त स्थल पर छापामारी की गई तो वहां मनिहारी से 3 नाव पर दर्जनों लोग जहर का इस्तेमाल कर मछली मारते हुए पाए गए। इस दौरान 2 लोगों को दबोच लिया गया। उधर उनके दो नाव व जाल, व जहर की शीशी सहित अन्य सामान को भी जब्त कर लिए गया जबकि अंधेरे का फायदा उठाते हुए बाकी लोग भाग निकले।

वही डीएफओ ने बताया कि पकड़े गए लोगों को भारतीय वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत जेल भेजा जाएगा। वही अन्य संलिप्त लोगों का पता लगाया जा रहा है। वही डीएफओ ने बताया कि मछली मारने के लिए इस्तेमाल किया गया जहर डॉल्फिन सहित मछलियों व मानव के लिए भी जानलेवा है। इस जहर का पानी से फसलों के लिए भी खतरनाक है। उक्त घाट के आसपास गंगा स्नान करने वाले पानी ना पीएं।

वहीं लोग सतर्क होकर ऐसा करने वालों पर नजर रखें और इसकी सूचना प्रशासन को दें। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर वन विभाग के फॉरेस्टर राणा रंजीत चौधरी, वन रक्षी अंकित झा, मुफस्सिल थाना कर्मी, डॉल्फिन प्रहरी अभिषेक आनंद, राजेश चौधरी, संतोष कुमार एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

## बकरीद पर्व को लेकर बरहेट थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक आयोजित

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहेटः शुक्रवार की शाम बरहेट थाना परिसर में मुस्लिम समुदाय के लोगों का बकरीद पर्व को लेकर जन प्रतिनिधि व बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। जहां शांति समिति बैठक की अध्यक्षता बीडीओ अंशु कुमार पांडे व बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार ने की। इस दौरान बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा कि बकरीद पर्व को सभी क्षेत्रवासी शांतिपूर्ण तरीके के साथ मनाए एवं किसी भी प्रकार का कोई भी आपत्तिजनक फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट ना करें जिससे की किसी के धार्मिक भावना को आहात पहुँचे। अगर इस प्रकार का कोई भी पोस्ट सोशल मीडिया पर पोस्ट करता है, तो उस पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर सीओ चोनाराम हेंब्रम, मो. एजाज अंसारी, मो. मुजीबूर रहमान, मो. मेनूल अंसारी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## महादेवगंज में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद में हुए मारपीट मामले में 2 लोग घायल

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज में बीती रात दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद में जमकर मारपीट हो गई। जहां इस मारपीट की घटना में वृद्ध महिला लौंगिया देवी सहित एक अन्य व्यक्ति शंभू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर दोनों घायलों को परिजनों की मदद से बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मोहन मुर्मू के द्वारा इलाज किया गया। वही इसको लेकर वृद्ध महिला की बहु ने दूसरे पक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके ससुर की हिस्से की जमीन जब वे लोग बेचना चाहते हैं तो पहले पक्ष के लोग उसे जमीन बेचने के लिए नहीं दे रहे हैं जबकि पहले पक्ष के लोगों को उनके हिस्से की जमीन पहले ही दे दी गई है। वही दूसरे पक्ष के घायल शंभू सिंह ने कहा कि जब वो अपने दुकान पर अपने पिता के साथ बैठा हुआ था तो उसी समय दूसरे पक्ष के एक शख्स शराब के नशे में चूर होकर आया और उसके पिता के साथ गाली गलौज करने लगा।

जहां गाली गलौज करने से मना करने पर उसके साथ लाठी डंडे व लोहे की रड से मारकर घायल कर दिया। फिलहाल दोनों ही पक्षों के लोगों ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस को लिखित आवेदन देते हुए दोषी लोगों के उपर कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

स्वामी वी.आई. एंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवम प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह,द्वारा वृंदा मीडिया प्राइवेट लिमिटेड,प्लॉट संख्या-342,344 चिरौंदी-बोरया रोड,रांची-8 झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, आरएनआई संख्या.-JHAHIN/ 2014/ 59794

# पुलिस ने अंधे कत्ल का किया खुलासा, पति-पत्नी व पुत्र ने की प्रेमिका की हत्या

**मुरैना, (एजेंसी)**। कहते हैं इश्क व मुश्क छिपाये नहीं छिपते, इनको छिपाने की कोशिश अधिकांशतः गले पड़ते ही दिखाई देती है। इसे चरितार्थ होते देखा जा रहा है जब मुरैना पुलिस ने 17 माह पुराने एक अंधे कत्ल का खुलासा किया। इसमें मृतक महिला का प्रेमी तथा उसकी पत्नी व पुत्र हत्यारे के रूप में सामने आये हैं। पति-पत्नी व पुत्र ने स्वीकार किया कि महिला की मारपीट कर दुप्पटे से गला कसकर हत्या कर दी थी। शव को झाडि?ं में फेंक दिया था। पुलिस लगातार हत्यारों की तलाश कर रही थी। अंततः दो दिवस पूर्व मुरैना से तीनों हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया। घटना के संबंध में प्राथमिक पूछताछ की जा चुकी है। वहीं विस्तृत जानकारी आरोपियों से अलग-अलग पूछताछ कर ली जायेगी।

जिले के माताबसैया थाना क्षेत्रान्तर्गत कोतवाल बांध के किनारे झाडि?ं में 1 नवम्बर 2022 को अज्ञात महिला का शव मिला। काफी मशक्कत के बाद महिला की पहचान सीमा खान पत्नी अनवर उर्फ पप्पन खान उम्र 28 साल निवासी स्टोन पार्क पुरानी छावनी ग्वालियर के रूप में हुई। मृतिका की मां करीमन, भाई वकील व आशीन खान ने सीमा खान के रूप में पहचान करते हुये बताया कि वह अपने पति पप्पन खान को छोडकर स्टोन पार्क

पुरानी छावनी ग्वालियर निवासी एक अन्य व्यक्ति के साथ रहने लगी। काफी समय तक एक साथ रहने के बाद सीमा ने उक्त व्यक्ति से शादी करने के लिये कहा, जिस पर लड़ाई झगड़ा के बाद सीमा की मारपीट कर दी। मृतिका के परिजनों ने उक्त व्यक्ति पर हत्या का संदेह व्यक्त किया। तभी से संदेही व्यक्ति की तलाश समय-समय पर की जा रही थी। दो दिवस पूर्व पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि उपरोक्त व्यक्ति मुरैना की सविता का पुरा की श्रीराम कॉलोनी में किराये से रह रहा है और मकान खाली कर कहीं और जाने की योजना बना रहा है। पुलिस ने सूचना के आधार पर संदेही को हिरासत में ले लिया। कड़ी पूछताछ के बाद स्वीकार किया कि लगभग 25 अक्टूबर 2022 को सीमा खान ने निवास पर आकर अभद्रता करते हुये चप्पल से मारपीट कर मेरी बेइज्जती कर दी। मोहल्लेवासियों के सामने हुई बेइज्जती का बदला लेने के लिये अपनी पत्नी व पुत्र के साथ योजना बनाकर 31 अक्टूबर को सीमा खान को ग्वालियर से सीधा कोतवाल बांध पर लाया, यहां तीनों ने मिलकर सीमा खान की मारपीट करते हुये पत्नी के दुप्पटे से गला दबा दिया। सीमा की मृत्यु होने पर झाडि?ं में शव फेंक दिया। तभी से वह अपना ग्वालियर स्थित मकान छोडकर इधर-उधर किराये से रह रहा था। पुलिस ने तीनों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। इन तीनों पर 5-5 हजार रुपए का इनाम पुलिस अधीक्षक द्वारा घोषित किया गया था। थाना माताबसैया प्रभारी जयपाल गुर्जर सहित उनकी टीम ने मामले का खुलासा करने में सफलता हासिल की है।

## पीएम मोदी का दौराः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी पहुंचे,तैयारियों का लिया जायजा

**वाराणसी,(एजेंसी)**। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को वाराणसी पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित वाराणसी दौरे की तैयारियों का जायजा लेने आए मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर मेंहदीगंज स्थित जनसभा स्थल पर उतरा। यहां मुख्यमंत्री ने जनसभा का निरीक्षण करने के साथ मंच की व्यवस्था को भी परखा।

मुख्यमंत्री ने कमिश्नर कौशल राज शर्मा ले अब तक हुई तैयारियों का जायजा लेने के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिया। यहां रोहनिया के पूर्व विधायक सुरेन्द्र नारायण सिंह औढ़े,भाजपा जिलाध्यक्ष एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य आदि ने मुख्यमंत्री की अगवानी की। जनसभा स्थल से मुख्यमंत्री सर्किट हाउस आएंगे

और यहां अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। रात में वे श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और काल भैरव बाबा का दर्शन-पूजन करेंगे। दौरे के दूसरे दिन शनिवार को मुख्यमंत्री वाराणसी पुलिस लाइन से लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आएंगे। लगभग पांच घंटे तक प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री मेहंदीगंज में किसानों से संवाद के पूर्व उन्हें किसान सम्मान निधि प्रदान करेंगे।

इसके बाद वायुसेना के हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन मैदान में आएंगे।

यहां से सड़क मार्ग से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन कर दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल होंगे। रात नौ बजे के बाद प्रधानमंत्री वापस नई दिल्ली लौट जाएंगे।

## रामगढ़ में तापमान 44 के पार, चुंआ से प्यास बुझा रहे कौआबेड़ा के ग्रामीण

**रामगढ़,(एजेंसी)**। जिले में पिछले 10 दिनों से तापमान 44 डिग्री सेल्सियस को पार कर रहा है। भीषण गर्मी ना सिर्फ लोगों का हलक सुखा रही है, बल्कि धरती के गर्भ को भी सुखा दिया है। ग्रामीणों को ना तो चापाकल से पानी मिल पा रहा है और ना ही कोई अन्य जल स्रोत उनके घर तक पहुंच रहा है। हालात इतने बुरे हो गए हैं कि नदी के किनारे चुंआ बना कर लोगों को प्यास बुझानी पड़ रही है।

पौ फटते ही घर के सभी सदस्य बच्चों के साथ नदी किनारे पहुंचते हैं और कई घंटे की मशक्कत के बाद वह दिनचर्या के लिए पानी का जुगाड़ कर पाते हैं। मीडियाकर्मी शुक्रवार को जब पेयजल की उपलब्धता को लेकर गांव का निरीक्षण कर रहे थे तब

रामगढ़ के कौआबेड़ा गांव के लोग, जिनमें छोटी बच्चियां भी शामिल थी, वह पानी भरने के लिए नदी किनारे चुंआ बनाती दिखीं।

**प्रशासन और जनप्रतिनिधि बने मूकदर्शक**

दामोदर नदी तट पर बसे कौआबेड़ा गांव में भीषण जल संकट में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता लोगों के गुस्सा का कारण भी बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि विधायक सुनीता चौधरी हो या जिला प्रशासन के आला अधिकारी। उनके गांव में जल संकट को दूर करने के लिए कोई नहीं आता। इस बार की गर्मी ने कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ डाला है। इसके बाद भी ना तो अधिकारियों की टीम ग्रामीणों का सुध लेने पहुंची है और ना ही जनप्रतिनिधि ही। हर बार उन्हें वोट लेने के लिए सिर्फ गांव का रास्ता दिखाई देता है। आजसू विधायक सुनीता चौधरी के बारे में ग्रामीणों ने यहां तक कह दिया कि चुनाव जीतने के बाद उनके दर्शन ही दुर्लभ हो गए हैं।

## ईडी ने पार्थ चटर्जी से जुड़ी और संपत्तियों के बारे में पता लगाया

**कोलकाता, (एजेंसी)** । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी के पास अप्रत्यक्ष या संयुक्त रूप से मौजूद कुछ और संपत्तियां बरामद की हैं। पार्थ चटर्जी वर्तमान में पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में कथित संलिप्तता के लिए न्यायिक हिरासत में हैं। सूत्रों ने बताया कि जब्त की गई संपत्तियां ग्रेटर कोलकाता के दक्षिणी बाहरी इलाके, बीरभूम जिले के बोलपुर-शांतिनिकेतन और दक्षिण 24 परगना जिले के बिष्णुपुर में फैली हुई हैं।सूत्रों ने बताया कि जब्त की गई संपत्ति की कीमत करोड़ रुपये है और जांच अधिकारियों ने स्कूल की नौकरी के मामले में गलत तरीके से अर्जित की गई आय और इन संपत्तियों की खरीद के लिए इस्तेमाल किए गए धन के बीच संबंधों का पता लगाया है। सूत्रों ने आगे बताया कि यह पहली बार नहीं है जब जांच अधिकारियों ने नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में संपत्ति जब्त की है। जांच की शुरूआत से लेकर अब तक केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों द्वारा जब्त की गई सामग्रियों में जमीन, नकदी, आभूषण और कीमती धातुएं शामिल हैं।इनमें प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों के अलावा ग्रुप सी और ग्रुप डी श्रेणियों में गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती में भ्रष्टाचार के जरिए वसूली गई राशि है।इस सप्ताह कलकत्ता उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने जांच प्रक्रिया को अंजाम देने में ईडी अधिकारियों के एक वर्ग के उदासीन रवैये पर नाराजगी जताई थी।

## मीरजापुर और बांदा के चकबंदी अधिकारी निलंबित, विभागीय जांच के आदेश

**लखनऊ, (एजेंसी)**। राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार और कार्य में लापरवाही को लेकर मीरजापुर और बांदा जिलों के चकबंदी अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। वहीं मैनपुरी जिले में भी चकबंदी से जुड़े आधा दर्जन अधिकारी और कर्मचारियों पर गाज गिरी है। प्रदेश के चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने बांदा और मीरजापुर के दोनों चंकबंदी अधिकारियों को निलंबित करते हुए इनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। मैनपुरी के अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच और कारण बताओ नोटिस जारी की गई है।

विभाग से मिली जानकारी के

मुताबिक बांदा में वित्त वर्ष 2023-24 में धारा-27 व 52 के अंतर्गत लक्षित ग्राम उमरेंहडा का कार्य पूर्ण न करने, ग्राम बहिंगा में सहायक चकबंदी अधिकारी स्तर पर सृजित चकों की त्रुटियों का निराकरण कर कार्य आगे बढ़ाने के बजाय ग्राम को सहायक चकबंदी अधिकारी स्तर पर प्रत्यावर्तित करने, सीसीएमएस पोर्टल के जरिए न्यायालय न चलाने तथा ग्राम उमरेंहडा के गाटा संख्या-1331 का रकबा बन्दोबस्त से अधिक बढ़ाने आदि अनियमितताओं के लिए चकबंदी अधिकारी राणा प्रताप को निलम्बित करते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

इसी प्रकार मीरजापुर में ग्राम नवैया की चक संख्या-950 आदि से मृतक शेषनरायन सिंह की वरासत मनमाने तौर पर बिना जांच चार बार पृथक-पृथक आदेश पारित कर पद का दुरुप्रयोग किये जाने एवं वाद संख्या-174, धारा-12 में बिना दस्तावेज का सम्यक परीक्षण और जांच के नामांतरण आदेश दिनांक पारित करने के लिए चकबंदी अधिकारी राजेन्द्र राम को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

मैनपुरी में चकबंदी अधिकारी मोहम्मद साजिद, चकबंदी कर्ता काली चरण और रविकांत, चकबंदी लेखपाल अमित कुमार और अजय कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई है। इसके अलावा मैनपुरी के ही उप संचालक चकबंदी/एडीएम एफआर रामजी मिश्र को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। इन सभी के खिलाफ कार्य में लापरवाही के आरोप हैं।

## हिसार केवल हरियाणा ही नहीं पड़ोसी राज्यों के लिए भी मेडिकल हबःबिश्नोई

**हिसार, (एजेंसी)**। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने नए सत्र से आरंभ हो रहे चिकित्सा विज्ञान से संबंधित कोर्सिज बारे एक और मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेडिंग (एमओयू) किया है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को सैद्धांतिक के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान देने के लिए भी प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय ने अपनी इसी प्रतिबद्धता के तहत महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसिज, हिसार (एमजीआईएमएस) के साथ एमओयू किया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने शुक्रवार को कहा कि हिसार हरियाणा ही नहीं, बल्कि आसपास के प्रदेशों के लिए भी मेडिकल हब है। ऐसे में यहां

के अस्पतालों में प्रशिक्षित स्टाफ की जरूरतें लगातार बनी रहती हैं। विश्वविद्यालय में इस वर्ष पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, बीएससी नर्सिंग, बीएससी मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी तथा बीएससी रेडियोथेरेपी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी नए कोर्स आरंभ किए गए हैं। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय में फामेर्सी, फिजियोथेरेपी, हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस तथा मनोविज्ञान विभागों में भी चिकित्सा से संबंधित कोर्स विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किए जा रहे हैं।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, शोधार्थी तथा शिक्षक एमजीआईएमएस की विशेषज्ञता तथा संसाधनों का लाभ ले सकेंगे। विद्यार्थी एमजीआईएमएस में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग कर सकेंगे। एमजीआईएमएस के निदेशक डा. रमेश बिश्नोई ने भी इस एमओयू को दोनों संस्थानों के लिए अत्यंत लाभदायक बताया तथा कहा कि गुजविप्रौवि के साथ एमओयू एमजीआईएमएस के लिए भी गौरव की बात है। गुजविप्रौवि की ओर से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा एमजीआईएमएस की ओर से निदेशक रमेश बिश्नोई ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

विश्वविद्यालय की ओर से गवाह के रूप में कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर तथा डीन इंटरनेशनल अफेयर्ज प्रो. नमिता सिंह ने हस्ताक्षर किए। एमजीआईएमएस की ओर से प्रशासक राकेश लांबा व समन्वयक सुमन मलिक ने गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रो. सुमित्रा सिंह, प्रो. अर्चना कपूर, प्रो. जसप्रीत कौर व डा. अंजु गुप्ता उपस्थित रहे।

## माडल स्कूल परिसर के अतिक्रमित स्थान पर निगम का चला बुलडोजर

**धमतरी, (एजेंसी)**। नगर नगर निगम धमतरी द्वारा 14 जून को सोरिद वार्ड के डिपोपारा में अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई। यहां पर स्थित माडल इंग्लिश स्कूल द्वारा दो हजार 340 स्क्वेयर फीट क्षेत्र पर अतिक्रमण किया गया था। प्रशासन से आदेश मिलने पर नगर निगम द्वारा कार्रवाई की गई।

धमतरी शहर के सोरिद वार्ड डिपोपारा में माडल इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल स्थित है। यहां पर स्कूल निर्माण के बाद से स्कूल प्रबंधन द्वारा सन 2022 से दो हजार 340 स्क्वेयर फीट क्षेत्र पर अतिक्रमण कर लिया गया। यह अतिक्रमित जमीन नगर निगम की थी। प्रशासनिक स्तर पर दो साल से प्रकरण चल रहा था। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्कूल प्रबंधन को कई बार नोटिस दी गई कि स्कूल, नगर निगम की अतिक्रमित जमीन पर अपना सामान, बिल्डिंग हटा ले। स्कूल प्रबंधन द्वारा निगम के नोटिस का जवाब नहीं दिया गया और न ही अतिक्रमित स्थान को हटाया गया। अंततः प्रशासन के निर्देश पर 14 जून को नगर निगम की टीम यहां अतिक्रमण हटाने पहुंची। यहां खेल मैदान से लगे हुए शेड व दीवार व घेरा को तोड़ा गया। इसके अलावा तालाब की ओर बनाई गई बाउंड्री वाल को भी जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़ा गया। कार्रवाई के दौरान नगर निगम की ओर से सहायक अभियंता महेंद्र सिंह जगत, कामता प्रसाद नागेंद्र, नमिता नागवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। नगर निगम के सहायक अभियंता महेंद्र सिंह जगत ने बताया कि स्कूल प्रबंधन को लगातार दो साल से अतिक्रमण हटाने कहा जा रहा था।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक की हत्या मामले में तीन के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार, (एजेंसी)**। जनपद के भगवानपुर थाना क्षेत्र में पुलिया के नीचे से बरामद हुए युवक के शव के मामले में पुलिस ने तीन नामजद लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक विवेक डाडली गांव का निवासी था। उसकी गोली मारकर हत्या की गई थी। उसका शव गांव से काफी दूर पुलिया के नीचे से बरामद किया गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

भगवानपुर थाना क्षेत्र के डाडली गांव निवासी सुखवीर ने भगवानपुर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की देर शाम डाडली गांव निवासी प्रशांत और बढेडी गांव निवासी अजय व अक्षय उनके घर आए थे। तीनों ही उनके 21 वर्षीय पुत्र विवेक को अपने साथ घूमाने के लिए लेकर गए। इसके बाद देर रात तक भी विवेक जब घर नहीं लौटा तो उन्होंने विवेक की तलाश शुरू कर दी। काफी तलाश करने के बाद भी विवेक का कुछ पता नहीं चल सका। इसी के साथ विवेक के परिजनों ने बेटे के लापता होने की जानकारी पुलिस को भी दी थी। बुधवार को दोपहर के बाद कुछ लोग जंगल में घास काटने के लिए गए थे। इसी दौरान उन्हें सिरचंदी गांव में ईदगाह के पास जंगल में एक पुलिया के नीचे विवेक का शव पड़ा हुआ दिखाई दिया। उसके गले पर गोली लगने के निशान थे।

पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर डाडली गांव निवासी प्रशांत, बढेडी गांव निवासी अजय व अक्षय कुमार को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी हुई है। इसी के साथ पुलिस ने विवेक के मोबाइल की कॉल डिटेल भी निकलवाई रही है।

एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह ने बताया कि युवक की हत्या के मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक जो जांच की गई है, उसमें कई अहम सुराग सामने आए हैं और जल्द ही इस हत्याकांड का खुलासा कर दिया जाएगा।

### नक्सलियों द्वारा लगाए गये आईईडी विस्फोट से आईटीबीपी के दो जवान घायल, इलाज जारी

**नारायणपुर, (एजेंसी)**। जिले के थाना कोहकामेटा क्षेत्र अंर्तगत ग्राम कुतूल और मोहंदी के मध्य जंगल की ओर सर्चिंग में आईटीबीपी 53वीं वाहिनी के जचन रवाना हुए थे। सर्चिंग के दौरान आज शुक्रवार सुबह लगभग 6:30 बजे ग्राम कुतुल के पास नक्सलियों द्वारा पूर्व से लगाए गये आईईडी में विस्फोट होने से स्प्लिंटर लगने से आईटीबीपी के दो जवान असिस्टेंट कामांडेंट धर्मेंद्र और आरक्षाक नारद कुमार घायल हुए हैं। घायल जवानों का उपचार नारायणपुर जिला अस्पताल में जारी है। घायल जवानों की स्थिति सामान्य एवं खतरे से बाहर है। इलाके में जवानों का सर्चिंग अभियान जारी है। इसकी पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने की है।

### सीआरपीएफ जवान का 17 महीने बाद भी पता नहीं, राजभवन के समक्ष धरने पर बैठी पत्नी

**रांची, (एजेंसी)**। सीआरपीएफ 197 बटालियन का जवान बादल मुर्मू (35) पिछले 17 महीने से लापता है। इसकी शिकायत विभाग से भी की गयी है। इसके बाद भी उसके बारे में कोई सूचना नहीं मिलने से नाराज पत्नी झानो मुर्मू राजभवन के समक्ष शुक्रवार को अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गई। उसने कहा कि जबतक पति सकुशल नहीं मिल जाते तब तक धरना पर बैठी रहेंगी।

झानो मुर्मू ने कहा कि उसके पति बादल मुर्मु झारखंड के मूल निवासी हैं। उन्हें जनजातीय हो भाषा की जानकारी थी। वे पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) मुख्यालय में नौकरी करते थे। उन्हें नक्सली गतिविधियों की सूचना संकलित करने का काम दिया जाता था। पांच जनवरी, 2023 की सुबह सात बजे ड्यूटी के लिए निकले थे। इसके बाद से घर वापस नहीं आये। पति की तलाश में 17 महीने बीत गये लेकिन पुलिस उन्हें खोजने में विफल रही है।

झानो ने कहा कि पति की सकुशल कुशल बरामदगी के लिए वह सांसद-विधायक से भी मिल चुकी है लेकिन केवल आश्वासन ही मिलता रहा है। पति के लापता होने से पूरा परिवार सदमे में है। सदमे में उनके पिता का निधन हो गया। अब परिवार में कमाने वाला कोई नहीं बचा। उसने कहा कि बादल मुर्मू को वीरता के लिए पुलिस पदक से 19 फरवरी, 2022 को सम्मानित भी किया गया था।

### कलयुगी दादा ने पोती को बनाया हवस का शिकार, गिरफ्तार

**हरिद्वार, (एजेंसी)**। एक कलयुगी दादा ने पोती को अपनी हवस का शिकार बना डाला। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता मानसिक रूप से दिव्यांग बताई गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक जनपद के कलियर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि उनके परिवार के एक युवती मानसिक रूप से दिव्यांग है। बुधवार की देर रात उसको रिश्ते के दादा तेजपाल निवासी कलियर, हरिद्वार उसे एक घर में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान गांव के लोगों ने उसे देखकर शोर मचा दिया। लोगों को इकट्ठा होते देख आरोपित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

### मंडोर मंडी के रिकार्ड रूम में लगी भीषण आग, राजस्व रिकार्ड जला

**जोधपुर, (एजेंसी)**। शहर के राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि उपज मंडी मंडोर में शुक्रवार सुबह यहां रिकार्ड रूम में आग लग गई। आग से रिकार्ड में रखे दस्तावेज जलकर खाक हो गए। सूचना पर नागौरी गेट से दमकल की दो गाडि?ां वहां पहुंची और आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण आरंभिक तौर पर पता नहीं चला है, मगर माना जा रहा है कि आग शार्ट सर्किल से लगी होगी।

राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि उपज मंडी मंडोर में आज सुबह आग लगने की सूचना पर नागौरी गेट से दमकलों को वहां रवाना किया गया। यहां रिकार्ड रूम में धुंआ निकलते देख सूचना दी गई थी। बाद में कमरे का ताला तोड़ा गया। रिकार्ड रूम में रखे भारी संख्या में दस्तावेज आग की भेंट चढ़ गए। फायरमैनों ने घंटे भर की मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

### खड़े पानी के टैंकर में घुसा ट्रेलर : ट्रेलर में लगी आग, चालक जिंदा जला

**जोधपुर, (एजेंसी)**। जिले के बिलाड़ा- भावी बाइपास रोड पर शुक्रवार की सुबह सडक किनारे खड़े पानी के टैंकर में पीछे से एक ट्रेलर चालक गाड़ी लेकर घुस गया। हादसे के बाद ट्रेलर में आग लग गई और उसका चालक जिंदा जल गया। हादसे की सूचना पर बिलाड़ा पुलिस वहां पहुंची। आग से ट्रेलर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। वहीं पानी टैंकर चालक भी चोटिल हुआ है जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रैफर कर दिया गया।बिलाड़ा थाने के सबइंस्पेक्टर भंवरलाल ने बताया कि भावी बिलाड़ा बाइपास रोड पर लगे पेड़ पौधों का आज सुबह एक टैंकर पानी चालक द्वारा पानी पिलाया जा रहा था। टैंकर सडक किनारे खड़ा था। तब खारिया मीठापुर से एक ट्रेलर चालक आया और वह अनियंत्रित होने के बाद खड़े पानी टैंकर में घुस गया।